


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 5 | अंक : 212 | मंगलवार, 15 सितम्बर 2026 | भाद्रपद माह, शुक्ल, पंचमी, विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 5 रुपया





# मणिपुर में तनाव: चार लोगों की हत्या से हड़कंप

## कुकी-जो काउंसिल बोली- सशस्त्र समूहों से पूर्ण संघर्ष का खतरा

**युग बन्धु समाचार**

**इंफाल.** मणिपुर में संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में चार लोगों की हत्या के बाद तनाव बढ़ गया है। कुकी-जो काउंसिल ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सशस्त्र समूहों की लगातार गतिविधियां आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बन रही हैं। परिषद ने चेतावनी दी कि यदि ऐसी गतिविधियों पर रोक नहीं लगाई गई तो मणिपुर एक बार फिर पूर्ण संघर्ष की ओर बढ़ सकता है। रविवार को तमेंगलोंग और नोनी जिलों के टोलन और लोंगपी गांवों में संदिग्ध उग्रवादियों ने हमला किया। इस घटना में चार नागरिकों की मौत हो गई, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल हैं।

कुकी-जो काउंसिल ने दावा किया कि 2026 की शुरुआत से अब तक मणिपुर में कथित तौर पर नगा सशस्त्र समूहों की गतिविधियों के कारण कुकी-जो समुदाय के 22 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। परिषद के मुताबिक, मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। परिषद ने राजनीतिक और नागरिक समाज के नेताओं पर भी निशाना साधा। उसने आरोप लगाया कि नगा-कुकी-जो हिंसा को खत्म करने के लिए सार्थक बातचीत और मेल-मिलाप की दिशा में पर्याप्त प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

कुकी-जो काउंसिल ने केंद्र सरकार से सशस्त्र समूहों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई



करने की अपील की। परिषद ने कहा कि मणिपुर में किसी भी सशस्त्र संगठन को बिना कार्रवाई के काम करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उसके अनुसार, लगातार जारी हिंसक गतिविधियां नागरिकों के लिए खतरा बढ़ा रही हैं और राज्य को फिर बड़े संघर्ष की ओर धकेल सकती हैं।

तीन कुकी विधायकों ने भी चार लोगों की हत्या की निंदा की। सैतू विधानसभा क्षेत्र के विधायक हाओखोलेट किपगेन ने कहा कि हर नागरिक को बिना डर के सम्मान के साथ जीने का अधिकार है। विधायक लेत्जामांग हाओकिप ने सुरक्षा बलों से हमले के आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने और आगे होने वाली हिंसा को रोकने की अपील की। वहीं, विधायक किमनियो हैंगशिंग ने हत्याओं को कायरतापूर्ण कृत्य बताया।

मणिपुर में मई 2023 में घाटी में रहने वाले मैतेई और पहाड़ी इलाकों के कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। इस संघर्ष में अब तक कम से कम 306 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 49 लोग लापता हैं।

# डार्क एनर्जी को लेकर वैज्ञानिकों का नया खुलासा, समय के साथ बदल रही है ब्रह्मांड की महाशक्ति

**एजेंसी न्यूज**

**नैनीताल।** हम समझते हैं कि ब्रह्मांड ऐसा ही है, जैसा हम इसे देखते हैं। मगर हकीकत में इसका संचालन करने वाली महाशक्ति का एक नाम डार्क एनर्जी है। जिसे लेकर वैज्ञानिकों का नया शोध बताता है कि समय के साथ डार्क एनर्जी में बदलाव आता है। यह स्थिर न होकर गतिशील हो सकती है।

पहले विज्ञान का नियम था कि डार्क एनर्जी ब्रह्मांड में स्थिर रहती हैं और ब्रह्मांड का संचालन विकास स्थिर रहकर करती है, लेकिन अब यह धारणा बदल सकती है। वैज्ञानिकों ने इसका खुलासा आईए सुपरनोवा विस्फोटों के जरिए किया है। आईए सुपरनोवा ब्रह्मांड में एक खास प्रकार के तारों में होने वाले विस्फोट है। वैज्ञानिकों ऐसे लगभग दो हजार सुपरनोवा का अध्ययन किया। शोध में संकेत मिले है कि डार्क एनर्जी कोई स्थिर शक्ति नहीं है, बल्कि समय के साथ इसमें बदलाव हो सकता है।

वैज्ञानिकों ने तीन दशक के टाइप-आईए सुपरनोवा के आंकड़े जुटाए। साथ ही इन आंकड़ों की तुलना बिग बैंक के दौरान बचे प्रकाश और आकाशगंगाओं के

दरअसल आईए टाइप के सुपरनोवा विस्फोटों में निकलने वाली चमक यानी रोशनी एक समान होती है। जिसके चलते वैज्ञानिकों ने एक जैसे दो हजार सुपरनोवा का डेटा एकत्र किया।



विकास से की। इस तुलनात्मक अध्ययन में पता चला कि डार्क एनर्जी स्थिर नहीं है, बल्कि समय के साथ इसमें बदलाव आ रहा है। इस अध्ययन में सुपरनोवा के प्रकाश पर अंतरिक्षीय धूल, आकाशगंगाओं के द्रव्यमान और गुरुत्वीय लेंसिंग जैसे प्रभावों को भी ध्यान में रखा।

इनके अध्ययन से ब्रह्मांड का विस्तार और आकाशगंगाओं के बीच की दूरी का पता लगाया जा सकता है। डार्क एनर्जी ब्रह्मांड का अभिन्न हिस्सा है, जो इसके विस्तार में अहम भूमिका निभाता है। डार्क एनर्जी अभी भी अदृश्य है और वैज्ञानिकों के लिए एक जटिल पहेली बनी हुई है।

## देश दुनिया

### मोहम्मद शमी के भाई पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी के भाई और रणजी खिलाड़ी मोहम्मद कैफ (अमरोहा के अलीनगर डिडौली निवासी) गंभीर आरोपों में घिर गए हैं। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आशियाना इलाके की रहने वाली एक महिला ने कैफ पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर आशियाना पुलिस ने मोहम्मद कैफ (यौन शोषण) और उनके बड़े भाई मोहम्मद हसीब (धमकाने) के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पीड़िता लखनऊ के आशियाना क्षेत्र की रहने वाली है। वह तलाकशुदा है और उसका एक बेटा भी है। पीड़िता ने बताया कि साल 2023 से 2026 के बीच वह एक एयरलाइंस में केबिन क्रू के तौर पर काम करती थी।

दोनों की पहली मुलाकात साल 2020 में गाजियाबाद में हुई थी। उस वक्त पीड़िता वहीं रहती थी और एक मित्र के माध्यम से उसकी कैफ से पहचान हुई। उस दौरान मोहम्मद कैफ कोलकाता में रणजी खेल रहे थे। दोनों के बीच दोस्ती हुई जो धीरे-धीरे आगे बढ़ी। अगस्त 2023 में कैफ ने खुद आगे आकर पीड़िता के सामने शादी का प्रस्ताव रखा था।

### बंगाल उपचुनाव में बागी टीएमसी गुट का दावा: नंदीग्राम और रेजीनगर से मुस्लिम चेहरों को उतारा

**एजेंसी न्यूज**

**कोलकाता।** ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस के बागी गुट ने सोमवार को छह अक्तूबर को होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। पूर्व मेदिनीपुर जिले की नंदीग्राम सीट से मोहम्मद एतेशामुल हक को उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि मुर्शिदाबाद की रेजीनगर सीट से सफीउद्दीन शेख चुनाव लड़ेंगे। दोनों नामों के एलान के साथ ही इन दोनों सीटों पर टीएमसी के दो गुट आमने-सामने आ गए हैं। यह मुकाबला इसलिए भी अहम है क्योंकि 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में टीएमसी की हार के बाद पार्टी में विभाजन हुआ था। इसके बाद यह बागी गुट का पहला बड़ा चुनावी मुकाबला है।

बागी गुट ने पहले कहा था कि अगर ममता बनर्जी खुद नंदीग्राम से चुनाव लड़ती हैं तो वह इस सीट पर अपना उम्मीदवार नहीं उतारेगा। अब ममता बनर्जी ने नंदीग्राम से चुनाव लड़ने का फैसला नहीं किया है। इसके बाद बागी गुट ने मोहम्मद एतेशामुल हक को मैदान में उतार दिया।

### दुर्गापूजा से पहले बंगाल में खेला होबे?: टीएमसी के बागी सांसद का दावा

**एजेंसी न्यूज**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में दुर्गापूजा से पहले एक और बड़े राजनीतिक बदलाव की चर्चा तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बागी नेता और कूचबिहार से सांसद जगदीश चंद्र बर्मा बसुनिया ने दावा किया है कि नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) के 20 में से 17 सांसद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की तैयारी में हैं। उनके मुताबिक यह बदलाव दुर्गापूजा से पहले या उसके बाद अक्तूबर में हो सकता है।

# यूपी के वकीलों को मिलेगा 5 लाख का कैशलेस इलाज

## सीएम योगी ने किए 2 बड़े ऐलान

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को प्रयागराज के दौरे पर है। इस दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में अधिवक्ताओं के लिए निर्मित चैंबरों की चाबी भी सौंपी। प्रयागराज में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी वर्ष 2025-26 की ओर से स्वागत समारोह



का आयोजन किया गया। समारोह में न्यायिक एवं विधिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोगों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं और बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया। वहीं सीएम योगी ने यूपी के वकीलों को 5 लाख तक कैशलेस इलाज की सुविधा देने का ऐलान किया। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के कार्यक्रम में सीएम योगी ने 2 और बड़े ऐलान किए।

सीएम योगी हाईकोर्ट क्रिकेट मैदान में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल हुए। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अधिवक्ताओं को चैंबर की चाबी सौंपी। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं से जुड़े विभिन्न विषयों और न्यायिक क्षेत्र से संबंधित पहलुओं पर भी चर्चा हुई है। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री शाम करीब 6:30 बजे लखनऊ लौटेंगे आएं।

### आसमान में दिखा अद्भुत नजारा : बेहद करीब आए चंद्रमा और शुक्र

**एजेंसी न्यूज**

**नैनीताल।** सोमवार की शाम को शुक्र और चंद्रमा का रोमांचक नजारा देखने को मिला। बादलों के छंटने के बाद चंद मिनटों के लिए यह खगोलीय घटना देखी जा सकी। यह ग्रहण जैसी ही घटना यानी अकल्टेशन कही जाती है, जो दक्षिण और पश्चिमी भारत में देखी गई।

सोमवार की शाम सायं करीब 6.30 बजे से इस घटना नैनीताल की वादियों से देख सकते थे, लेकिन बादलों के कारण करीब 6.40 से देखी जा सकी और कुछ मिनट बाद चंद्रमा और शुक्र ग्रह एक साथ अस्त हो गए।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डा शशिभूषण पांडे के अनुसार यह रोमांचक खगोलीय घटना थी। इस घटना में सांझ के समय चन्द्रमा करीब 12 प्रतिशत नजर आ रहा था। इसके ठीक बगल में शुक्र ग्रह अनूठी छवि के साथ मौजूद था।

यह अद्भुत खगोलीय घटना थी, जो खगोल वैज्ञानिकों के लिए समय की गणना के लिहाज से उपयोगी मानी जाती है।

## एआई को नियंत्रित करने की मांग पर ट्रंप का पलटवार: बोले-

# हमारे खिलाफ साजिश हो रही, चीन पर क्या आरोप लगाया?

**एजेंसी न्यूज**

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर नई सुरक्षा सीमाएं लगाने की मांग को सिरे से खारिज कर दिया है। ट्रंप ने कहा कि एआई के लिए अलग से सरकारी झगाडरेलह्न या नियंत्रण की जरूरत नहीं है। उनके मुताबिक, अमेरिका के पास ऐसा मजबूत और समझदार राष्ट्रपति है जो एआई के गलत इस्तेमाल को रोकने के लिए पर्याप्त है। उन्होंने एआई और डेटा सेंटरों के खिलाफ चल रही कोशिशों को एक ह्नबीमार साजिशह्न बताया और कहा कि इसका फायदा केवल चीन को हो रहा है।

ट्रंप ने सोमवार को कहा कि एआई के लिए सबसे जरूरी नियंत्रण एक मजबूत और समझदार राष्ट्रपति है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका के पास ऐसा राष्ट्रपति पर्याप्त मजबूती से मौजूद है। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है, जब एआई के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल को लेकर सुरक्षा और नियंत्रण की मांग तेज हो रही है। हाल के महीनों में कई हैकिंग घटनाओं ने भी यह चिंता बढ़ाई है कि एआई एजेंट इंसानों को धोखा देने जैसी गतिविधियों में इस्तेमाल हो सकते हैं। ट्रंप ने इन चिंताओं के




बावजूद एआई पर ज्यादा सरकारी पाबंदियों का समर्थन नहीं किया।

एआई के क्षेत्र से जुड़े कई बड़े नाम इसके विकास पर सरकारी निगरानी बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इनमें एंथ्रोपिक के डारियो अमोडेई, ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन और एलन मस्क शामिल हैं। इन लोगों की चिंता है कि एआई का विकास केवल तेजी से नहीं, बल्कि सुरक्षित तरीके से होना चाहिए। उनका जोर इस बात पर है कि एआई से जुड़े जोखिमों को कम किया जाए, कानूनी जिम्मेदारी तय हो, अर्थव्यवस्था को फायदा मिले, विज्ञान आगे बढ़े और अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा भी सुरक्षित रहे। शनिवार को अमोडेई ने करीब 3,800 शब्दों का लेख लिखकर एआई के विकास की रफ्तार धीमी करने की जरूरत बताई।

### सीएम योगी ने किया उप्र लोकायुक्त स्वर्ण जयंती समारोह का शुभारंभ

**एजेंसी न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी लोक सेवक के गलत आचरण पर उसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार ताकत मिलने के बाद व्यक्ति उच्छृंखल और उद्दंड व्यवहार करने लगता है। ऐसे में मर्यादाओं का पालन सुनिश्चित करने के लिए अंकुश जरूरी है। मुख्यमंत्री ने रामचरितमानस की पंक्ति प्रभुता पाई काहि मद नाहीं का उल्लेख करते हुए कहा कि लोकायुक्त जैसी संस्थाएं मेरिट के आधार पर शिकायतों का समाधान कर लोक सेवकों को जनता के प्रति जवाबदेही का अहसास कराती हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को उत्तर प्रदेश लोकायुक्त संगठन के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोकायुक्त संगठन को 50 वर्ष की यात्रा के लिए बधाई देते हुए कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत संवैधानिक संस्थाओं में सामान्य नागरिक का विश्वास है।

# इंडिया गठबंधन: तीन साल बाद भी बिना समन्वय समिति के चल रहा

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन के गठन के तीन साल बाद विपक्षी दल एक बार फिर उसी सवाल के सामने खड़े हैं, जिसे सुलझाने के लिए सितंबर 2023 में दिल्ली में बैठक हुई थी। तब सीट बंटवारे, चुनावी अभियान में तालमेल और गठबंधन को मजबूत चुनावी ताकत बनाने के लिए 14 सदस्यीय समन्वय समिति बनाई गई थी। समिति को गठबंधन का सबसे बड़ा निर्णय लेने वाला मंच माना गया था, लेकिन 13 सितंबर 2023 को हुई पहली बैठक ही उसकी आखिरी बैठक साबित हुई। इसके बाद समिति लगभग खत्म हो गई और अब गठबंधन के सामने सहयोगी दलों के बीच मतभेद सुलझाने के लिए कोई स्थायी राष्ट्रीय मंच नहीं है।

सितंबर 2023 की मुंबई बैठक में 14 सदस्यीय समन्वय समिति में 13 दलों के प्रतिनिधि तय किए गए थे। कांग्रेस से केसी वेणुगोपाल, तत्कालीन अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से शरद पवार, द्रमुक से टीआर बालू, झारखंड मुक्ति मोर्चा से हेमंत सोरेन, शिवसेना यूबीटी से संजय राउत, राजद से तेजस्वी यादव, तृणमूल कांग्रेस से अभिषेक बनर्जी, आम आदमी पार्टी से राघव चड्ढा, समाजवादी पार्टी से जावेद अली खान, जनता दल यूनाइटेड से ललन सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी से डी राजा, नेशनल कॉन्फ्रेंस से उमर अब्दुल्ला और पीडीपी से



महबूबा मुफ्ती शामिल थे। एक सीट माकपा के लिए रखी गई थी, लेकिन उसने अपना प्रतिनिधि नहीं चुना। इसके बाद समिति की कोई दूसरी बैठक नहीं हुई।

पहली बैठक में सहयोगी दलों ने तय किया था कि राज्यों में सीट बंटवारे पर बातचीत तुरंत शुरू की जाएगी और इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। गठबंधन की पहली सार्वजनिक रैली भोपाल में अगले महीने करने की घोषणा भी हुई थी। लेकिन कुछ ही दिनों में भोपाल की रैली का विचार छोड़ दिया गया। सीट बंटवारे पर बातचीत कई महीनों तक चलती रही, लेकिन केंद्रीय समन्वय समिति फिर कभी नहीं बैठी। विपक्षी खेमे के एक नेता के मुताबिक गठबंधन के लिए केंद्रीय समिति का मॉडल व्यावहारिक नहीं था, क्योंकि सहयोगी दलों के बीच पहले से ही कई मतभेद मौजूद थे। इसके बजाय राज्यों की परिस्थितियों के हिसाब से अलग-अलग चुनावी समझौते करना ज्यादा कारगर माना गया।

राज्यवार रणनीति ने 2024 के लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को कुछ बड़ी सफलताएं दिलाईं। गठबंधन के दलों ने कुल 234 सीटें जीतीं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने मिलकर 80 में से 43 सीटें जीतीं। महाराष्ट्र में विपक्षी गठबंधन ने 48 में से 30 सीटें हासिल कीं। तमिलनाडु में द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया।

हालांकि बिहार, झारखंड, गुजरात और दिल्ली में विपक्ष का प्रदर्शन कमजोर रहा। पश्चिम बंगाल और पंजाब में गठबंधन के घटक दल अलग-अलग चुनाव लड़े। इससे साफ हुआ कि जहां स्थानीय स्तर पर सीटों और रणनीति को लेकर तालमेल बना, वहां गठबंधन को फायदा हुआ, लेकिन हर राज्य में एक जैसा मॉडल काम नहीं कर सका।

लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा चुनावों में विपक्षी एकता की तस्वीर और असमान हो गई। महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन के कुछ महीनों बाद विपक्ष को बड़ी हार का सामना करना पड़ा। हरियाणा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन नहीं बन सका और दोनों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा। दिल्ली में भी 2025 में दोनों दल अलग-अलग मैदान में उतरे, जहां भाजपा ने आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर कर दिया और कांग्रेस एक बार फिर कोई सीट नहीं जीत सकी। बिहार और असम में विपक्ष को हार मिली। केरल और पश्चिम बंगाल में भी गठबंधन के घटक दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ते रहे।

कई राज्यों में चुनावी तालमेल के बावजूद सहयोगी दलों के रिश्तों में तनाव सामने आया है। झारखंड में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने 2024 में आसानी से सत्ता बरकरार रखी, लेकिन इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने सरकार में प्रतिनिधित्व और झामुमो के साथ तालमेल को लेकर शिकायतें कीं। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा और जीतने वाले पक्ष में रहे, लेकिन बाद में सत्ता में हिस्सेदारी को लेकर दोनों दलों के रिश्ते खराब हुए। इस महीने वंदे मातरम के पूरे संस्करण को सरकारी कार्यक्रम में प्रस्तुत किए जाने पर कांग्रेस की आपत्ति के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस की प्रतिक्रिया ने भी दोनों के बीच मतभेद को सार्वजनिक कर दिया।

### रेलवे: अब पुरानी ट्रेनों की भी बढ़ेगी रफ्तार, 160 की स्पीड से भरेंगी फर्राटा

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे यात्री ट्रेनों को तेज और बेहतर बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत 6,000 हॉर्स पावर के नए और कम ऊर्जा खपत वाले इंजन खरीदे जाएंगे। ये इंजन शोर भी कम करेंगे। इन्हें ट्रेन के आगे और पीछे लगाकर पुश-पुल तकनीक से चलाया जाएगा। इससे ट्रेन तेजी से रफ्तार पकड़ सकेगी। दोनों इंजन मिलकर 12,000 हॉर्स पावर की ताकत देंगे।

इन इंजनों की खरीद और रखरखाव के लिए निजी और सरकारी तकनीकी कंपनियों के साथ करार किया जाएगा। ट्रेनों में नए इंजन लगने के बाद अलग से पावर जनरेटर कोच लगाने की जरूरत नहीं होगी। इसी व्यवस्था से कोच की लाइट, पंखे और एसी के लिए बिजली मिलेगी। इससे सामान्य यात्री ट्रेनों में भी यात्रा अधिक आरामदायक होने की उम्मीद है।



संभल जिले के चंदौसी में श्री गणेश रथयात्रा में आकर्षण का केंद्र बनी भगवान गणेश की विशाल झांकी - अर्पित मेहरोत्रा

# धूमधाम से निकली गजानन की शोभायात्रा, गोविंदाओं ने झूमकर फोड़ी मटकियां

**अघोरी और काली नृत्य समेत देवी-देवताओं की झांकियां बनीं आकर्षण का केंद्र, बैंड-बाजा, डीजे और ढोल-नगाड़ों पर थिरके श्रद्धालु**

जागरण मोर्चा कार्यालय




**फतेहगंज पूर्वी।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोमवार को नगर में हर वर्ष की भांति इस बार भी भगवान श्री गजानन की भव्य शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में शामिल आकर्षक झांकियां, अघोरी नृत्य, काली नृत्य और गोविंदाओं का मटकी फोड़ कार्यक्रम लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए और गणपति के जयकारों से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा से पूर्व ललिता देवी मंदिर परिसर में नवनिर्मित श्री गजानन की प्रतिमा का कमेटी के सदस्यों की मौजूदगी में विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया गया। पंडित उमेश चंद्र शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कराई। इसके बाद भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह और नगर चेयरमैन संजय पाठक ने शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा ललिता देवी मंदिर से शुरू होकर सराफा बाजार, मोहल्ला साहूकारा, उत्तरगंज, स्टेशन रोड और मेन मार्केट सहित नगर के विभिन्न मार्गों से होकर कार्यक्रम स्थल पहुंची। बैंड-बाजा, डीजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालु जमकर थिरकते नजर आए। युवाओं में खासा उत्साह दिखाई दिया और जगह-जगह लोग शोभायात्रा के स्वागत के लिए उमड़े। रास्तेभर श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के जयकारे लगाए। शोभायात्रा में शामिल अघोरी नृत्य, काली नृत्य और विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियों ने लोगों का ध्यान खींचा। दिल्ली, बरेली और मुरादाबाद से आए कलाकारों ने विभिन्न करतब प्रस्तुत कर लोगों को रोमांचित किया। शोभायात्रा के दौरान गोविंदाओं ने उत्साह के साथ मटकी फोड़ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। युवाओं और श्रद्धालुओं की भीड़ कार्यक्रम देखने के लिए उमड़ पड़ी। वहीं मुख्य चौराहे पर युवाओं की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भोजन और जलपान की व्यवस्था की गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन भी सतर्क रहा। क्षेत्राधिकारी फरीदपुर संदीप सिंह शोभायात्रा के दौरान व्यवस्थाओं की जानकारी लेते रहे। थाना प्रभारी राजकुमार सिंह और कस्बा इंचार्ज लक्ष्मीनारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे और पूरे कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखी।

शख्सियत:

# विनम्रता व कर्मठता के बूते बनाई डबल हैट्रिक

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बहेड़ी।** बहेड़ी का नगर पंचायत से लेकर नगरपालिका परिषद बनने तक के इतिहास पर अगर नजर दौड़ाई जाए तो सभासद तीन बार से ज्यादा व्यक्ति या परिवार के हिस्से में नहीं आई। अपनी पहचान के बल पर सलीक कातिब तथा अब्दुल बारी के परिवार में सभासदी आई पर चेहरे बदलते रहे। कभी खुद तो कभी परिवार की महिला। पालिका परिषद के इतिहास में पहला नाम शशि मिश्रा का दर्ज हुआ जिन्होंने सन 1995 में पहली बार सभासदी जीती और लगातार छह बार जीत हासिल कर लोगों को चौंकाया भी और राजनीति का ककहरा सीखने का सबक भी दिया। वह पहली ऐसी शख्सियत हैं जिनके जरिये समाज में संदेश भी गया कि राजनीति में अगर लंबे वक्त तक टिके रहना है तो फिर उसके लिए, कितना कुछ त्याग और पसीना बहाने की जरूरत होती है। नगर के बार्ड 13 की सभासद शशि मिश्रा की हर जीत के मायने हैं। राजनीति न तो उन्हें विरासत में मिली और न ही रास्ता बहुत सरल सपाट था। एक चीज जो थी, वो थी उनकी विनम्रता और दायित्व बोध के साथ कर्मठता। शशि मिश्रा कहती हैं कि पहला सभासदी चुनाव जीतने के बाद बार्ड के हर घर तक पहुँच हो चुकी थी जो बाद के सालों में और मजबूत होती गई। लोगों के काम के लिए सहज रूप से तैयार रहने और बार्ड की मूलभूत आवश्यकताओं को समय रहते पूरा करने के संकल्प से लोगों का भरोसा उनके प्रति और दृढ़ हुआ। वे कहती हैं कि बीते दो तीन चुनावों में उन्हें पराजित करने के लिए कुछ ओछे हथकंडे भी अपनाए गये। कभी मतदाता सूचियों में फर्जी तरीके से नाम जुड़वाने तो कभी फर्जी मतदान का तरीका अपनाकर। इसके भले ही उनके जीत के मार्जिन में कमी आई पर लोगों का भरोसा उन पर कायम रहा और इसी भरोसे के बल पर उन्हें लगातार तीन दशक तक बार्ड की नुमाइंदी करने का मौका मिला। उनकी कोशिश है कि विकास तथा सामाजिक कार्य को लेकर किसी को भी शिकायत करने का मौका न मिले। भविष्य के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि जनता जनार्दन होती है, उसका जो भी आदेश होगा वह गौरतलब रहेगा।

## टोल प्लाजा के पास खाई में पलटा ट्रक

**फायर ब्रिगेड ने केबिन में फंसे ड्राइवर को किया रेस्क्यू**

जागरण मोर्चा



**फरीदपुर (बरेली)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोल प्लाजा के समीप कोल्ड स्टोरेज के पास सोमवार की सुबह एक सड़क हादसा हो गया, जहां एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में पलट गया। हादसे में ट्रक का ड्राइवर केबिन के भीतर ही बुरी तरह फंस गया। सूचना मिलते ही तत्काल फरीदपुर अग्निशमन केंद्र की टीम ने मौके पर पहुंचकर ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। अग्निशमन केंद्र फरीदपुर को सुबह 05:58 बजे कॉलर इस्माइल के माध्यम से दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीम महज 11 मिनट मौके पर पहुंच गई। घटनास्थल पर अग्निशमन अधिकारी सचिन कुमार शाक्य की मौजूदगी में राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। ड्राइवर ट्रक के केबिन में इस कदर फंसा हुआ था कि उसे सामान्य रूप से निकालना असंभव था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर सर्विस बरेली से तुरंत एडवांस रेस्क्यू व्हीकल और अतिरिक्त अग्निशमन वाहन मंगाए गए। स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में फायर ब्रिगेड की यूनिट ने आधुनिक उपकरणों की मदद से ट्रक के स्टीयरिंग और सीट को काटकर हटाकर कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला लिया। फायर सर्विस की टीम ने रेस्क्यू किए गए ड्राइवर को तुरंत मौके पर मौजूद एम्बुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल भिजवाया। स्थानीय पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

## तेज गति बाइक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार घायल, कार्रवाई की मांग



जागरण मोर्चा कार्यालय मीरगंज

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार बाइक सवार की लापरवाही एक मोटरसाइकिल चालक पर भारी पड़ गई। तेज गति से आ रही बाइक ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे चालक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक, थाना भोजीपुरा क्षेत्र के ग्राम मुड़िया चेतराम निवासी राजीव कुमार 29 अगस्त की सुबह अपनी मोटरसाइकिल से अपनी पत्नी की दवाई लेने जा रहे थे। रास्ते में सामने से मोटरसाइकिल का चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाता हुआ आया और सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि राजीव कुमार संतुलन खोकर सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके पैर के अंगूठे, बाईं आंख के नीचे और सीने में चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने उन्हें उठाकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित राजीव कुमार ने आरोप लगाया कि आरोपी बाइक चालक ने यातायात नियमों की पूरी तरह अनदेखी करते हुए तेज गति से वाहन चलाया, जिसके चलते यह हादसा हुआ। उन्होंने पुलिस को तहरीर सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है और आरोपी चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है

# विनोद साहनी हत्याकांड के विरोध में भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन

**राज्यपाल को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा, कार्रवाई न होने पर काले झंडे दिखाने की चेतावनी**

जागरण मोर्चा कार्यालय मीरगंज



**मीरगंज।** विनोद कुमार साहनी हत्याकांड और नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद को कथित तौर पर पीड़ित परिवार से मिलने से रोके जाने के विरोध में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ताओं ने मीरगंज में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने मामले को लेकर नाराजगी जताते हुए उपजिलाधिकारी मीरगंज के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कराने समेत दोषियों और संबंधित पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि सांसद चंद्रशेखर आजाद विनोद कुमार साहनी के पीड़ित परिवार से मिलने के लिए गोंडा जा रहे थे। आरोप है कि पुलिस प्रशासन ने उन्हें रास्ते में रोक दिया और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों के विरुद्ध बताते हुए मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि विनोद कुमार साहनी हत्याकांड तथा उसके बाद हुई पुलिस कार्रवाई की स्वतंत्र जांच कराई जाए। सांसद चंद्रशेखर आजाद को कथित तौर पर रोकने और उनके साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की पहचान कर उनके खिलाफ विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा सांसद के काफिले पर कथित हमले से संबंधित सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की जांच कर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग भी ज्ञापन में की गई। ज्ञापन में पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने और सुरक्षा उपलब्ध कराने के साथ ही सांसद चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा, सम्मान तथा उनके संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। कार्यकर्ताओं ने कहा कि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं।

**कार्रवाई न होने पर काले झंडे दिखाने की चेतावनी**

भीम आर्मी ने ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी कि यदि मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रमों में काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय और जनप्रतिनिधियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाता रहेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष पिंटू सागर, विधानसभा अध्यक्ष अंकित सागर, नगर अध्यक्ष रोहित सागर, नगर अध्यक्ष जुबेर सैफी, ग्राम अध्यक्ष धर्मेंद्र सागर, संगठन मंत्री सोनू सागर, विधानसभा के संभावित प्रत्याशी डॉ. जावेद अख्तर, गुलजारी लाल, नाजिम भाई, पुष्पेंद्र, तहसील उपाध्यक्ष लोकेंद्र भाई, पूर्व तहसील महासचिव जसवीर सागर, नवी अहमद, राकेश सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गणेश चतुर्थी पर उमड़े श्रद्धालु, विधि-विधान से हुई प्रतिमा स्थापना

जागरण मोर्चा कार्यालय



**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे के माली मोहल्ला स्थित अंधेरी वाली गली के निकट गणेश चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना की गई। सोमवार शाम आचार्य प्रवन पाण्डेय ने मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजन-अर्चन संपन्न कराया। इस अवसर पर मौजूद श्रद्धालुओं ने गणपति की आरती उतारकर क्षेत्र में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।कार्यक्रम में आयोजक समिति के सदस्यों के अलावा बड़ी तादाद में मोहल्लेवासी और क्षेत्रवासी शामिल हुए। आयोजकों के मुताबिक, स्थापना के पांचवें दिन यानी शुक्रवार को गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। इस दिन श्रद्धालु विसर्जन यात्रा निकालेंगे, जो रामगंगा घाट पहुंचकर संपन्न होगी, जहां प्रतिमा को जल में विसर्जित किया जाएगा। इस अवसर पर सुधीर पोरवाल, सुबोध पोरवाल, दिलीप मराठा, सुरेश गुप्ता, निखिल भारद्वाज, रितिक भारद्वाज, तुषार रस्तोगी, हिमांशु भारद्वाज, तनिष्क गुप्ता शिवा, देव ठाकुर, सचिन गुप्ता, आर्यन गुप्ता, शुभम अग्रवाल विपिन गुप्ता समेत अन्य श्रद्धालु व मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

# जर्जर सड़क के निर्माण के लिए भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन





जागरण मोर्चा कार्यालय मीरगंज

**मीरगंज/ शीशगढ़।** कस्बा शीशगढ़ में बरेली बस अड्डे से लेकर बिलासपुर बस अड्डे तक जाने वाली पी डब्लू डी की मुख्य सड़क की बदहाली को लेकर भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) ने रोष व्यक्त किया है। संगठन के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित एक ज्ञापन न्यायिक तहसीलदार मीरगंज वीर पाल सिंह को सौंपकर सड़क के शीघ्र निर्माण कार्य कराने की मांग की है संगठन के जिला अध्यक्ष दुर्गेश मौर्य के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि यह मुख्य मार्ग लंबे समय से अत्यंत जर्जर और खराब स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो जाने से सड़क पूरी तरह गड्ढे में तब्दील हो चुकी है। जिसके कारण आम जनता, किसानों, व्यापारियों, छात्र-छात्राओं और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बारिश के समय इन गहरे गड्ढों में पानी भर जाता है। जिससे हर समय गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। इस जर्जर मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण और कस्बावासी आवागमन करते हैं लेकिन सड़क की जर्जर हालत के कारण लोगों का पैदल व वाहनों से चलना भी दूभर हो गया है।भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) और स्थानीय ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा जल्द ही इस सड़क का स्थलीय निरीक्षण कराकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया, तो क्षेत्र के किसान और ग्रामीण लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी।ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से मण्डल सचिव महेश पाल गंगवार,जिला अध्यक्ष दुर्गेश मौर्य, प्रदेश अध्यक्ष वामिक हुसैन खान सहित संगठन के कई पदाधिकारी और स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा संगठन की बैठक संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बहेड़ी।** गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 साल के कार्यकाल को लेकर भाजपा संकल्प सेवा अभियान के रूप में मनाने जा रही है। इसी को लेकर पार्टी के स्थानीय संगठन की ओर से एक बैठक खंड विकास कार्यालय के पंत सभागार में आयोजित की गई जिसमें प्रधानमंत्री के सफलतम 25 वर्षों में किए गए सेवा कार्यों पर चर्चा के साथ आगे बढ़ाए जाने वाले कामों पर विचार किया गया। तय हुआ कि विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से केंद्र तथा राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के साथ साथ आगामी 17 सितम्बर से रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान,, आंगन मिलन, कहानी बदलाव की, 25 साल 25 कहानियां, सेवा ज्योति यात्रा, सेवा मिलन अभियान, सेवा सेतु अभियान, सेवा रंग जैसे कार्यक्रमों के जरिये हर आम व खास के पास पार्टी अपनी पैठ बनाने के लिए पसीना बहाएगी। बैठक में नगर प्रभारी डा मीनाक्षी गंगवार, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता, पालिकाध्यक्ष पति बाबी जायसवाल, अरूण गंगवार, सभासद महेश शर्मा, सुनील रस्तोगी, परविंदर गंगवार, मोहित बाल्मीकि, दिनेश राठौड़, अर्जुन गुप्ता, मुजस्सम अली खान, संतोष जायसवाल, रूप किशोर गंगवार व झंकार सिंह समेत कई अन्य भाजपाई शामिल रहे।

## घर घर विराजे गजानन, गणपति बप्पा मोरया की मची धूम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के पावन अवसर पर भगवान गणेश घर घर में विराजमान हो गये। मंदिरों की साफ सफाई के बाद विधिवत रूप से मंत्रोच्चारण कर गजानन की प्रतिमा की स्थापना की गई। नगर के मुख्य मार्ग स्थित भोले बाबा की मढ़ी, 84 घंटा मंदिर, मोहल्ला कानूनगो यान, तथा मोहल्ला शेखूपुर स्थित मंदिर में बिजली की झालरों से भव्य सजावट की गई। स्थापना से पहले पूरे भक्ति भाव से गाजे बाजे के साथ प्रतिमाओं को मंदिरों तथा स्थापना स्थलों तक लाया गया। पुरोहितों द्वारा विधि विधान पूर्वक मंत्रोच्चारण कर प्रतिमाओं के स्थापित होने तक गणपति बप्पा मोरया की चहुंओर गूंज रही। गणपति की स्थापना के बाद हर रोज सुबह शाम आरती तथा भजनों का क्रम चलेगा। इस दौरान राधे कृष्ण की झांकी भी सजाई जाती हैं। नगर क्षेत्र के अलावा गांव गुरसौली तथा सकरस में भी गजानन की प्रतिमा की स्थापना की गई। रविवार को सामूहिक रूप से नरायन नगला के समीप बह रही किच्छा नदी में पूरी श्रद्धा के साथ प्रतिमाओं को विसर्जित कर दिया जाएगा। उस दिन भक्तगण जमकर एक दूसरे पर गुलाल उड़ाकर गणपति बप्पा मोरया के जयघोष साथ अपने पर्व को विराम देते हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर विभिन्न माध्यमों से लोगों ने एक दूसरे को शुभकामना संदेश भी भेजे।

## जिला कारागार में हिंदी दिवस पर जागरूकता शिविर



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में सोमवार को जिला कारागार में हिंदी दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर लगाया गया। सचिव जया प्रियदर्शिनी के आदेश पर आयोजित कार्यक्रम में बंदियों को हिंदी भाषा के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 15100 की जानकारी देते हुए निशुल्क कानूनी सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में डिप्टी जेलर राघवेंद्र वर्मा, अध्यापक योगेश गंगवार और पीएलवी/अधिकार मित्र सत्यपाल सिंह ने जानकारी दी। जेल प्रशासन का सहयोग रहा।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा कराने के मामले में छह गिरफ्तार




जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर असली मालिक बनकर बैनामा कराने के मामले में पुलिस ने छह वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय भेजा है। पुलिस के अनुसार 23 जनवरी 2026 को भमोरा थाना क्षेत्र के ग्राम भोलापुर निवासी चेतराम सिंह ने आंवला थाने में तहरीर देकर बताया था कि गांव के ही देवेंद्र उर्फ गुड्डू, नन्हे, रविंद्र,



चंद्रभान, गजेंद्र, ओमवती और अन्य ने षड्यंत्र रचकर सांठगांठ व धोखाधड़ी की और कूटरचित दस्तावेज तैयार किए। आरोपियों ने खुद को जमीन का मालिक दर्शाकर वादी की भूमि का फर्जी बैनामा माया देवी के नाम करा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया और मामले में रामप्रसाद पुत्र खमानी राम को 8 जुलाई 2026 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस के अनुसार ग्राम भोलापुर स्थित आरोपियों के घरों से देवेंद्र उर्फ गुड्डू, नन्हे, रविंद्र, चंद्रभान, गजेंद्र और ओमवती को गिरफ्तार कर लिया। सभी को न्यायालय भेजा है।

## 42वें सालाना उर्स में उमड़े अकीदतमंद, कुल शरीफ की रस्म अदा

जागरण मोर्चा कार्यालय मीरगंज



**फतेहगंज पश्चिमी।** कस्बे में स्थित दरगाह हाजी बाबा के 42वें सालाना उर्स के मौके पर सोमवार को कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। फज्र की नमाज के तुरंत बाद शुरू हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे अकीदतमंदों ने चादरपोशी और गुलपोशी करते हुए मुल्क की खुशहाली और अमन-चैन के लिए दुआ मांगी। इस मौके पर अजमेर शरीफ से खास तौर पर पहुंचे सज्जादा नशीन गफ्फार मियां ने दरगाह पर चादर व फूल पेश कर फातहा पढ़ी। महफिल के दौरान मशहूर कव्वाल ताहिर चिश्ती ने अपने कलाम पेश कर माहौल को रूहानी बना दिया। नगर पंचायत अध्यक्ष इमराना बेगम ने कव्वाल ताहिर चिश्ती का इस्तकबाल करते हुए आयोजक कमेटी की हौसला अफजाई की। कमेटी प्रबंधक साहिल अंसारी ने इस मौके पर कहा कि कव्वाली का यह आयोजन सूफी परंपरा और कौमी एकता की जीती-जागती मिसाल है। कार्यक्रम में सरदार अंसारी, हसनैन, कलीम, असद अंसारी, असलम कव्वाल, रियाज अहमद, नसीम रजा, मुन्ना मिस्त्री, दिलशाद सहित बड़ी तादाद में लोग मौजूद रहे। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चौकी प्रभारी आदेश कुमार अपनी टीम के साथ पूरी तरह मुस्तैद नजर आए।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com










## वहगुल नदी में दो दिन पूर्व छ्लांग लगाकर आत्महत्या करने वाले का शव आज गढ़िया रंगीन क्षेत्र में पुलिस ने बहगुल नदी के किनारे से बरामद किया

**जागरण मोर्चा कार्यालय फतेहगंज पूर्वी।** वहगुल नदी में दो दिन पूर्व छ्लांग लगाकर आत्महत्या करने वाले अधेड राजेश शर्मा का शव आज गढ़िया रंगीन क्षेत्र में पुलिस ने बहगुल नदी के किनारे से बरामद किया है । यहां बता दें कि थाना खुदागंज के गांव हादसा का निवासी राकेश शर्मा उम्र 57 वर्ष ने दो दिन पूर्व बहगुल नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी । घटना के बाद से पुलिस राजेश शर्मा के शब की तलाश कर रही थी । राजेश शर्मा की मोटरसाइकिल फतेहगंज पूर्वी से गुजर रही वहुगुल नदी के पुल से पुलिस ने दो दिन पूर्व बरामद कर कब्जे में ली थी। आज शाहजहांपुर जिले के थाना गढ़िया रंगीन पुलिस ने शब को बरामद करने के बाद खुलासा करते हुए बताया कि मृतक राजेश शर्मा का शव वकैनिया गांव के पास से गुजर रही वहुगुल नदी के मोड के किनारे खड़े एक पेड़ से अटका हुआ था।शव की शिनाख्त से उसकी पहचान हो सकी । पुलिस में शबको पोस्टमार्टम के लिए भेजा है । बताया जाता है कि राजेश शर्मा ने पारिवारिक कारणों की वजह से आत्महत्या की थी ।

# डीएम के निरीक्षण में स्कूल में मिला बिना नक्शे का निर्माण, सील

**बीडीए की अनुमति के बिना प्रथम तल पर कराया जा रहा था निर्माण, अन्य काम भी रुकवाए**




**जागरण मोर्चा कार्यालय बरेली।** शहर में बिना स्वीकृत मानचित्र के हो रहे निर्माण पर प्रशासन ने सख्ती दिखाई है। रविवार को निरीक्षण के दौरान डीएम अविनाश सिंह की नजर प्रेमनगर क्षेत्र के यूएस मैमोरिल पब्लिक स्कूल में चल रहे निर्माण पर पड़ी। दस्तावेजों की जांच में बीडीए की स्वीकृति नहीं मिलने पर डीएम ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद बीडीए प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण को सील कर दिया। मामला सैदपुर हाकिंस स्थित बालाजी विहार, नर्सरी रोड के पास का है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने स्कूल परिसर में हो रहे निर्माण के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। बीडीए के अनुसार शिव कुमार की ओर से करीब 180 वर्ग मीटर क्षेत्र में पहले से बने भूतल के ऊपर प्रथम तल पर सामुदायिक सुविधा का निर्माण कराया जा रहा था। इसके लिए प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत नहीं कराया गया था। डीएम के निर्देश पर बीडीए की प्रवर्तन टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण की स्थिति देखी। इसके बाद उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की धारा 28(क) के तहत कार्रवाई करते हुए निर्माण सील कर दिया गया। मौके पर चल रहे अन्य आवासीय निर्माण कार्य भी तत्काल बंद करा दिए गए। बीडीए ने भवन और भूखंड मालिकों को चेतावनी दी है कि निर्माण अथवा प्लॉटिंग शुरू करने से पहले मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। बिना स्वीकृति निर्माण मिलने पर सीलिंग के साथ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई भी की जा सकती है। प्राधिकरण ने लोगों से संपत्ति खरीदने से पहले उसके स्वीकृत मानचित्र की जांच करने की अपील की है।

# मृत अधिवक्ता के नाम से BDA में शिकायत का खेल, बेटे ने शपथपत्र देकर खोला राज

**2023 में हो चुका था निधन, फिर भी मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर नाम से पहुंची शिकायत**




**जागरण मोर्चा कार्यालय बरेली।** बरेली विकास प्राधिकरण (BDA) के अधिकारियों और उनके सहयोगियों को लेकर मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर की गई एक शिकायत विवादों में आ गई है। शिकायत मृत अधिवक्ता सरदार निर्मल सिंह के नाम से भेजी गई, जबकि उनका निधन तीन सितंबर 2023 को हो चुका है। अधिवक्ता के बेटे जसप्रीत सिंह ने शपथपत्र देकर शिकायत से अपने पिता और परिवार का संबंध होने से इनकार किया है। मामले में अब शिकायत भेजने वाले की पहचान की जांच शुरू करने की तैयारी है। मुख्यमंत्री को भेजी गई शिकायत में इऊअ की टेंडर प्रक्रिया, निर्माण कार्यों और अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। करीब सात करोड़ रुपये के आरसीसी नाला निर्माण, भुगतान और तकनीकी जांच पर भी सवाल उठाए गए। शिकायत में अधिकारियों, अभियंताओं, निजी स्टाफ और ठेकेदारों के बीच कथित गठजोड़ की जांच कराने की मांग की गई थी। प्रारंभिक पड़ताल में शिकायतकर्ता का मोबाइल नंबर और पता भी संदिग्ध बताए गए हैं। जसप्रीत सिंह ने 25 अगस्त 2026 को इऊअ उपाध्यक्ष के समक्ष दिए शपथपत्र में बताया कि उनके पिता का निधन वर्ष 2023 में हो चुका है। उन्होंने मृत्यु प्रमाणपत्र और अपना आधार कार्ड भी प्रस्तुत किया। शपथपत्र में उन्होंने स्पष्ट किया कि परिवार के किसी सदस्य ने इऊअ या उसके किसी अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ शिकायत नहीं की। एक अगस्त 2026 को उनके पिता के नाम से लिखे गए कथित पत्र से भी उन्होंने इनकार किया। मामले में तारीखों को लेकर भी विरोधाभास है। कथित शिकायत आठ सितंबर को भेजी गई, जबकि शपथपत्र 25 अगस्त का है और उसमें एक अगस्त के पत्र का उल्लेख है। अब पोर्टल की लॉग डिटेल, मोबाइल नंबर, ईमेल, आईपी एड्रेस और डिजिटल दस्तावेजों की जांच से वास्तविक शिकायतकर्ता की पहचान करने का प्रयास होगा। अधिकारियों का कहना है कि मृत व्यक्ति के नाम का जानबूझकर इस्तेमाल किए जाने की पुष्टि होने पर जालसाजी, प्रतिरूपण, मानहानि और आईटी कानून के तहत कार्रवाई की जा सकती है। शिकायत में लगाए गए आरोपों की सत्यता और इसके पीछे किसकी भूमिका है, यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

# दुकान चलाने वाले हलवाई ने घर में फंदा लगाकर दी जान

**पत्नी के मायके जाने के बाद तनाव में था रवि, पहली पत्नी की मौत को लेकर भी पुलिस जुटा रही जानकारी**

**जागरण मोर्चा कार्यालय बरेली।** किला क्षेत्र के मलूकपुर बजरिया में समोसे-पकौड़ी की दुकान चलाने वाले 45 वर्षीय रवि ने घर के कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। रविवार रात खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चला गया था। सोमवार सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों ने किसी तरह अंदर देखा। रवि का शव पंखे के कुंडे से दुपट्टे के सहारे लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रवि मकान के नीचे ही समोसे और पकौड़ी बेचता था। किला पुलिस के मुताबिक वह शराब का आदी था और नशे में पत्नी



के साथ मारपीट करता था। करीब पांच दिन पहले भी विवाद के दौरान पत्नी के साथ मारपीट हुई थी। इसके बाद पत्नी मायके चली गई थी। पुलिस का कहना है कि पत्नी के चले जाने के बाद रवि तनाव में था। इसी बीच उसने यह कदम उठा लिया। पोस्टमार्टम हाउस पर रवि के साले चंद्र प्रकाश ने बताया कि रवि के दो बेटे हैं और परिवार की जिम्मेदारी उसी पर थी। उसकी मौत के बाद पत्नी और दोनों बेटों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस के अनुसार रवि की पहली पत्नी की भी मौत हो चुकी है। उसके साथ भी मारपीट किए जाने की बात सामने आई है। पहली पत्नी की मौत किन परिस्थितियों में हुई थी, इसकी भी जानकारी जुटाई जा रही है। इंस्पेक्टर किला अंचल कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रक्षाबंधन बाद घटा हवाई किराया, दिल्ली-नोएडा का टिकट 3500 रुपये से

**यात्रियों की संख्या में कमी से छह से सात हजार रुपये तक सस्ते हुए टिकट, बंगलूरू रूट पर अब भी मांग बरकरार**



**जागरण मोर्चा कार्यालय बरेली।** रक्षाबंधन के बाद हवाई यात्रियों की संख्या घटने से बरेली एयरपोर्ट से उड़ान भरने वालों को राहत मिली है। दिल्ली, नोएडा और नवी मुंबई जाने वाली फ्लाइटों के किराये में छह से सात हजार रुपये तक की कमी आई है। अब दिल्ली और नोएडा का टिकट करीब 3500 से 5300 रुपये के बीच मिल रहा है। वहीं, बंगलूरू रूट पर किराया अभी भी अधिक बना हुआ है। रक्षाबंधन के आसपास बरेली एयरपोर्ट से रोजाना औसतन 420 से 425 यात्री आवागमन कर रहे थे। अब यह संख्या घटकर करीब 340 से 350 रह गई है। यात्रियों की मांग कम होने का असर एयरलाइंस के किराये पर पड़ा है। रक्षाबंधन के दौरान दिल्ली और नोएडा का टिकट 13 हजार रुपये तक पहुंच गया था। 14 से 21 सितंबर के बीच नोएडा रूट पर किराये में करीब छह हजार रुपये तक की कमी दर्ज की गई है। 14 सितंबर को नोएडा से बरेली का टिकट 3591 रुपये और बरेली से नोएडा का 4526 रुपये है। 16 सितंबर को दोनों दिशाओं का किराया क्रमशः 4883 और 4265 रुपये है। 18 सितंबर को यह 3591 और 4265 रुपये रहेगा। दिल्ली रूट पर 15 सितंबर को दिल्ली से बरेली का किराया 6137 रुपये और बरेली से दिल्ली का 4895 रुपये है। 17 सितंबर को यह क्रमशः 6137 और 5341 रुपये, जबकि 19 सितंबर को 5717 और 4685 रुपये है। बरेली से नवी मुंबई का टिकट अब करीब 6700 से 7000 रुपये में मिल रहा है। कनेक्टिंग फ्लाइट का किराया करीब 9400 रुपये है। दूसरी ओर, बंगलूरू की नॉन स्टॉप फ्लाइट का किराया 14 से 17 सितंबर के बीच 13321 रुपये और कनेक्टिंग फ्लाइट का 15321 रुपये है। एयरपोर्ट निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि यात्रियों की मांग कम होने से किराये में गिरावट आई है। सितंबर-अक्तूबर में आमतौर पर यात्रियों की संख्या कम रहती है, जिसका असर टिकट की कीमतों पर दिखाई देता है।

# एनसीबी हेल्पलाइन में नौकरी के नाम पर 36 युवकों से ठगी

**व्हाट्सएप ग्रुप में ऑनलाइन इंटरव्यू, गूगल शीट में चयन-रिजेक्शन दिखाकर 1.17 लाख रुपये वसूले**

**जागरण मोर्चा कार्यालय बरेली।** नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) हेल्पलाइन में संविदा पर नौकरी दिलाने के नाम पर 36 युवकों से ठगी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने खुद को हेल्पलाइन का अधिकारी बताकर युवकों से आवेदन शुल्क, चरित्र प्रमाणपत्र और इंटरव्यू के नाम पर रुपये वसूले। अलीगंज पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाहजहांपुर के मदनापुर क्षेत्र निवासी प्रशांत कुमार पाठक ने पुलिस को बताया कि अलीगंज के शिवनगर नैनोवा गांव निवासी अमित कुमार




और विवेक शर्मा ने उनसे संपर्क कर एनसीबी हेल्पलाइन में भर्ती निकलने की जानकारी दी। प्रत्येक अभ्यर्थी से दो हजार रुपये आवेदन शुल्क मांगा गया। प्रशांत ने अपने 35 अन्य साथियों के दस्तावेज भेज दिए। इसके एवज में कुल 72 हजार रुपये दिए गए। आरोप है कि चरित्र प्रमाणपत्र के नाम पर प्रत्येक से 250 रुपये और जल्द इंटरव्यू कराने के बहाने तीन किस्तों में 45 हजार रुपये वसूले गए। युवकों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर ऑनलाइन इंटरव्यू कराया गया। बाद में गूगल शीट में कुछ अभ्यर्थियों को चयनित और कुछ को रिजेक्ट दिखाया गया। चयनित युवकों को तीन महीने में ऑफर लेटर और तिरुवनंतपुरम जोन में तैनाती का भरोसा दिया गया। समय बीतने पर ऑफर लेटर नहीं मिला तो युवकों ने संपर्क किया। आरोपियों ने कहा कि ज्वाइनिंग नहीं हुई है, फिर भी मई 2026 से वेतन शुरू हो चुका है। इससे शक गहराया। जांच में पता चला कि विवेक शर्मा ने कथित तौर पर एनसीबी हेल्पलाइन में कुछ महीने काम किया था और बाद में उसकी सेवा समाप्त हो गई। पुलिस ने अमित कुमार और विवेक शर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ज्योतिषी की बातों में फंसी युवती, 15 लाख के जेवर और नकदी देने का आरोप

**मां ने दो लोगों पर बहला-फुसलाकर सामान लेने और धमकी देने का लगाया आरोप, इज्जतनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट**

**जागरण मोर्चा कार्यालय बरेली।** इज्जतनगर क्षेत्र में ज्योतिषी की बातों में आकर एक युवती द्वारा घर में रखे करीब 15 लाख रुपये के जेवर और 1.10 लाख रुपये नकद दिए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी होने पर परिवार में हड़कंप मच गया। युवती की मां ने दो लोगों पर बेटी को अपने प्रभाव में लेकर जेवर और रुपये निकलवाने का आरोप लगाया है। साथ ही सामान वापस मांगने पर गालीगलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



ट्यूलिप ग्रैंड निवासी किरन गौतम ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी अनुष्का की फोन पर सुनैना नाम की ज्योतिषी से बातचीत होती थी। आरोप है कि सुनैना और सैम ने लगातार मीठी-मीठी बातें कर अनुष्का को अपने प्रभाव में ले लिया। इसके बाद युवती ने घर में रखे करीब 15 लाख रुपये के जेवर और 1.10 लाख रुपये दोनों को दे दिए। किरन के मुताबिक घर से जेवर और नकदी गायब होने का पता चलने पर उन्होंने बेटी से पूछताछ की। इस पर अनुष्का ने बताया कि उसने जेवर और रुपये सुनैना व सैम को दिए हैं। मां के कहने पर उसने दोनों से फोन पर संपर्क कर सामान वापस मांगा।आरोप है कि जेवर और रुपये लौटाने के बजाय दोनों ने फोन पर गालीगलौज की और शिकायत करने पर जान से मरवाने की धमकी दी। दोनों ने सामान वापस करने से भी इनकार कर दिया। किरन की तहरीर पर इज्जतनगर पुलिस ने सुनैना और सैम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मोबाइल नंबरों और अन्य साक्ष्यों की मदद से मामले की जांच कर रही है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि जेवर और नकदी आरोपियों तक किस तरह पहुंची और फिलहाल वह कहां है।

# लीड्स जेनेटिक्स में 1500 करोड़ निवेश करेगी बीएल एग्रो

**बरेली में जन्मे एलीट गिर बछड़े, 2027 तक हर माह 15 हजार भ्रूण तैयार करने का लक्ष्य**



**जागरण मोर्चा कार्यालय बरेली।** बीएल एग्रो ने अपनी जैव प्रौद्योगिकी सहायक कंपनी लीड्स जेनेटिक्स में 1500 करोड़ रुपये निवेश करने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य एकीकृत डेयरी और जेनेटिक्स इकोसिस्टम विकसित कर पशु नस्ल सुधार, दूध उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाना है। घोषणा 14 और 15 सितंबर को बीएल कामधेनु फार्म्स में आयोजित कैटल जीनोमिक्स समिट 2026 में की गई। समिट के दौरान भारत के पहले जेनेटिकली सेलेक्टेड एलीट गिर बछड़ों का बरेली में लाइव जन्म हुआ। इसे भारत-ब्राजील पशु आनुवंशिकी सहयोग की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया। कंपनी के अनुसार, चयनित गायों से प्रतिदिन औसतन 40 से 60 लीटर दूध उत्पादन की उम्मीद है। बरेली स्थित लीड्स जेनेटिक्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में वर्ष 2027 के अंत तक हर महीने 15 हजार भ्रूण तैयार करने का लक्ष्य है। कंपनी उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और मध्य प्रदेश में ब्रीड इम्प्रूवमेंट फार्म, आईवीएफ-ईटी, भ्रूण स्थानांतरण और जीनोमिक्स प्रयोगशालाएं स्थापित करेगी। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह और राज्यमंत्री अरुण कुमार सक्सेना ने भाग लिया। बीएल एग्रो के चेयरमैन डॉ. घनश्याम खंडेलवाल ने कहा कि बेहतर जेनेटिक्स से किसानों की आय और पशुओं की उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। समिट में जीनोमिक चिप और उन्नत प्रजनन तकनीकों का प्रदर्शनभी किया गया।

# गणेश प्रतिमा स्थापना से पहले मंदिर में बवाल, तोड़फोड़ का आरोप

**किला के रेती मोहल्ले में लाठी-डंडे और सरिया लेकर पहुंचने का आरोप, विरोध करने पर मारपीट से मची अफरा-तफरी**



**जागरण मोर्चा कार्यालय बरेली।** किला क्षेत्र के रेती मोहल्ले में सोमवार को गणेश प्रतिमा स्थापित करने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले एक परिवार के लोग लाठी-डंडे और सरिया लेकर मंदिर पहुंच गए और वहां तोड़फोड़ करने लगे। मंदिर की देखरेख करने वाले लोगों ने विरोध किया तो उनके साथ मारपीट की गई। घटना से मोहल्ले में तनाव और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। रेती निवासी प्रदीप गुप्ता उर्फ रिंकू ने पुलिस को बताया कि वह मंदिर की साफ-सफाई और देखरेख करते हैं। उनके मुताबिक पड़ोस में रहने वाले परिवार के लोग हथियारनुमा सामान लेकर मंदिर पहुंचे और वहां सामान में तोड़फोड़ शुरू कर दी। मंदिर में मौजूद लोगों ने रोकने का प्रयास किया तो उनके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि घटना में कई लोगों को चोटें भी आईं। प्रदीप का कहना है कि सोमवार को मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की जानी थी। पड़ोस के लोग इसका विरोध कर रहे थे। इसी बात को लेकर पहले कहासुनी हुई और देखते ही देखते मामला मारपीट और तोड़फोड़ तक पहुंच गया। हंगामे की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर जुट गए। सूचना मिलने पर किला पुलिस पहुंची और दोनों पक्षों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आसपास के लोगों से भी पूछताछ की है। अधिकारियों के मुताबिक तहरीर और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज के लिए प्रताड़ित करने और देह व्यापार में धकेलने का आरोप

**इज्जतनगर में विवाहिता की शिकायत पर पति समेत 11 के खिलाफ रिपोर्ट, जांच शुरू**



**जागरण मोर्चा कार्यालय बरेली।** इज्जतनगर क्षेत्र की एक विवाहिता ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और कथित देह व्यापार में शामिल होने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत 11 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला के मुताबिक करीब तीन साल पहले उसने इज्जतनगर निवासी उवैस से प्रेम विवाह किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज कम लाने का ताना देकर परेशान करने लगे। महिला का आरोप है कि ससुराल में देह व्यापार का काम होता है और उसे भी इसमें शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता था। महिला ने बताया कि उसने इसकी शिकायत अपने मजदूर पिता से की। आरोप है कि पिता ने कर्ज लेकर ससुराल वालों की मांग पूरी की, लेकिन कुछ समय बाद फिर बुलेट मोटरसाइकिल और एक लाख रुपये नकद की मांग की जाने लगी। मांग पूरी करने से इनकार करने पर विवाद बढ़ गया। शिकायत के अनुसार, 25 जून की रात करीब नौ बजे ससुराल वालों ने महिला के साथ मारपीट की और उसे कमरे में बंद कर दिया। भाई के बचाने पहुंचने पर उसके साथ भी मारपीट कर मोबाइल छीन लिया गया और उसे भी कमरे में बंद कर दिया गया। महिला की मां के पहुंचने पर दोनों को बाहर निकाला गया। आरोप है कि इसके बाद ममिया ससुर और ससुर ने महिला के साथ दोबारा मारपीट की और उसे मां व भाई समेत घर से निकाल दिया। महिला का आरोप है कि ससुराल वालों ने बुलेट और एक लाख रुपये लाए बिना लौटने पर जान से मारने की धमकी दी। पति और सास पर दूसरे पुरुषों के साथ संबंध बनाने तथा देह व्यापार में शामिल होने का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### स्कूली वाहनों की सुरक्षा जांच के लिए छह दिवसीय अभियान शुरू

**बदायूं।** स्कूली बच्चों के सुरक्षित और सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए परिवहन विभाग ने सोमवार से छह दिवसीय विशेष अभियान 'मिशन सेफ फ्यूचर 3.0' शुरू किया है। शासन के निर्देश पर यह अभियान 14 से 19 सितंबर तक चलाया जाएगा। अभियान के दौरान परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीमें विभिन्न मार्गों और विद्यालयों में संचालित स्कूली वाहनों की सघन जांच करेंगी। अभियान का प्रमुख उद्देश्य विद्यालयों में 'विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति' का अनिवार्य रूप से गठन कराने के साथ उसकी नियमित बैठकें सुनिश्चित करना है। उत्तर प्रदेश मोटरयान नियमावली, 1998 के नियम 222-छ के तहत गठित समिति की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य करेंगे। संबंधित तहसील के नायब तहसीलदार, थानाध्यक्ष, सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी और उपखंड निरीक्षक इसके पदेन सदस्य होंगे

# हिंदी दिवस पर स्कूल-कॉलेजों में गूंजा हिंदी का गौरव

## प्रतियोगिताओं, कविता पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा, हिंदी को व्यवहार और संस्कार की भाषा बनाने का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** हिंदी दिवस के अवसर पर सोमवार को जिले के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में हिंदी भाषा के सम्मान और उसके महत्व को रेखांकित करते हुए विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने निबंध लेखन, भाषण, वाद-विवाद, सुलेख, क्विज, श्रुतलेख, कविता पाठ और दोहा-चौपाई जैसी प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन ने हिंदी को केवल संवाद का माध्यम न मानकर संस्कृति, साहित्य, संवेदना और भावनाओं की भाषा बताया।



जी लॉट पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस के मौके पर मौजूद छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा





हिंदी दिवस के मौके पर जानकारी देते अध्यापक। -जागरण मोर्चा





हिंदी दिवस पर प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। -जागरण मोर्चा

जीलॉट पब्लिक स्कूल, अलापुर रोड पर कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के महत्व पर भाषण, कविता पाठ और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। हाउस वाइज निबंध लेखन, वाद-विवाद, हिंदी सुलेख और क्विज प्रतियोगिताएं हुईं। इनमें लव हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया। जूनियर भाषण प्रतियोगिता में यूनिटी हाउस की काव्या प्रथम रहीं, जबकि सीनियर वर्ग में लव हाउस की रुचि राजपूत ने पहला स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्या ज्योति लता ने कहा कि हिंदी हमारी संस्कृति, साहित्य और भावनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण भाषा है। विद्यार्थियों को हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करने के साथ अन्य भारतीय भाषाओं का सम्मान भी करना चाहिए। निदेशिका सोनाली सचदेवा ने बताया कि 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने हिंदी को देवनागरी लिपि में संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था।

ककराला के न्यू होप्स पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में भी हिंदी दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने हिंदी भाषण, वाद-विवाद, लेखन, श्रुतलेख और हिंदी बोर्ड सज्जा प्रतियोगिताओं में भाग लिया। भाषण और वाद-विवाद के दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी के महत्व, राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका और मातृभाषा के संरक्षण पर विचार रखे। विद्यालय परिसर को हिंदी संदेशों और प्रेरणादायी उद्धरणों से सजाया गया। शिक्षकों ने हिंदी के समृद्ध साहित्य, वैज्ञानिकता और दैनिक जीवन में उसके महत्व की जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों में भाषा के प्रति आत्मगौरव की भावना बढ़ाने के साथ उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक हैं।

बिसौली के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज, शरह बरौलिया में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में हिंदी दिवस मनाया गया। छात्राओं ने हिंदी भाषा के महत्व पर विचार रखे और कविता पाठ किया। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि हिंदी दिवस हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है। हिंदी हमारी पहचान और शान है। विद्यार्थियों को अंग्रेजी के साथ हिंदी पर भी गर्व करना चाहिए और अधिक से अधिक कार्य हिंदी में करने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी अनमोल उपाध्याय, नीरज चौहान, दुर्वेश शर्मा समेत स्टाफ और एनएसएस स्वयंसेवक मौजूद रहे।

श्री देवरहा बाबा पब्लिक स्कूल, बिसौली में भी हिंदी दिवस पर विद्यार्थियों ने भाषा के गौरव, उपयोगिता और भारतीय संस्कृति से उसके जुड़ाव को प्रस्तुत किया। कक्षा नौ और दस के विद्यार्थियों के बीच दोहा एवं चौपाई सदन प्रतियोगिता हुई। ध्रुव, गंगा, प्रह्लाद और यमुना हाउस के विद्यार्थियों ने संत कबीर और रहीम के दोहों तथा रामायण की चौपाइयों का सस्वर वाचन किया। सुंदरकांड की चौपाइयों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आयोजन हिंदी प्राध्यापक भास्कर मिश्रा के मार्गदर्शन में हुआ।

निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंग्रेजी का महत्व है, लेकिन हिंदी की गरिमा, समृद्धता और विशाल शब्द-संपदा को नहीं भूलना चाहिए। प्राचार्या मीनू एल बतरा ने हिंदी की विशेषताओं को उदाहरणों के माध्यम से समझाया। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को हिंदी को व्यवहार, विचार और संस्कार की भाषा बनाने का संदेश दिया गया।

# महिलाओं के सम्मान में साड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित

## सामाजिक सरोकार के तहत क्षेत्र की महिलाओं को भेंट की साड़ियां, पहल की सराहना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**वजीरगंज।** महिलाओं के सम्मान और सामाजिक सरोकार की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को रजनी सिंह बागी के कार्यालय पर साड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं को साड़ियां भेंट कर सम्मानित किया गया। साड़ी मिलने पर महिलाओं के चेहरे पर खुशी नजर आई और उन्होंने इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया।





साड़ी वितरण कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं व कार्यक्रम के अध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम के दौरान रजनी सिंह बागी ने कहा कि क्षेत्र की महिलाएं हमेशा उनके सामाजिक कार्यों में सहयोग और विश्वास के साथ खड़ी रही हैं। महिलाओं के इसी सहयोग, स्नेह और आत्मीय संबंधों के प्रति सम्मान व्यक्त करने के उद्देश्य से साड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान केवल किसी राजनीतिक या विशेष अवसर तक सीमित नहीं होना चाहिए। समाज में महिलाओं के योगदान और उनकी भूमिका को सम्मान देना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार के साथ-साथ सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनके सम्मान और सहयोग से समाज को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। इसी भावना के तहत क्षेत्र की महिलाओं के साथ आत्मीयता साझा करने और उन्हें सम्मानित करने का प्रयास किया गया है।

कार्यक्रम में नदवारी गांव के प्रधान पवन पाठक, पूजा देवी, सोनिया सिंह, पुष्पेंद्र और दिग्विजय सिंह सहित अन्य सहयोगियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। आयोजकों ने महिलाओं से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना। उपस्थित महिलाओं ने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं के प्रति सम्मान और सामाजिक जुड़ाव की भावना को मजबूत करते हैं।



हिंदी दिवस पर ग्राहकों को सम्मानित करते बैंक कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

# हिंदी दिवस पर ग्राहकों का किया सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** हिंदी दिवस के अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक शाखा बिसौली में सोमवार को हिंदी दिवस समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बैंक के सम्मानित ग्राहकों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

शाखा प्रबंधक विवेक कुमार वर्मा ने कहा कि हिंदी हमारी पहचान और गौरव की भाषा है। जरूरत है कि सभी लोग अपने दैनिक कार्यों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करें और इसके प्रति गौरव महसूस करें। उन्होंने बैंक के ग्राहकों और कर्मचारियों से हिंदी को दिल से अपनाने का आह्वान किया। कहा कि हिंदी के व्यापक प्रयोग से ही इसे और ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। इस दौरान आकाश कुमार, लोकेश यादव, संजू, हर्षित, कौशल, विजयपाल, रिंकू मौर्य, दिनेश कुमार, आशा देवी और अनीता देवी सहित बैंक कर्मचारी व ग्राहक मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### बिनावर के 104 गांवों में तीन दिन आठ घंटे बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**बिनावर।** बरसात के दौरान विद्युत उपकेंद्र बिनावर में होने वाले जलभराव की समस्या से जल्द निजात मिलने की उम्मीद है। इसके लिए मंगलवार, बुधवार और बृहस्पतिवार को कंट्रोल रूम के चारों ओर सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया जाएगा। निर्माण कार्य के चलते बिनावर क्षेत्र के 104 गांवों की बिजली आपूर्ति तीन दिन सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक बाधित रहेगी। विद्युत उपकेंद्र बिनावर पर तैनात अवर अभियंता सतीश चंद्र ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में बिजलीघर परिसर में पानी भर जाता है। कई बार पानी कंट्रोल रूम तक पहुंचने से विद्युत आपूर्ति प्रभावित होती है और उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए कंट्रोल रूम के चारों ओर दीवार का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से बिजली आपूर्ति बंद रखी जाएगी। तीन दिनों तक सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक आपूर्ति बाधित रहने से बिनावर कस्बे समेत क्षेत्र के 104 गांवों के उपभोक्ताओं को परेशानी हो सकती है।

### कुंवरगांव बिजलीघर पर आज सात घंटे बिजली बंद

**बदायूं।** अनुरक्षण माह के तहत मंगलवार को कुंवरगांव बिजलीघर पर व्यापक मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसके चलते सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक सात घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान 33 केवी स्विचयार्ड, इनकमिंग लाइनों और पैनलों का रखरखाव किया जाएगा। शटडाउन से कुंवरगांव कस्बा, बाजार समेत उपकेंद्र से जुड़े ग्रामीण व शहरी क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। विभाग ने उपभोक्ताओं से जरूरी कार्य और पानी का भंडारण सुबह 10 बजे से पहले करने की अपील की है। काम पूरा होने के बाद शाम पांच बजे आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# कनेक्शन और जुर्माना जमा होने के बावजूद लाइनमैन की सेवा समाप्त, दूसरे मामले में कार्रवाई पर सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** विद्युत विभाग में कार्रवाई के कथित दोहरे मापदंड का मामला सामने आया है। सहसवान तहसील क्षेत्र में लाइनमैन के पद पर कार्यरत रहे फुरकान हुसैन ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अपने मामले की उच्चस्तरीय जांच और न्याय की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके खिलाफ कार्रवाई की तुलना में वर्तमान में सामने आए एक अन्य मामले में विभाग ने अलग रवैया अपनाया है।



पीड़ित लाइनमैन। -जागरण मोर्चा

फुरकान हुसैन के अनुसार, 21 सितंबर 2024 को विद्युत चेकिंग के दौरान उनके घर के संबंध में विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। उनका कहना है कि उनके पास वैध विद्युत कनेक्शन था और विभाग की ओर से निर्धारित जुर्माना भी उन्होंने जमा कर दिया था। इसके बावजूद 12 अक्टूबर 2024 को उनकी सेवा समाप्त कर दी गई।

वहीं, 8 सितंबर 2026 को एक अन्य मामले में लाइनमैन फैजानुद्दीन के किराये के स्थान पर करीब 25 बैटरी ई-रिक्शा चोरी की बिजली से चार्ज किए जाने का मामला एसडीओ जयप्रकाश और विजिलेंस टीम की जांच में सामने आया। जांच के दौरान चोरी की केबल बरामद होने की बात कही गई। इस मामले में मुनीर अख्तर के नाम से धारा 135 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई। हालांकि, उपलब्ध जानकारी के अनुसार संबंधित लाइनमैन के खिलाफ विभागीय या सेवा संबंधी कार्रवाई नहीं की गई है।

फुरकान ने दोनों मामलों में अपनाई गई कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने सेवा समाप्ति के आधारों की समीक्षा करने तथा दोनों प्रकरणों में अधिकारियों की भूमिका की जांच कराने की मांग की है।

# जनगणना में ओबीसी कॉलम व ड्रॉप डाउन सूची की मांग

## कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, मोदी सरकार ओबीसी विरोधी साबित हुई : अजीत यादव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनगणना में ओबीसी का अलग कॉलम जोड़ने और जातियों के लिए ड्रॉप डाउन सूची उपलब्ध कराने की मांग को लेकर सोमवार को कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव और ओबीसी कांग्रेस जिलाध्यक्ष बृजभूषण यादव ने किया।

ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर आयोजित प्रदर्शन में अजीत यादव ने कहा कि मोदी सरकार ओबीसी विरोधी साबित हुई है। जनगणना की अधिसूचना में ओबीसी वर्ग का अलग कॉलम नहीं जोड़ा गया है और जाति दर्ज करने के लिए ड्रॉप डाउन सूची के बजाय ओपन-एंडेड प्रश्न का विकल्प रखा गया है। इससे ओबीसी समेत अन्य वंचित वर्गों की आबादी तथा उनकी शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्थिति के सटीक आंकड़े सामने नहीं आ सकेंगे।





धरना प्रदर्शन में मौजूद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अजीत यादव। -जागरण मोर्चा

बृजभूषण यादव ने कहा कि बिहार और तेलंगाना में जनगणना के बेहतर मॉडल मौजूद हैं। पूरे देश में एक ही समाज की जातियां अलग-अलग क्षेत्रों में अलग नामों से जानी जाती हैं। ऐसे में ड्रॉप डाउन सूची जरूरी है। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में पिछड़ा वर्ग भाजपा को इस कथित धोखे का जवाब देगा।

जिला प्रवक्ता प्रदीप सिंह और जिला उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी लगातार जातिगत जनगणना की मांग उठाते रहे हैं। उनके दबाव में सरकार को यह मांग स्वीकार करनी पड़ी, लेकिन अब ओबीसी श्रेणी को प्रश्नावली से बाहर रखने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने इसे ओबीसी की वास्तविक आबादी छिपाने की साजिश बताया। एससी कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष मुनेंद्र कन्नौजिया और सेवानिवृत्त कानूनगो सुरेंद्र सिंह ने कहा कि सही आंकड़े सामने नहीं आने से ओबीसी वर्ग को आबादी के अनुपात में आरक्षण, नौकरियों और संसाधनों में हिस्सेदारी का नुकसान हो सकता है। प्रदर्शन में मृदुलेश यादव, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष नवनीत यादव समेत दर्जनों कांग्रेसी मौजूद रहे।

**धर्मकर्म**

**विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी शोभायात्रा में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया**

# शेरावाली माता की मूर्ति स्थापना से पहले निकली शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** नगर कुंवरगांव में सोमवार को थाने के पीछे स्थित जाहरवीर बाबा मंदिर पर शेरावाली माता की मूर्ति स्थापना से पहले नगर में धूमधाम के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह दिखाई दिया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर रहे। इस दौरान नगर का माहौल भक्तिमय नजर आया।



शोभा यात्रा में मौजूद भक्त। -जागरण मोर्चा

इस अवसर पर परवेन्द्र रावत, नरेंद्र भगत, नेताजी प्रेमपाल, किशनवीर, सिसुपाल, रामबाबू, हरीश, टिंकू आदि लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा शेरावाली माता की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम से पहले निकाली गई, जिसके बाद मंदिर परिसर में मूर्ति स्थापना की तैयारियां की गईं।

**शेरावाली माता की मूर्ति स्थापना से पहले निकली भव्य शोभायात्रा महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने लिया हिस्सा, भक्तिमय हुआ नगर का माहौल :** शेरावाली माता की मूर्ति स्थापना से पहले निकली शोभायात्रा कुंवरगांव। नगर में सोमवार को थाने के पीछे स्थित झारवीर बाबा मंदिर पर शेरावाली माता की मूर्ति स्थापना से पहले भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इसमें बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव में सराबोर नजर आए। माता के जयकारों से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ शोभायात्रा में सहभागिता की। इसके बाद झारवीर बाबा मंदिर परिसर में शेरावाली माता की मूर्ति स्थापना की तैयारियां की गईं।

इस मौके पर परवेंद्र रावत, नरेंद्र भगत, नेताजी प्रेमपाल, किशनवीर, सिसुपाल, रामबाबू, हरीश, टिंकू आदि मौजूद रहे।

## बाबा के जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

**बिल्सी।** श्रीबालाजी बलदेव धाम खौसारा गुधनी परिसर में धाम समिति के पदाधिकारियों एवं सेवादारों की बैठक हुई। बैठक में पांच नवंबर को धूमधाम से मनाए जाने वाले बाबा के जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पीठाधीश्वर ललितेश्वरानंद जी महाराज एवं समिति अध्यक्ष सुशील उपाध्याय की मौजूदगी में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की गई। सेवादारों को उनकी जिम्मेदारी के अनुसार अलग-अलग दायित्व सौंपे गए। सभी से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया गया। इस दौरान सुमित शर्मा, केशव उपाध्याय, ललित शर्मा, हिमांशु उपाध्याय, आशुतोष शर्मा, दीपक, निखिल, रवि शर्मा, शिवम गुप्ता, मयंक यादव आदि मौजूद रहे।

# महौरी गांव में ब्रह्मदेव मेले का हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** विधानसभा क्षेत्र के गांव महौरी में ब्रह्मदेव मेले का शुभारंभ सोमवार को हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी नेता एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सतीश प्रेमी ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन भारतीय संस्कृति की जीवंत परंपराओं को संजोए रखने का काम करते हैं। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपने इतिहास, संस्कार और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि मेले जैसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेले के शुभारंभ के दौरान ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रधान एवरन सिंह, हरविंदर यादव, विकास यादव, रविंद्र यादव, एडवोकेट रामजीमल, राजवीर सिंह यादव, विपिन यादव, कपिलदेव, मोहम्मद शाकिर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



मेले के मौके पर जनता को संबोधित करते सपा नेता। -जागरण मोर्चा




# जानलेवा हो रहा मलेरिया, जिले में 800 पार पहुंचे संक्रमित

## विभाग का दावा हो रहा हवा-हवाई, संक्रमण रोकने में फेल हुआ स्वास्थ्य विभाग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मलेरिया संक्रमण जानलेवा होता जा रहा है। जिले में संक्रिमतों की संख्या 800 के पार पहुंच गई है। संक्रमण रोकने को स्वास्थ्य विभाग साल भर सरकारी धन को पानी की तरह बहाता रहा, लेकिन मलेरिया संक्रमण फैलने से नहीं रोक सका।तमाम दावे विभाग करता रहा लेकिन डेंगू मलेरिया ने अपने पैर पसार ही लिए।


मलेरिया कार्यालय बदायूं। -जागरण मोर्चा

जिले में मलेरिया बेकाबू होता जा रहा है। पिछले साल 1967 मरीज मलेरिया संक्रमित मिले थे, लेकिन किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई थी, जबकि इस बार अब तक 800 मलेरिया पीवी तो चार पीएफ मरीज मिल चुके हैं। साथ ही बच्ची समेत कई लोगों की मौत हो चुकी है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने अब तक संक्रमण से एक भी मौत की पुष्टि नहीं की है।

जिले में 1037 ग्राम पंचायतें हैं। ग्राम पंचायत के तहत आने वाले मजरे जोड़ दिए जाएं तो गांव की संख्या 1500 से अधिक पहुंच जाएगी। कोई गांव ऐसा नहीं जहां जलभराव की स्थिति और मच्छरों का प्रकोप न हो। जिले में खासतौर पर देहात में मलेरिया तेजी से फैल रहा है। अब तक 800 लोग मलेरिया से संक्रमित हो चुके हैं। ऐसा तब है जबकि संक्रमण रोकने के लिए शासन ने 14 विभागों को जिम्मेदारी दे रखी है।

**गांव स्तर पर यह है लापरवाही :** पंचायती राज विभाग को गांवों की सफाई करानी है, लेकिन आबादी की तुलना में कर्मचारी कम हैं। सफाई और कीटनाशक का छिड़काव नहीं कराया जा रहा है। मलेरिया विभाग की टीम तभी पहुंचती है जब वहां पर मलेरिया संक्रमित मिल जाता है। अगर मलेरिया रोकने के लिए पहले से उपाय किए गए होते तो मलेरिया फैलने की संभावना कम रहती।

**इनकी भी है जिम्मेदारी :** पंचायती राज के अलावा कृषि, बेसिक शिक्षा, नगर विकास, बाल विकास, ग्राम्य विकास, चिकित्सा, सिंचाई, पशुपालन, दिव्यांग जन सशक्तीकरण, सूचना एवं जनसंपर्क, वाणिज्यकर, नमामि गंगे तथा जल निगम तथा शिक्षा विभाग के ग्राम स्तरीय कर्मचारियों को जागरूकता और जिला स्तरीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ संक्रामक रोग रोकने की जिम्मेदारी दी गई है।

### मलेरिया विभाग के पांच साल के आंकड़े

| वर्ष | जांच | Children |
|---|---|---|
| 2021 | 157294 | 1665 |
| 2022 | 2, 70377 | 1373 |
| 2023 | 3, 72,684 | 3224 |
| 2024 | 4, 31309 | 3610 |
| 2025 | 3,99060 | 1967 |
| 2026 | 2,28000 | 604 |

नोट-इस साल के आंकड़े 30 अगस्त तक के ही सामने आए हैं।

# तालाबों पर अवैध कब्जे के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना, तहसील प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** बिसौली तहसील क्षेत्र के ग्राम बगरैन में तालाबों पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए तालाब स्वामी और ग्रामीणों ने मालवीय आवास गृह पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि निजी और ग्रामसभा के तालाबों की भूमि पर भू-माफिया ने कब्जा कर रखा है, लेकिन तहसील प्रशासन की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

धरने पर बैठे तालाब स्वामी रामबाबू कश्यप ने बताया कि बगरैन में निजी तालाब की खतौनी में रकबा करीब 96 बीघा दर्ज है, जबकि ग्रामसभा के तालाब का रकबा करीब 154 बीघा बताया गया है। आरोप है कि ग्रामसभा के तालाब की करीब 20 बीघा भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि तालाबों की भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए कई बार तहसील प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ।


धरने पर मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

रामबाबू कश्यप के साथ तिलक चंदन, रामदास, भूदेव और कमल कश्यप समेत अन्य लोग दिन-रात धरने पर बैठे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि 25 मई से तालाब को कब्जामुक्त कराने की मांग को लेकर आंदोलन चलाया जा रहा है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया। धरनारत लोगों ने तहसील प्रशासन के कुछ कर्मचारियों पर भू-माफिया से मिलीभगत का आरोप लगाते हुए तालाब की जमीन के मामले में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होने की बात कही है। उनका आरोप है कि तहसील कर्मियों की मिलीभगत से तालाब की जमीन के नाम पर करोड़ों रुपये का खेल किया जा रहा है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। रामबाबू कश्यप ने कहा कि वह इस लड़ाई को आर-पार तक लड़ेंगे। जब तक तालाब की विधिवत पैमाइश नहीं हो जाती और तालाब से संबंधित कागजात उनके हाथ में नहीं आ जाते, तब तक वह धरने से वापस नहीं जाएंगे। उन्होंने प्रशासन से मौके पर पैमाइश कराकर तालाब की वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने और अवैध कब्जे हटाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि करीब 100 दिन से तहसील प्रशासन से वार्ता और समाधान की उम्मीद की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

# एनीमिया मुक्त भारत अभियान को पलीता: 1641 गर्भवतियां गंभीर एनीमिया से पीड़ित

देवेश मिश्रा, जागरण मोर्चा कार्यालय

- **आयरन की गोलियां, जांच और पोषण योजनाएं फिर भी गंभीर एनीमिया**
- **नियमित निगरानी और फॉलोअप की कमी,आगनबाड़ी केंद्रों पर नहीं मिल रहा पोषण अहार**

**बदायूं।** जिले में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ा एक आंकड़ा चिंता बढ़ाने वाला है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 1641 गर्भवतियां गंभीर एनीमिया से जूझ रही हैं। गर्भावस्था के दौरान शरीर में खून की कमी मां के साथ गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य के लिए भी जोखिम बढ़ा सकती है। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में गर्भवतियों का गंभीर एनीमिया की श्रेणी में होना स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और निगरानी की समीक्षा की जरूरत बताता है।

गर्भवतियों को एनीमिया से बचाने के लिए शासन स्तर से कई योजनाएं संचालित हैं। स्वास्थ्य केंद्रों पर हीमोग्लोबिन की जांच, आयरन-फोलिक एसिड की गोलियां, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय परामर्श दिया जाता है। आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिए पोषण उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था है। इसके बावजूद गंभीर एनीमिया से पीड़ित महिलाओं की संख्या कम नहीं हो पा रही है तो यह देखना जरूरी हो जाता है कि योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक किस स्तर तक पहुंच रहा है।

**पोषण से लेकर फॉलोअप तक पड़ताल की जरूरत :** ग्रामीण क्षेत्रों में गर्भवतियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, दवाओं के सेवन और पोषण की स्थिति पर लगातार नजर रखना चुनौती बना हुआ है। कई परिवारों में आर्थिक स्थिति के कारण भोजन में पर्याप्त आयरन और प्रोटीन शामिल नहीं हो पाता। ऐसे में केवल दवा उपलब्ध कराना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि गर्भवती के स्वास्थ्य की लगातार निगरानी और जरूरत के अनुसार उपचार भी जरूरी है। अब स्वास्थ्य विभाग के सामने 1641 गंभीर एनीमिया वाली गर्भवतियों की नियमित निगरानी, जांच और उपचार सुनिश्चित करने की चुनौती है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाड़ी तंत्र के बीच समन्वय मजबूत कर यह भी देखना होगा कि निर्धारित पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं वास्तव में लाभार्थियों तक समय से पहुंच रही हैं या नहीं। आंकड़ा सामने आने के बाद योजनाओं की जमीनी स्थिति की समीक्षा और प्रभावी फॉलोअप पर जोर देना जरूरी हो गया है।

> देहात क्षेत्र में आज भी महिलाओं में जागरूकता का अभाव है। महिलाएं आज भी सबसे बाद में खाना खाती है। गर्भवती को यह नुकसान दायक है। आयरन की गोलियां खाने से भी अधिकांश महिलाए दूर रहती हैं। यही वजह हैं कि इतनी बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं में खून की कमी सामने आई है। लगातार जागरूक अभियान चलाया जा रहा है। गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार की आवश्यकता होती है उन्हें पोषक आहार ही लेना चाहिए।
>
> **-डॉ. राजवीर सिंह, नोडल अधिकारी,आरसीएच**

# स्टाफ हटने से तीन दिन से आईसीयू में ताले, गंभीर मरीज हो रहे रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

- **सीएमओ कार्यालय से संबद्ध कर्मचारियों को हटाया गया, नई तैनाती नहीं होने से ठप हुआ संचालन**

**बदायूं।** जिला अस्पताल की आईसीयू सेवा पिछले तीन दिनों से बंद पड़ी है। आईसीयू वार्ड के संचालन में लगे कर्मचारियों को सीएमओ कार्यालय से संबद्ध किया गया था। बाद में उन्हें वहां से हटा दिया गया, लेकिन उनके स्थान पर नए कर्मचारियों की तैनाती नहीं की गई। पर्याप्त स्टाफ के अभाव में आईसीयू का संचालन संभव नहीं हो सका और वार्ड में ताले लटक गए। इसका सीधा असर गंभीर मरीजों के इलाज पर पड़ रहा है।



आईसीयू वार्ड में लगे ताले। -जागरण मोर्चा

जिला अस्पताल में आईसीयू की व्यवस्था गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार और लगातार निगरानी उपलब्ध कराने के लिए की गई है। सांस लेने में गंभीर परेशानी, अत्यधिक गंभीर अवस्था या ऐसी स्थिति में आने वाले मरीजों को जहां लगातार चिकित्सकीय निगरानी की जरूरत होती है, उन्हें आईसीयू में भर्ती किया जाता था। लेकिन स्टाफ उपलब्ध नहीं होने से पिछले तीन दिनों से एक भी गंभीर मरीज को आईसीयू में भर्ती नहीं किया गया।

आईसीयू बंद होने का सबसे बड़ा असर यह है कि गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को यहां आवश्यक निगरानी और उपचार की सुविधा नहीं मिल पा रही है। ऐसे मरीजों को चिकित्सक हायर सेंटर के लिए रेफर कर रहे हैं। अचानक रेफरल होने से मरीजों के परिजनों को दूसरे अस्पताल तक ले जाने की परेशानी के साथ अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ रहा है। गंभीर मरीजों के मामले में समय पर उपचार न मिलने का जोखिम भी बढ़ जाता है।

अस्पताल में आईसीयू मौजूद होने के बावजूद उसके बंद रहने से मरीजों और तीमारदारों में भी नाराजगी है। उनका कहना है कि गंभीर मरीजों के लिए बनाई गई महत्वपूर्ण सुविधा का संचालन स्टाफ की कमी के कारण रुकना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है।

सीएमएस डॉ. सतीश नागर ने बताया कि आईसीयू को जल्द शुरू कराया जाएगा। स्टाफ की व्यवस्था की जा रही है। आवश्यक कर्मचारी उपलब्ध होते ही वार्ड का संचालन शुरू कर दिया जाएगा।

# गौशालाओं में लापरवाही की शिकायत पर मंडलीय अधिकारी ने मांगी रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पशु प्रेमी की शिकायत का संज्ञान, तीन दिन में जवाब नहीं देने पर सीवीओ होंगे जिम्मेदार**

**बदायूं।** जनपद की गौशालाओं में गोवंशों के रखरखाव, भोजन और उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि गौशालाओं में गोवंशों के साथ अत्याचार हो रहा है और उन्हें पर्याप्त भोजन, पानी व उपचार नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने पत्र में यहां तक मांग की कि यदि गोवंशों को इस तरह भूख-प्यास से मरने के लिए छोड़ना है तो उन्हें एक बार में दयामृत्यु दी जाए।

शिकायत की प्रतिलिपि जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पशुपालन विभाग के उच्चाधिकारियों को भी भेजी गई। मामले का संज्ञान लेते हुए पशुपालन विभाग बरेली के अपर निदेशक ग्रेड-2 डॉ. मदनपाल ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से तीन दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि निर्धारित समय में जवाब न मिलने पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

विकेंद्र शर्मा ने आरोप लगाया कि जनपद स्तर के अधिकारी कई बार झूठी आख्या लगाकर उच्चाधिकारियों को गुमराह कर देते हैं। उनका कहना है कि शिकायतकर्ता का पक्ष सुने बिना ही पशुपालन विभाग की आख्या को सही मानकर शिकायत का निस्तारण कर दिया जाता है। अब शिकायत मंडलीय अधिकारियों तक पहुंचने के बाद उन्हें उम्मीद है कि मामले की निष्पक्ष जांच होगी और गौवंशों के हित में प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

> अभी एक माह बदायूं में आए हुए हुआ है। सभी गौशालाओं को ऑनलाइन किया जा रहा है। सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिससे कि कंट्रोल रूम में बैठकर कर्मचारी अधिकारी पूरी गौशालाओं का ध्यान रख सकें।जल्द ही जिले की गौशालाओं को हाईटेक बनाकर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर दी जाएगीं।
>
> **-प्रेम सिंह कोहली, सीवीओ बदायूं**

# राम आश्रम में विधिविधान से हुई गणेश स्थापना, महिलाओं ने मंगल गीत गाकर किया विघ्नहर्ता का गुणगान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उझानी।** श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर मेरे राम आश्रम में भगवान श्री गणेश की विधिविधान से स्थापना कर पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। श्रद्धालुओं ने प्रथम पूज्य गणपति से सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की। भगवान को मोदक, मेवा एवं मिष्ठान का भोग लगाया गया। महिलाओं ने मंगलगीत गाकर विघ्नहर्ता का गुणगान किया।

सामाजिक संत एवं श्रीराम कथा वाचक रवि जी समदर्शी महाराज ने कहा कि भगवान श्री गणेश बुद्धि, विवेक, शुभता और मंगल के प्रतीक हैं। गणेश चतुर्थी हमें अहंकार और नकारात्मकता दूर कर सद्बुद्धि, संयम एवं सदाचार अपनाने की प्रेरणा देती है। यज्ञाचार्य गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि गणेश चतुर्थी जीवन में विवेक, अनुशासन और श्रेष्ठ चिंतन अपनाने का संकल्प लेने का पर्व है।


उझानी के मेरे राम आश्रम पर भगवान श्री गणेश का पूजन करते सामाजिक संत रवि जी महाराज, वेदमन्त्रोच्चारण करते संजीव कुमार शर्मा। -जागरण मोर्चा

इस दौरान श्रद्धालुओं ने 'गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया' के जयकारे लगाए। आरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर धर्मपाल राजपूत, राष्ट्रवीर शर्मा, अंकित माथुर, गुल्लू गुप्ता, अमन शर्मा, रुद्र साहू, गुड्डो देवी गुप्ता, आर्यन, आरव गुप्ता, राखी, सिया आदि मौजूद रहे।

# बाइक की टक्कर से घायल अधेड़ की दिल्ली ले जाते समय मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** बड़ेरिया गांव के पास आठ सितंबर को बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए 55 वर्षीय जय सिंह की रविवार रात दिल्ली ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची सहसवान कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


मृतक का फाइल फोटो।

परिजनों के मुताबिक जय सिंह पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी गांव के एक बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसवान लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में उपचार के बावजूद उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद परिजन उन्हें अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां भी हालत लगातार बिगड़ती रही। रविवार रात परिजन बेहतर उपचार की उम्मीद में उन्हें दिल्ली ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में जय सिंह ने दम तोड़ दिया।

घटना की जानकारी परिजनों ने सहसवान कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। हादसे के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

**जांच** | बंदियों से बातचीत कर जानी समस्याएं, प्रतिबंधित सामग्री रोकने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

# जिला जज समेत अधिकारियों ने जिला कारागार का किया त्रैमासिक निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिला कारागार बदायूं का सोमवार को जिला जज विवेक संगल, जिलाधिकारी अवनीश राय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तौसीफ रजा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने त्रैमासिक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बंदी बैरकों, किशोर बैरक, पाकशाला और चिकित्सालय समेत जेल के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस फोर्स के साथ बंदियों की तलाशी भी ली गई। अधिकारियों ने जेल प्रशासन को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।


निरीक्षण कर जेल से निकलते अधिकारी। -जागरण मोर्चा

जिला जज ने बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं और जेल में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बंदियों से यह भी जाना कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी तो नहीं है। इस दौरान उन्होंने बंदियों के हिस्ट्री टिकट में चिकित्सक द्वारा आयु का सही निर्धारण कर अंकित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने जेल प्रशासन से कहा कि जेल परिसर के अंदर किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित सामग्री नहीं पहुंचनी चाहिए। इसके लिए नियमित रूप से तलाशी और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही जेल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित कर्मचारियों से भी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक राजेंद्र कुमार, जेलर शैलेश कुमार सिंह सोनकर समेत जेल प्रशासन के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## नौ वर्षीय बच्चे को पीटकर जबरन ले जाने का आरोप

**बदायूं।** फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव ओरछी में घर के पास खेल रहे नौ वर्षीय बच्चे को पीटकर जबरन अपने साथ ले जाने का मामला सामने आया है। बच्चे की मां ने गांव के ही एक व्यक्ति पर बेटे को मारपीट कर ले जाने और विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना के बाद से बच्चा लापता बताया जा रहा है। महिला ने थाने में तहरीर देकर बेटे की सकुशल बरामदगी और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव ओरछी निवासी मीना पत्नी कैलाश दिवाकर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार दोपहर करीब एक बजे उनका नौ वर्षीय बेटा राजकुमार घर के पास खेल रहा था। आरोप है कि इसी दौरान गांव का राकेश पुत्र धर्मपाल कश्यप वहां पहुंचा और बच्चे के साथ मारपीट करने लगा।

# गणेश चतुर्थी पर मंगलमूर्ति की स्थापना, गूंजे मंगलगीत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**उझानी।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी पर मोहल्ला नझियाई में भगवान श्री गणेश का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मंगलमूर्ति श्री गणेश की स्थापना कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। भगवान को मोदक, मेवा-मिष्ठान का भोग लगाकर आरती की गई। वहीं मातृशक्तियों ने मंगलगीत गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

यज्ञाचार्य एवं गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने वेदमंत्रोच्चार के साथ गणपति पूजन कराया। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश बुद्धि, विवेक, शुभता और विघ्नों के निवारण के प्रतीक हैं। गणेश चतुर्थी का पर्व मनुष्य को सद्बुद्धि, संयम और सकारात्मक चिंतन अपनाने की प्रेरणा देता है।


उझानी के मुहल्ला नझियाई में श्री गणेश चतुर्थी पर मंगलमूर्ति भगवान श्री गणेश का पूजन कराते गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा। -जागरण मोर्चा

मुख्य यजमान उमाशंकर शर्मा ने सपत्नीक विधि-विधान से गणपति पूजन किया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश से परिवार की सुख-समृद्धि, सुख-शांति और मंगल की कामना की। इस अवसर पर इंद्रावती शर्मा, सोना तिवारी, ट्विंकल, रिंकू शर्मा, मोहित, जूही, चंचल कश्यप, बिंटू शर्मा, श्रद्धा आदि मौजूद रहे।

**एक नजर**



### पहाड़ीपुर भोपत की प्रधान पंचायत रत्न पुरस्कार 2026 के लिए चयनित

**खुदागंज।** विकासखंड कटरा खुदागंज की ग्राम पंचायत पहाड़ी पुर भोपत की प्रधान श्रीमती रूबी देवी गंगवार का पंचायत रत्न पुरस्कार 2026 के लिए चयन किया गया है पूरे देश से इस पुरस्कार के लिए चयनित होने वाले 51 प्रधान शामिल है यह बरेली मंडल से चयनित होने वाली इकलौती ग्राम प्रधान है चयन की सूचना मिलने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारी व ग्रामीणों ने उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी उन्हें यह सम्मान आगामी 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर आजमगढ़ जिला मुख्यालय पर आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा।

# प्रशासन, संवेदना और विकास के भागीरथ का दूसरा नाम : धर्मेंद्र प्रताप सिंह

## भैंसी नदी में पुनर्जीवन के प्रेरणा स्रोत, प्रशासन जनता के और करीब आया, दो साल में विकास, शिक्षा ,पर्यावरण योजना क्रियान्वयन को मिली दिशा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने शाहजहांपुर में अपने कार्यकाल के दो वर्ष पूरे कर लिए हैं। 14 सितंबर 2024 को जिले की कमान संभालने वाले जिलाधिकारी ने इन दो वर्षों में प्रशासनिक व्यवस्था के साथ-साथ विकास, शिक्षा, पर्यावरण, राजस्व और जनशिकायतों के निस्तारण औ योजनाओं के क्रियान्वयन में कई उल्लेखनीय पहल की और लीक से हटकर नई परम्पराओं के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभान्वित करने की हर ओर सराहना हुई।

फरियादियों के लिये प्रतीक्षालय, पुस्तकालय, कस्तूरबा विद्यालयों की छात्राओं के लिये सामूहिक भोज, नववर्ष सेलीब्रेशन, केजीबीबी विद्यालयों में अतिरिक्त संसाधनों की व्यवस्था सुविधायें स्कूलों का सौन्दर्यकरण, पत्रकारों की समस्याओं पर सार्थक पहल भैंसी नदी का पुर्नजीवन जनता के प्रति मानवीय संवेदनाओं का पुट विशेष उल्लेखनीय रहा। उनके कार्यकाल की सबसे चर्चित उपलब्धियों में दशकों से सूखी पड़ी भैंसी नदी का पुनर्जीवन शामिल है, जिसने जिले में पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी की एक नई मिसाल कायम की। भैंसी नदी के पुनर्जीवन के लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाया गया। करीब 53 से 56 किलोमीटर लंबी नदी की धारा को पुनर्जीवित करने के लिए जेसीबी मशीनों से खुदाई, अतिक्रमण हटाने और जलस्रोतों को मुक्त कराने का काम हुआ। इस दौरान करीब 80 तालाबों को कब्जामुक्त कराया गया और नदी के किनारों पर 40 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया गया। अभियान में प्रशासन के साथ ग्रामीणों और स्थानीय लोगों की भागीदारी भी रही।



डीएम शाहजहांपुर धर्मेंद्र प्रताप सिंह।

नदी में पानी की वापसी ने इस प्रयास को जिले की प्रमुख विकासात्मक उपलब्धियों में शामिल कर दिया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को नदी के पुनर्जीवन के लिए 'भागीरथ' की संज्ञा दी। जिलाधिकारी के कार्यकाल में शिक्षा के क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। 67 अवैध अथवा अमान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को सरकारी विद्यालयों में समायोजित कराया गया। पीएम श्री विद्यालयों के आधुनिकीकरण, मैथ पार्क की स्थापना और जर्जर विद्यालय भवनों के संबंध में भी कार्रवाई की गई।

मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में कैरियर काउंसलिंग, निपुण भारत मिशन की प्रगति और ग्रामीण क्षेत्रों में पुस्तकालयों की स्थापना जैसे प्रयासों से शिक्षा को केवल भवन और पाठ्यक्रम तक सीमित न रखते हुए विद्यार्थियों के भविष्य से जोड़ने पर जोर दिया गया। बच्चों के साथ जन्मदिन मनाने जैसी संवेदनशील पहल ने प्रशासनिक पद की औपचारिकता से अलग मानवीय जुड़ाव का संदेश भी दिया। जनशिकायतों के निस्तारण को जिलाधिकारी ने प्रशासन की प्राथमिकताओं में रखा। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में शाहजहांपुर ने प्रदेश स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया और एक समय जिले को चौथा स्थान भी मिला। 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने के साथ शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर दिया गया।

जनता दर्शन, तहसील समाधान दिवस और अन्य जनसुनवाई कार्यक्रमों में लोगों की समस्याएं सुनने के साथ कई मामलों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। फरियादियों से संवेदनशील तरीके से संवाद करने के उनके कई प्रसंग भी चर्चा में रहे।

राजस्व मामलों के निस्तारण में तेजी लाने के साथ लंबित मामलों की समीक्षा की गई। 15 लेखपालों के स्थानांतरण, फार्मर रजिस्ट्री में सख्ती और राजस्व संबंधी कार्यों की नियमित निगरानी के जरिए व्यवस्था को अधिक जवाबदेह बनाने का प्रयास किया गया। सीएम डैशबोर्ड पर राजस्व एवं विकास से जुड़े मानकों में जिले के बेहतर प्रदर्शन ने भी प्रशासनिक निगरानी की तस्वीर पेश की। अगस्त 2026 में भी शाहजहांपुर के प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहने का उल्लेख प्रशासनिक उपलब्धियों में है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों की जवाबदेही पर भी जोर, कलेक्ट्रेट में स्वयं चेकिंग करने, हेलमेट न लगाने वालों के चालान कराने और अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई चर्चा में रही

महिलाओं और बच्चियों के लिए आयरन गोली अभियान, मध्याह्न भोजन में बच्चों को अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहजन के पौधों का रोपण, शुद्ध पेयजल संयंत्रों की स्थापना तथा सड़क, नाली और तालाब समस्याओं का सटीक निराकरण हुआ ।

देवरिया के तरकुलवा गांव के किसान परिवार के 21 वर्ष आयु में एसडीएम बनने वाले धर्मेंद्र प्रताप सिंह 2013 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। जोकि नई दिल्ली नगरपालिका परिषद में निदेशक (सतर्कता) रह चुके हैं। वह प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त है।

दो वर्षों के कार्यकाल को में धर्मेंद्र प्रताप सिंह की कार्यशैली में एक तरफ प्रशासनिक सख्ती और जवाबदेही दिखाई देती है, तो दूसरी ओर जनसरोकारों से जुड़े विषयों पर संवेदनशीलता भी नजर आती है। भैंसी नदी के पुनर्जीवन से लेकर विद्यालयों में सुधार, जनशिकायतों के निस्तारण, राजस्व व्यवस्था में पारदर्शिता और पर्यावरण संरक्षण तक कई ऐसे प्रयास सामने आए हैं, जिनका असर जमीनी स्तर पर दिखाई दिया ।जिलाधिकारी के रूप में धर्मेंद्र प्रताप सिंह का दो वर्षीय कार्यकाल शाहजहांपुर जनपद के लिए विभिन्न विकास योजनाओं परंपराओं और जन सरोकार के लिए एक भागीरथ प्रयास के रूप में देखा जाएगा।

# अभद्र टिप्पणी के खिलाफ सड़क पर उतरे पत्रकार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पुवायां शाहजहांपुर।** डॉ. केपी गुप्ता पर पत्रकारों के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को पुवायां, खुटार, बंडा और सिंधौली क्षेत्र के पत्रकारों ने विरोध प्रदर्शन किया। वरिष्ठ पत्रकार हरिओम त्रिवेदी के नेतृत्व में पत्रकार बंडा रोड स्थित अमर उजाला कार्यालय पर एकत्र हुए। यहां से नारेबाजी करते हुए राजीव चौक पहुंचे और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदानंद सरोज व सीओ प्रवीण मलिक को सौंपा। ज्ञापन में पत्रकारों ने बताया कि पुवायां के चरक हॉस्पिटल में आठ जुलाई को ककरहा गांव निवासी किशनपाल की पत्नी जूली का प्रसव के लिए डॉ. केपी गुप्ता ने ऑपरेशन किया था। हालत बिगड़ने पर नौ सितंबर को उनकी मौत हो गई। मामले में मृतका के ससुर जोगराज की तहरीर पर अस्पताल संचालक डॉ. फिरोज खां और डॉ. केपी गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पत्रकारों का आरोप है कि घटना से संबंधित खबरें प्रकाशित होने के बाद डॉ. गुप्ता ने प्रेस कांफ्रेंस में पत्रकारों के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की। इससे महिला और पुरुष पत्रकारों के सम्मान को ठेस पहुंची है। पत्रकारों ने मामले की एसपी स्तर से जांच कराकर बीएनएस और आईटी एक्ट की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की मांग की। इसके साथ ही निजी अस्पतालों में स्थायी सर्जन और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की उपलब्धता तथा सूचना बोर्ड पर दर्ज डॉक्टरों की वास्तविक तैनाती की जांच कराने की मांग भी की गई।



पत्रकारों के खिलाफ टिप्पणी परज्ञापन देते पत्रकार । -जागरण मोर्चा

## परशुरामपुरी की रक्षिता का KGMU लखनऊ में हुआ चयन

**परशुरामपुरी शाहजहांपुर।** खेड़ा मोहल्ला निवासी होनहार छात्रा रक्षिता अग्निहोत्री का प्रदेश के प्रतिष्ठित किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (KGMU), लखनऊ में फिजियोथेरेपी इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ है। रक्षिता के चयन से परिवार, गांव और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है।रक्षिता बीपीटी बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी की छात्रा हैं और तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में अध्ययनरत हैं। KGMU प्रशासन द्वारा जारी कार्यालय आदेश के अनुसार उन्हें अक्टूबर 2026 से छह माह की रोटेशनल इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा। इस दौरान वह न्यूरोसर्जरी सहित विभिन्न विभागों में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी।



रक्षिता अग्निहोत्री।

# पंजाबी महासभा में सुरेंद्र सेठी जिलाध्यक्ष और रितेश आनंद बनेमहानगर अध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** पंजाबी महासभा का स्थापना दिवस समारोह रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हुई बैठक में सर्वसम्मति से सुरेंद्र सेठी को जिला अध्यक्ष और रितेश आनंद उर्फ रोमी को महानगर अध्यक्ष चुना गया। संगठन की नियमावली के अनुसार दोनों पदाधिकारी दो वर्ष तक जिम्मेदारी संभालेंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष लाजपत बत्रा का कार्यकाल पूरा होने पर उन्हें फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही नवनियुक्त अध्यक्षों का भी स्वागत किया गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सेठी ने कहा कि जल्द ही पंजाबी महासभा का पूरे जिले में विस्तार किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष रितेश आनंद उर्फ रोमी ने संगठन को मजबूत करने के लिए जल्द ही महिला और यूथ विंग का गठन करने की बात कही। कार्यक्रम में महिलाओं ने तंबोला (हाऊजी) में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रेम नारंग, विनय चड्ढा, रूपेश बोहरा, विजय मेहरोत्रा, सतीश आनंद, श्याम सुंदर कपूर, जगदीश गांधी, महेंद्र चावला, नरेंद्र कुकरेजा, राजीव कामरा, कृष्ण गोपाल बिन्नू, जुगल तनेजा, मनोज खुराना, राजकुमार, हरीश बजाज, नंदलाल खंडूजा और गगन खन्ना समेत बड़ी संख्या में पंजाबी समाज के लोग मौजूद रहे। अंत में महानगर अध्यक्ष रितेश आनंद उर्फ रोमी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संक्षेप समाचार

### छुट्टा पशु से बाइक टकराई, दो ज़ख्मी

**शाहबाद।** सोमवार को रम्पुरा निवासी पुष्पा अपने बेटे सरजीत के साथ बाइक पर सवार होकर शाहबाद के लख्खी बाग़ स्थित शिव मंदिर आ रही थीं। शाहबाद-आंवला स्टेट हाइवे पर राकेश ढाबे के पास अचानक गाय बाइक के सामने आ गई और बाइक गाय से टकरा गई। टक्कर लगते ही मां-बेटा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना की जानकारी एंबुलेंस को दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने पुष्पा की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, सरजीत का सीएचसी में उपचार किया गया। हादसे के बाद परिजनों को भी घटना की सूचना दी गई।

### साप्ताहिक बंदी न होने पर थाना अध्यक्ष से मिले व्यापारी



साप्ताहिक बंदी को लेकर थाना प्रभारी से मिले व्यापार मंडल के लोग।

**खुदागंज।** कुछ व्यापारियों द्वारा साप्ताहिक बंदी का अनुपालन न करने से नाराज व्यापार मंडल के अध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारियों ने थाने पहुंचकर थाना अध्यक्ष को शिकायती पत्र सौंपा। व्यापारियों का आरोप है कि बड़ी संख्या में दुकानदारों द्वारा सोमवार को शासन द्वारा स्वीकृत साप्ताहिक बंदी का अनुपालन नहीं किया जा रहा है जिस कारण बंदी के आदेश का पालन करने वाले व्यापारियों को आर्थिक रूप से नुकसान उठाना पड़ता है उन्होंने थाना अध्यक्ष से सभी व्यापारियों से साप्ताहिक बाजार बंदी का अनुपालन कराए जाने की मांग की है इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष कृपा शंकर रस्तोगी विकास अग्रवाल गोपेश अग्रवाल शान मोहम्मद इंद्रजीत सिंह आशुतोष सिंह मोहम्मद नाजिम आमिर संजीव कुमार अंकित शुक्ला रवि गोस्वामी तालिब बैग आदि मौजूद रहे।

### ट्राली बैग में गांजा लेकर कानपुर पहुंची शाहजहांपुर की युवती, गिरफ्तार



मादक पदार्थ के साथ पकड़ी गई युवती।

**शाहजहांपुर/कानपुर।** शराब और मादक पदार्थों की तस्करी में अब युवतियों की भूमिका भी सामने आने लगी है। कानपुर रेलवे स्टेशन के पास पुलिस ने 22 वर्षीय युवती को आठ किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार युवती शाहजहांपुर की रहने वाली है और नोएडा में हाउसकीपिंग का काम करती थी। वह ट्राली बैग में गांजा लेकर कानपुर में सप्लाई करने पहुंची थी। पुलिस के मुताबिक, संदिग्ध गतिविधि के आधार पर युवती को रेलवे स्टेशन के पास रोका गया। तलाशी लेने पर उसके ट्राली बैग से करीब आठ किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने शाहजहांपुर के अजीजगंज की रहने वाली होने और नोएडा में हाउसकीपिंग का काम करने की जानकारी दी। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि युवती गांजा कहां से लेकर आई थी और कानपुर में किसे इसकी सप्लाई करनी थी। उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

# पीड़ित को न्याय, मुजरिम को जेल: शाहबाद कोतवाल का साफ संदेश, साजिशकर्ताओं की अब नहीं है खैर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** कोतवाली का चार्ज संभालते ही प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह अपनी धाकड़ कार्यशैली से अपराधियों के लिए काल साबित हो रहे हैं। "पीड़ित को हर हाल में न्याय मिले और आरोपी सलाखों के पीछे जाएं"— इस मूलमंत्र के साथ मैदान में उतरे कोतवाल धनंजय सिंह ने महज एक महीने के भीतर दर्जनों वांछित अपराधियों को सलाखों के पीछे भेजकर इलाके में कानून का राज स्थापित कर रहे है।

कोतवाल धनंजय सिंह की सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह उन लोगों के सख्त खिलाफ रहते हैं जो साजिश रचकर पीड़ितों को ही आरोपी बनाने का खेल खेलते हैं। उन्होंने साफ संदेश दिया है कि शाहबाद में अब रसूख या फर्जी दांवपेच नहीं चलेंगे। न्याय उसे मिलेगा जो हकीकत में पीड़ित है, और जो फर्जी मुकदमों का ताना-बाना बुनेंगे, उनके खिलाफ पुलिस का डंडा सख्ती से चलेगा।



कोतवाल धनंजय सिंह। -जागरण मोर्चा

चार्ज संभालते ही धनंजय सिंह ने अपनी टीम के साथ मिलकर क्षेत्र के फरार, वारंटी और वांछित अपराधियों पर चौतरफा कार्रवाई शुरू कर दी। मात्र एक माह के कार्यकाल में दर्जनों अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्होंने अपराधियों की कमर तोड़ दी है। पुलिस की इस आक्रामक कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मचा हुआ है। अपनी कड़क छवि के उलट, आम जनता के लिए धनंजय सिंह एक रक्षक की भूमिका में हैं। शहरी बाबू हों या ग्रामीण, बड़े व्यापारी हों या समाज का सबसे गरीब तबका, धनंजय सिंह हर किसी से बेहद सादगी और खुलकर मिलते हैं। यही मिलनसार और निष्पक्ष व्यवहार उन्हें दूसरे पुलिस अफसरों से अलग और खास पहचान दिलाता है। आज शाहबाद क्षेत्र की हर गली, चौराहे और बाजार में कोतवाल धनंजय सिंह की कार्यशैली की जमकर तारीफ हो रही है। जनता अब खुद को सुरक्षित महसूस कर रही है।

# शाहबाद में मंदिरों पर गणेश प्रतिमाओं की हुई स्थापना

## स्थापना से पूर्व शहर में निकली शोभायात्रा, झूमे श्रद्धालु

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को नगर के मंदिरों के साथ-साथ घरों में भी लोगों ने गणपति बप्पा को स्थापित किया और हवन पूजन के साथ प्रसाद वितरण किया। गणेश चतुर्थी के अवसर पर बिजलीघर स्थित शिव मंदिर, मोहल्ला बरवलान स्थित चामुंडा मंदिर, मोहल्ला हकीमान स्थित वाल्मीकि मंदिर, मोहल्ला जिलेदारान स्थित शिव मंदिर, एसडीएम कॉलोनी, नालापार स्थित शिव मंदिर के साथ-साथ बेरियों वाले शिव मंदिर में गणपति बप्पा की प्राण प्रतिष्ठा हेतु शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों पर निकाली गई। आपको बता दें कि गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंदिर और घरों में भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना पूरे विधि विधान के साथ की गई। सुबह और शाम दोनों टाइम हवन, पूजन व आरती होगी, उसके पश्चात 10 दिन के बाद ढाकुरिया के रामगंगा घाट पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है।



गणेश चतुर्थी पर शाहबाद नगर में निकलती शोभायात्रा। -जागरण मोर्चा

**आयोजन** 'हिंदी हमारा अभिमान' पर बंदियों ने लिखे निबंध

# जिला कारागार में हिंदी दिवस पर हुई निबंध प्रतियोगिता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय हिंदी दिवस के अवसर पर जिला कारागार शाहजहाँपुर में निरुद्ध बंदियों के मध्य 'हिंदी हमारा अभिमान' विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बंदियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए हिंदी भाषा के महत्व, उसकी समृद्ध साहित्यिक विरासत तथा राष्ट्रीय एकता में हिंदी के योगदान पर अपने विचार लेखनी के माध्यम से व्यक्त किए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री जे.पी. तिवारी ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संवेदनाओं और राष्ट्रीय चेतना की सशक्त अभिव्यक्ति है। हिंदी हमें अपनी जड़ों और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ती है। इसके प्रति सम्मान और गौरव का भाव बनाए रखना हम सभी का दायित्व है।उन्होंने बंदियों को अध्ययन, लेखन एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में निरंतर सहभागिता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और साहित्य व्यक्ति के विचारों को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं तथा व्यक्तित्व निर्माण एवं सामाजिक पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से बंदियों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि, अभिव्यक्ति कौशल और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। आयोजन के दौरान बंदियों ने हिंदी के प्रति अपने सम्मान और भावनाओं को निबंधों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।



प्रतियोगिता में शामिल बंदी। -जागरण मोर्चा

## कार्रवाई न होने पर तिलहर कोतवाली पर किया प्रदर्शन

**तिलहर।** सोशल मीडिया पर हिंदू संगठनों और कार्यकर्ताओं के खिलाफ कथित आपत्तिजनक व धमकीपूर्ण टिप्पणियों के मामले में कार्रवाई न होने पर सोमवार को हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने थाना परिसर में धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई में देरी का आरोप लगाते हुए आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। जिलाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी और जिला महासचिव शुभम मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ता थाना परिसर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। उनका कहना था कि संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट और आपत्तिजनक टिप्पणियों के स्क्रीनशॉट पहले ही पुलिस को उपलब्ध कराए जा चुके हैं। कई बार कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

# शाहबाद में बाइक की टक्कर लगने से बाइक सवार महिला सड़क पर गिरी, मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** सोमवार को शाहबाद-बिलारी स्टेट हाइवे स्थित मंगोली गांव के पास दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उनके साथ बाइक पर मौजूद उनके बेटे और पोती बाल-बाल बच गए। बरेली के मीरगंज निवासी इमरान अपनी मां मीना(45) और 3 साल की बेटी के साथ बाइक पर सवार होकर मुरादाबाद के कुंदरकी में अपनी बहन के घर जा रहे थे। जैसे ही वह लोग शाहबाद के मोहल्ला मंगोली के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने ओवरटेक करते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से इमरान की बाइक से संतुलन बिगड़ गया और तीनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में मीना गंभीर रूप से घायल हो गईं। राहगीरों की मदद से उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मीना को मृत घोषित कर दिया। हादसे में महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच छा गया। सूचना मिलते ही सीएचसी पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। खबर लिखे जाने तक पुलिस जांच पड़ताल में जुटी थी।



सड़क हादसेए महिला की मौत पर रोते बिलखते परिजन । -जागरण मोर्चा

# महाप्रभु गणेश को अर्पित किया दो क्विंटल बूंदी का लड्डू


गणेश रथयात्रा में शामिल मां काली की झांकी।


गणेश रथयात्रा में अपने मोबाइल में झांकियां को कैद करतें युवक व युवतियां।


गणेश रथयात्रा में शामिल मां काली की झांकी।


गणेश रथयात्रा में शामिल झांकी।


गणेश रथयात्रा में शामिल भगवान गणेश की झांकी को देखते लोग।


गणेश रथयात्रा बाबा खाटू श्याम की झांकी का ज्योत जलाकर शुभारंभ करते एसडीम।


गणेश रथयात्रा में शामिल शेरावाली मां की झांकी।


गणेश रथयात्रा में शामिल भगवान शंकर की झांकी।


गणेश रथयात्रा में शामिल भगवान राम की झांकी।


गणेश रथयात्रा में शामिल हनुमान की झांकी।


गणेश रथयात्रा में शामिल भगवान शंकर पार्वती की झांकी के नृत्य करतें श्रद्धालु।


गणेश रथयात्रा में मुख्य रथ की आरती करती राज्यमंत्री व एसपी।


संभल जिले के चंदौसी में श्री गणेश रथयात्रा में आकर्षण का केंद्र बनी भगवान गणेश की विशाल झांकी। अर्पित मेहरो


चंदौसी में श्री गणेश रथयात्रा देखनें को उमड़ी लोगों की भीड़।


चंदौसी मे श्रीगणेश रथयात्रा का फीता काटकर शुभारंभ करते केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा।

## रथ यात्रा में आकर्षण का केंद्र रही महाप्रभु गणेश व हनुमान जी की प्रमुख झांकी

### रथ यात्रा का केंद्रीय मंत्री ने किया शुभारंभ , गणेश मंदिर के अलावा रथ यात्रा मार्ग पर तैनात रहा भारी संख्या में पुलिस बल

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**चंदौसी।** गणेश चतुर्थी पर भगवान गजानन की स्वचालित रथ यात्रा धूमधाम से निकल गई रथ यात्रा का शुभारंभ भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा द्वारा किया गया यात्रा ने शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण किया करीब 5 लाख श्रद्धालुओं ने रथ यात्रा का आनंद लिया सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा

सोमवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश मंदिर से भगवान गजानन की भव्य स्वचालित रथ यात्रा निकाली गई रथ यात्रा का शुभारंभ भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा द्वारा किया गया रथ यात्रा में सबसे आगे राजस्थानी बोना बोनी, ऊंट और घोड़े चल रहे इसके बाद चंदौसी ढोल, गोरिल्ला, गुड्डा, लंबू लोगों की पसंद थे इसके बाद महाराष्ट्र बैंक पर भक्ति की धुने बिखरी जा रही थी इसके बाद रथ यात्रा में देशभक्ति झांकी शोभा मान बनी रही इसके पश्चात महाराष्ट्र बैंड पर भक्ति धुनो पर युवा नृत्य करते चल रहे थे इसके बाद शोभायात्रा में इसके बाद 4 मेरठ व 4 केरल के ढोलो पर धुने बजाई जा रहे थी इसके बाद भगवान बराह की झांकी शामिल थी इसके बाद शोभा यात्रा में लेडीज बैंड मेरठ शामिल था जिस पर भक्ति धुने बजाई जा रही थी इसके बाद शोभायात्रा में हनुमान व भगवान गणेश की झांकी चल रही थी झांकी के पीछे बरेली बैंड पर बज रही धुन पर युवा नृत्य करते चल रहे थे इसके बाद रथ यात्रा में कालरात्रि, खाटू श्याम, माता महाकाली, नादिया गणेश, जगन्नाथ जी, कुबेर जी, शंकर भगवान, संतोषी माता, भगवान राम, नृत्य करते गणेश भगवान की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी थी रथ यात्रा में जेबर का पंजाब बैंड, हापुड़ का शर्मा बैंड भांगड़ा, बहजोई का कीर्तन, हापुड़ का महाराष्ट्र, बैंड दिल्ली का जिया बैंड शामिल था इसके बाद हनुमान जी महाकाल की पालकी प्रसाद वाहन, महाप्रभु गणेश की प्रमुख झांकी, रथ पर डॉ गिरिराज किशोर की प्रतिमा, हरे रामा हरे कृष्णा कीर्तन के बाद महाप्रभु गणेश की झांकी शामिल थी रथ यात्रा को देखने के लिए सड़कों व भवनों तथा इमारतों पर लोगों की भारी भीड़ जमा रही सुरक्षा की दृष्टि पर गणेश मंदिर के अलावा रथ यात्रा मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात रहा इस अवसर पर जनपद के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी के अलावा मेला कमेटी के लोगों ने सहयोग किया।

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**चंदौसी।** कौमी एकता मंच की ओर सेसर्वधर्म संभाव के प्रतीक मेला गणेश चौथ के अवसर पर दो क्विंटल बूंदी के लड्डू का महाप्रभु गणेश को भोग अर्पित किया गया। कौमी एकता मंच की ओर से गणेश चतुर्थी पर श्री गणेश मंदिर पर भगवान श्रीगणेश को पोशाक चढ़ाने के साथ ही दो क्विंटल बूंदी के लड्डू का भोग लगाया जाता है। मंच के पदाधिकारी इश्त्याक बेग ने बताया कि गणपति बप्पा को पोशाक के साथ दो क्विंटल बूंदी के लड्डू को ठेले पर रख कर कीर्तन करते हुए फवारा चौक से मुख्य मार्ग होते हुए गणेश मंदिर पहुंचे। जहां विधि विधान से गणपति बप्पा को पोशाक चढ़ा कर लड्डू का भोग लगाया गया और प्रसाद वितरण किया गया। फिरोज आलम, शाकिर, आलम, कवि माधव मिश्रा, फईमउद्दीन आदि शामिल रहे।

**विनायक पत्रिका का हुआ विमोचन**

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

चंदौसी गणेश चतुर्थी पर निकली गणेश रथ यात्रा के उपरांत विनायक पत्रिका का विमोचन किया गया

सोमवार को गणेश मंदिर से महाप्रभु गणेश की रथ यात्रा निकाली गई इसके उपरांत विनायक पत्रिका का विमोचन कार्यक्रम आयोजित हुआ पत्रिका का विमोचन राजमंत्री गुलाब देवी, एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, एसडीएम आशुतोष तिवारी द्वारा किया गया इसके पश्चात पत्रिका का वितरण भी किया गया इस अवसर पर मेला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे

**राज्यमंत्री व एसपी ने संपन्न की मुख्य रथ की आरती**

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

चंदौसी गणेश रथ यात्रा के उपरांत महाप्रभु गणेश के प्रमुख रथ में शामिल प्रतिमा की महा आरती संपन्न कराई गई इसके बाद रथ को रथ यात्रा में शामिल किया गया

गणेश रथ यात्रा में अंत में महाप्रभु गणेश की प्रमुख झांकी निकलती है इसी झांकी को अनंत चतुर्दशी को राजघाट नरोरा में विसर्जित किया जाता है उक्त रथ पर विराजमान महाप्रभु गणेश की झांकी की महा आरती राजमंत्री गुलाब देवी, एसपी विकास चंद्र त्रिपाठी द्वारा संपन्न करी गई इस अवसर पर प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ मेला कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे

**मेले में महिलाओं व बच्चों ने की जमकर खरीदारी, झूलो का भी लिया आनंद**

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

चंदौसी गणेश चतुर्थी पर भगवान गजानन की रथ यात्रा निकाली गई जिसे देखने को लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए श्रद्धालुओं ने रथ यात्रा के उपरांत मेला ग्राउंड पहुंचे मेले का आनंद लिया

गणेश चतुर्थी पर भगवान गजानन की रथ यात्रा निकाली जाती है सोमवार को रथ यात्रा देखने को 5 लाख से अधिक से ड

श्रद्धालु शामिल हुए रथ यात्रा देखने के बाद श्रद्धालु मेले में पहुंचे जहां शिदवालों ने मेले में लगी स्टॉलो पर पहुंच जमकर खरीदारी की महिलाओं ने श्रृंगार, पर्स सहित रेडीमेड कपड़ों की खरीदारी की तो बच्चों ने खिलौने की दुकानों पर पहुंच मनपसंद खिलौने खरीदे युवाओं ने अपने मतलब का सामान खरीदा मेले में लगे खान-पान के स्टालों पर पहुंचे उनका जायका लिया मेले में अनेक झूले लगाए गए हैं युवाओं ने झूलों का आनंद लिया मौत का कुआं देखने वालों की संख्या अधिक रही मेले में सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा

इस मौके पर मुख्य सचिव हरि गोपाल वार्ष्णेय, ललित किशोर, रविंद्र कुमार रूपी, मनोज गुप्ता, डॉ. राजीव कुमार, प्रजीत लालू, शशिकांत गुप्ता, डॉ शेखर वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, लोकेंद्र शर्मा, विनय सर्राफ, सतेंद्र मामा, शुभम अग्रवाल मौजूद रहे।

## समारोह पूर्वक मनाया गया राष्ट्रीय हिंदी दिवस

### समिति द्वारा किया गया कार्यक्रम का आयोजन

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**चंदौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय हिंदी दिवस सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल मे समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता व अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि हिन्दी मातृ भाषा है जो कि पूरे विश्व में सौ करोड़ लोग बोलते हैं एवम समझते हैं। हिन्दी विश्व में तीसरे नंबर पर इस्तेमाल वाली भाषा है। भारत में 2023 के आंकड़ों के अनुसार मात्र दो लाख सत्तर हजार अंग्रेजी



बोलने वाले भारत में पाए गए जिनकी पारिवारिक और मातृ भाषा थी। संस्कृत भाषा हमारी परनानी है क्योंकि इसी से सभी भाषाओं का उद्भव हुआ है। हिन्दी हमारी आत्मा की भाषा है। हमें अपनी हिन्दी के साथ दूसरी भाषाओं का भी अपने कार्य क्षेत्र के लिए सम्मान करना चाहिए।*कबीर, तुलसीदास, रहीम, मुंशी प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, महादेवी वर्मा, सुमित्रा नंदन पंत, सूर्यकांत निराला, मैथलीशरण गुप्त, श्री कांत वर्मा की लिखी कविताएं, कहानियां उपन्यास, संपादकीय लेख पढ़ने चाहिए जिससे हम हिन्दी पर गर्व महसूस करें। केवल हिन्दी दिवस पर नारे लगाने से काम नहीं चलेगा जबतक हम स्वयं हिन्दी पर अभिमान नहीं करेंगे। कवि माधव मिश्र ने स्वरचित हिंदी कविताओं से भी समां बांध दिया। इस अवसर पर डॉ महेश कुमार गुप्ता, डॉ अरविन्द कुमार गुप्ता, डॉ निशा गुप्ता, डॉ नितिन कौशिक, अंकित वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, आशीष कुमार, हिमांशु यादव, विकास यादव, शिवकुमार यादव, नीलम गुप्ता, राममूर्ति गुप्ता, लोकेश यादव, विनोद मौर्य, स्वाति यादव आदि मौजूद रहे।

## हिंदी प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह से किया प्रतिभाग

### समिति द्वारा हिंदी दिवस पर आयोजित की गई प्रतियोगिता

**जागरण मोर्चा, कार्यालय**

**चंदौसी।** श्री नारायण सेवा समिति के तत्वावधान में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में हिन्दी सेवा सप्ताह आयोजित किया गया जिसके अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों में भिन्न-भिन्न पाठ्य सहगामी क्रियाओं में निबंध, सुलेख, कविता लेखन आदि प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गईं । सभी प्रतिभागियों ने अपने भरपूर प्रयास से प्रतियोगिताओं में सफलता पाई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मॉडल एजुकेशन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजकुमार गोयल ने कहा कि हिन्दी ही हमारे मूलतंत्र की भाषा है, हिन्दी के बिना हम जीवन नहीं जी सकते, हमारे दैनिक व्यवहार में हिन्दी का अधिकतम




प्रयोग होना चाहिए। अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय ने कहा कि आज के युग में हिन्दी का महत्व और अधिक बढ़ गया है, हिन्दी हमारे लिए प्राणवायु है, हमारा जीवन है। प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। निबंध लेखन में उन्नति यादव प्रथम, प्रतिज्ञा यादव ने द्वितीय तथा ध्रुव कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुलेख में नव्या दुबे ने प्रथम, नंदिनी अग्रवाल ने द्वितीय तथा प्रकृति अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पत्र लेखन में आराध्या ने प्रथम, विनायक ने द्वितीय तथा प्रियांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त पर रहे। कविता लेखन में विकास कुमार ने प्रथम, अक्षय सक्सेना ने द्वितीय तथा तनु ने तृतीय स्थान पर बाजी मारी। पुरस्कारों में प्रत्येक विजेता को स्थानानुसार लेखन सामग्री, प्रशस्ति पत्र तथा बिस्किट आदि वितरित किए गए। पुरस्कार वितरण मंचासीन सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ, डॉ. राजकुमार गोयल के अतिरिक्त के. जी. गुप्ता, हरीश कठेरिया, बृजगोपाल गुप्ता, दृगपालसिंह आदि द्वारा सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ की तथा संचालन डॉ. जयशंकर दुबे ने किया। इस अवसर पर विनय कुमार, हिमांशु वार्ष्णेय, अशोक कुमार के अलावा अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। संयोजन हरीश कठेरिया एडवोकेट ने किया ।



## गीता सार

**योगिनामपि सर्वेषां मद्गतेनान्तरात्मना।
श्रद्धावान्भजते यो मां स मे युक्ततमो मतः॥**

**भावार्थ :** सभी प्रकार के योगियों में से जो पूर्ण- श्रद्धा सहित, सम्पूर्ण रूप से मेरे आश्रित हुए अपने अन्त :करण से मुझको निरन्तर स्मरण (दिव्य प्रेमाभक्ति) करता है, ऐसा योगी मेरे द्वारा परम-योगी माना जाता है।

## पाक को चपत



रक्षा मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 में भारतीय वायुसेना की एक ऐसी महत्वपूर्ण कार्रवाई का उल्लेख किया गया है, जिसे वायु रक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की एक यूनिट ने 314 किलोमीटर की दूरी से पाकिस्तानी स्पेशल मिशन एयरक्राफ्ट को सफलतापूर्वक निशाना बनाकर नष्ट कर दिया। इसे सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल से की गई सबसे लंबी दूरी की कार्रवाइयों में से एक बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ऑपरेशन ने दुश्मन की उस धारणा को चुनौती दी कि अधिक दूरी उसे भारतीय वायुसेना की कार्रवाई से सुरक्षा प्रदान कर सकती है। ऑपरेशन के दौरान भारतीय रडार प्रणालियों ने खतरे को बेहद सटीकता के साथ ट्रैक किया और एस-400 की लंबी दूरी की मिसाइल को लक्ष्य तक सफलतापूर्वक निर्देशित किया गया। 314 किलोमीटर की दूरी से किया गया यह प्रहार भारतीय वायु रक्षा नेटवर्क की निगरानी, लक्ष्य की पहचान और लंबी दूरी तक सटीक प्रहार करने की क्षमता को दर्शाता है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस कार्रवाई का रणनीतिक महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि इससे यह स्पष्ट संदेश गया कि भारतीय वायुसेना के आक्रामक और वायु रक्षा संसाधनों की पहुंच केवल सीमावर्ती इलाकों तक सीमित नहीं है। इस ऑपरेशन ने विरोधी की उस सोच को भी चुनौती दी कि हवाई क्षेत्र में पर्याप्त दूरी बनाए रखकर वह भारतीय कार्रवाई से सुरक्षित रह सकता है। ऑपरेशन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मई 2025 को एयर फोर्स स्टेशन आदमपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने वहां तैनात एयर वॉरियर्स से मुलाकात की और ऑपरेशन में उनकी भूमिका की व्यक्तिगत रूप से सराहना की। प्रधानमंत्री ने अभियान के दौरान भारतीय वायुसेना के कर्मियों के साहस और दृढ़ संकल्प को विशेष रूप से रेखांकित किया। इसके अलावा 15 अगस्त 2025 को भारतीय वायुसेना के कर्मियों को 219 प्रेसिडेंशियल गैलेंट्री अवॉर्ड प्रदान किए गए। ये सम्मान ऑपरेशन के दौरान प्रदर्शित साहस, दृढ़ता और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए दिए गए। इतनी बड़ी संख्या में वीरता पुरस्कारों ने इस अभियान में भारतीय वायुसेना की महत्वपूर्ण भूमिका को और स्पष्ट किया। एस-400 से 314 किलोमीटर दूर स्थित लक्ष्य को निशाना बनाकर की गई यह कार्रवाई भारतीय वायु रक्षा क्षमताओं के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। इसने लंबी दूरी तक निगरानी, लक्ष्य की पहचान, ट्रैकिंग और सटीक प्रहार करने की भारत की क्षमता को रेखांकित किया है।

### ब्रिक्स अब केवल एक संगठन नहीं

# नई विश्व व्यवस्था का 'ट्रायल रन'



**डॉ. अनिता राठौर**

नई दिल्ली में जुटे ब्रिक्स के नेता सिर्फ एक संगठन की बैठक नहीं कर रहे, वे उस दुनिया का एक वैकल्पिक खाका खींचने की कोशिश कर रहे हैं, जो अब एक ध्रुवीय नहीं रही। सवाल यह नहीं है कि ब्रिक्स अमेरिका को चुनौती देगा या नहीं; असली सवाल यह है कि क्या चीन, भारत, रूस, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और संगठन के दूसरे साझेदार अपने अलग-अलग हितों के बावजूद ऐसी वैकल्पिक व्यवस्था बना पाएंगे, जिसमें सत्ता, व्यापार, पैसा और निर्णय लेने की ताकत पश्चिमी संस्थाओं के हाथ से निकलकर ग्लोबल साउथ के हाथों में आ जाए। जिस तरह 18वें बिक्स सम्मेलन की शुरुआत के पहले ही रूसी राष्ट्रपति पुतिन से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक ने ब्रिक्स की ताकत को गिनाया है, उससे भले कोई तात्कालिक नतीजे न निकलें, लेकिन उसके संकेत तो साफ हैं।

ब्रिक्स के 18वें शिखर सम्मेलन की औपचारिक शुरुआत के एक दिन पहले 11 सितंबर 2026 को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ब्रिक्स के बिजनेस फोरम में ग्लोबल ट्रेड की बात करते हुए कहा, 'पश्चिम अब कमजोर हो रहा है, फिर भी पता नहीं ये देश खुद को जी-7 क्यों कहते हैं? दुनिया की 40 फीसदी से ज्यादा जीडीपी ब्रिक्स देशों से आती है, जबकि जी-7 देशों की वैश्विक जीडीपी में हिस्सेदारी सिर्फ 29 फीसदी है।' इसी तरह जब प्रधानमंत्री मोदी ने इस फोरम को संबोधित किया, तो उन्होंने लगभग पुतिन ने जहां बात छोड़ी थी, उसके आगे की कही। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कहा कि आज 11 सदस्य देशों वाले ब्रिक्स में दुनिया की आधी आबादी रहती है। साथ ही अगर अर्थव्यवस्था की बात करें तो ब्रिक्स देशों के पास दुनियावी अर्थव्यवस्था की अकेले 39 फीसदी परचेजिंग पावर है, जो कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था के मुकाबले 3 गुना से भी ज्यादा है। इस तरह देखें तो चाहे रूसी राष्ट्रपति पुतिन हों या भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, दोनों के ही संबोधन में कहीं न कहीं नई विश्व व्यवस्था की झलक दिख रही थी। यही वजह है कि मौजूदा ब्रिक्स सम्मेलन महज कूटनीतिक कैलेंडर की एक बैठक भर नहीं है, सही मायनों में यह बदलती विश्व व्यवस्था की महत्वपूर्ण परीक्षा है। ब्रिक्स की शुरुआत ब्राजील, रूस, भारत, चीन के साथ हुई थी और फिर इसमें दक्षिण अफ्रीका भी आ जुटा, जिसके बाद यह ब्रिक से 'ब्रिक्स' बना। विस्तार ने इसे 11 सदस्यीय समूह में बदल दिया। आज इस वैश्विक संगठन में एशिया, अफ्रीका, मध्य पूर्व और दक्षिण अमेरिका की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं। इसका सबसे बड़ा अर्थ यह है कि ब्रिक्स अब उभरती अर्थव्यवस्थाओं का आर्थिक संवाद मंच भर नहीं रहा। इसकी महत्वाकांक्षा, वैश्विक शासन की संरचना पर असर डालने की है और ऐसा हो भी क्यों न, विश्व बैंक, आईएमएफ और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा जैसी संस्थाओं में प्रतिनिधित्व और निर्णय प्रक्रिया को लेकर लंबे समय से ग्लोबल साउथ की शिकायत है कि यह व्यवस्था मौजूदा समय की नहीं बल्कि 20वीं सदी की संरचना



इमेज

को प्रतिबिंबित करती है। वास्तव में ब्रिक्स इसी असंतुलन को चुनौती देने का सबसे बड़ा सामूहिक मंच बनने की कोशिश कर रहा है। ब्रिक्स की चर्चा में आमतौर पर सबसे ज्यादा ध्यान डॉलर पर केंद्रित होता है। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने, सीमा पार भुगतान की वैकल्पिक व्यवस्था विकसित करने और पश्चिमी वित्तीय ढांचे पर निर्भरता कम करने की कोशिश में इस दिशा के संकेत हैं। लेकिन यहां सावधानी जरूरी है। क्योंकि ब्रिक्स की अपनी साझा मुद्रा बन जाना और डॉलर का तत्काल विकल्प तैयार हो जाना, फिलहाल दो अलग-अलग बातें हैं। डॉलर की ताकत केवल अमेरिकी मुद्रा होने से नहीं है बल्कि अमेरिकी वित्तीय बाजारों की गहराई, वैश्विक व्यापार में उसकी भूमिका और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों में उसकी केंद्रीय स्थिति से आती है। इसलिए ब्रिक्स की वास्तविक उपलब्धि शायद डॉलर को हटाना नहीं बल्कि दुनिया को भुगतान और वित्त के अधिक विकल्प देना होगी। यही बदलाव धीरे-धीरे वैश्विक, आर्थिक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर सकता है। ब्रिक्स की सबसे बड़ी ताकत और सबसे बड़ी कमजोरी एक ही जगह दिखायी देती है और यह है चीन और भारत के रिश्ते। दरअसल चीन और भारत साझेदार भी हैं और प्रतिस्पर्धी भी। दोनो ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हैं और दोनों ही ग्लोबल साउथ की आवाज बनने का दावा करते हैं। साथ ही दोनों ब्रिक्स को मजबूत भी करना चाहते हैं, लेकिन दोनों के रणनीतिक हित हमेशा एक जैसे नहीं रह पाते। भारत और चीन का सीमा विवाद, हिंद प्रशांत में शक्ति संतुलन, व्यापार असंतुलन और एशिया में प्रभाव की प्रतिस्पर्धा ही वह स्थिति है, जो दोनो के संबंधों को जटिल बनाती है।

हालांकि भारत कई बार अपनी तरह से इस जटिलता को कम करने की कोशिश करता है, लेकिन ज्यादातर मौकों में चीन विश्वसनीय साबित नहीं होता। अगर भारत और चीन के रिश्तों में यह विश्वसनीयता आ जाए तो ब्रिक्स हर मायने में जी-7 पर भारी पड़े। यदि भारत और चीन अपने मतभेदों के बावजूद कुछ साझा वैश्विक मुद्दों पर निरंतर सहयोग कर सकते हैं, जिसकी स्थितियां बन रही हैं, तो ब्रिक्स की विश्वसनीयता बढ़ेगी। यदि द्विपक्षीय तनाव पूरे मंच की राजनीति पर हावी हो जाए, तो निःसंदेह सामूहिक शक्ति सीमित हो जाती है। इसलिए नई दिल्ली में मोदी-जिनपिंग संवाद का महत्व सिर्फ भारत और चीन के आपसी रिश्तों तक सीमित नहीं है। इसका असर ब्रिक्स की भविष्य की दिशा पर भी पड़ता है। ब्रिक्स के महत्वपूर्ण स्तंभ रूस पर लगातार पश्चिम की छाया बनी हुई है। दरअसल रूस के कारण ही यूरोप और अमेरिका ब्रिक्स को अपना प्रतिस्पर्धी संगठन मानते हैं और यह बात भी है कि ब्रिक्स में रूस की मौजूदगी के कारण इसकी ताकत भी पश्चिम पर भारी पड़ती है। क्योंकि अर्थव्यवस्था के मामले में रूस भले चीन और भारत के सामने कम हो, लेकिन सैन्य शक्ति और दुनिया पर अपने प्रभाव के मामले में रूस आज भी बड़ी ताकत है और कहीं न कहीं अमेरिका और यूरोप उससे टकराने में झिझकते हैं। यूक्रेन युद्ध के बाद हालांकि रूस कमजोर हुआ है, लेकिन यह उसकी मिलिट्री पावर ही है कि यूरोप तमाम उछल-कूद करने के बावजूद सीधे रूस से टकराने की हिम्मत नहीं कर पाता और यही हाल अमेरिका का भी है। ब्रिक्स में रूस की मौजूदगी जहां उसे ताकतवर बनाती है, रूस के कारण यूरोप और अमेरिका इसे अपना प्रतिस्पर्धी ही नहीं बल्कि विरोधी संगठन मानते हैं।



## श्रीरामचरितमानस

**संत संभु श्रीपति अपबादा।
सुनिअ जहां तहं असि मरजादा॥
काटिअ तासु जीभ जो बसाई।
श्रवन मूदि न त चलिअ पराई॥**

**भावार्थ :** जहां संत, शिवजी और लक्ष्मीपति श्री विष्णु भगवान की निंदा सुनी जाए, वहां ऐसी मर्यादा है कि यदि अपना वश चले तो उस (निंदा करने वाले) की जीभ काट लें और नहीं तो कान मूंदकर वहां से भाग जाएं॥

### पर्यटन

## न्यूजीलैंड में प्रकृति का हिस्सा होने का अहसास

**समीर चौधरी**



अगर आप न्यूजीलैंड में हैं तो इस समय इस लेख को पढ़ने की बजाय आप कयाकिंग कर रहे होते या स्विमिंग या राफ्टिंग या सर्फिंग या बोटिंग या स्कूबा डाइविंग या माउंटेन बाइकिंग या रनिंग या .... ओह! न्यूजीलैंड ने मेरी आलसी आत्मा को आईना दिखा दिया और छवि ज्यादा अच्छी नहीं थी। मैं हमेशा से यह मानता था कि छुट्टी का अर्थ है देर से सो कर उठाना और पूरा दिन आलस भरे आराम में गुजारना, और शाम को डिनर के लिए निकल जाना। लेकिन कीवियों के लिए इसका अर्थ है सवेरे जल्दी उठना और अपने मनपसंद स्पोर्ट्स में शामिल हो जाना। हर घर, जो मैंने देखा, में कैंपर वैन थी, और दिन के किसी भी समय लोगों का स्पीड बोट के साथ बीच की तरफ जाना सामान्य बात है। लोगों से मेरा आशय पुरुष, महिला, बच्चे और दादा-दादी व नाना-नानी है- आयु की कोई सीमा नहीं! उत्तरी द्वीपों की टोपो वाटरफ्रंट झील पर मैं तो किनारे पर पैर लटकाए बैठा था कि मेरी पर्यटक आत्मा को पानी बस स्पर्श कर जाए, लेकिन मेरे पास का कीवी परिवार केवल स्पर्श से संतुष्ट नहीं था। इस परिवार का सिर्फ पांच वर्ष का एक बच्चा ही पानी में नहीं था; क्योंकि वह अपनी लाइफ जैकेट नहीं तलाश पा रहा था। अन्य तीन बच्चे, जिनकी आयु 12 वर्ष से अधिक न थी, स्कूबा डाइविंग, स्विमिंग व कयाकिंग कर रहे थे। रोटोरुआ में भी एक दस वर्षीय बच्चे ने मुझे प्रवेश-स्तर लउगे कार राइड में पराजित कर दिया। लउगे एक छोटी चपटी नाव-नुमा कार होती है जिसमें न्यूनतम कंट्रोल्स होते हैं और इसे पहाड़ पर बने ट्रैक से नीचे ड्राइव करना होता है। पहाड़ के ऊपर आप केबल कार या गोंडोला से भी पहुंच सकते हैं। मैंने दोनों ऊपर जाने व नीचे आने के लिए गोंडोला का ही प्रयोग किया। अधिकतर कीवी अपनी बाइक्स से ही नीचे आ गए, जिनमें वह दस साल का बच्चा भी शामिल था। न्यूजीलैंड में मुझे एहसास हुआ कि प्रकृति के दूर से दर्शन नहीं करने चाहिए बल्कि दिल खोलकर उसका हिस्सा बन जाना चाहिए। नतीजतन मैंने भी कुछ आउटडोर करने की ठानी, अपने डर पर काबू पाया और कुईंसटाउन की वकाटिपू झील पर एक घंटे की जेट बोटिंग के लिए चला गया। मौसम शानदार था और पानी गहरा नीला। (बाद में मुझे मालूम हुआ कि पानी 99.99 प्रतिशत शुद्ध था और उसे सीधे झील से पिया जा सकता था)।

### तिथि विशेष

## राम जेठमलानी जन्मदिवस



भारत के प्रसिद्ध अधिवक्ता, विधिवेत्ता और राजनेता राम जेठमलानी का जन्म 14 सितंबर 1923 को सिंध के शिकारपुर में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है। बचपन से ही मेधावी जेठमलानी ने कम उम्र में कानून की पढ़ाई पूरी कर ली थी। महज 17 वर्ष की उम्र में उन्होंने कानून की डिग्री हासिल की और 18 वर्ष की उम्र में वकालत शुरू की। विभाजन के बाद भारत आने वाले जेठमलानी ने मुंबई को अपनी कर्मभूमि बनाया और जल्द ही देश के चर्चित आपराधिक मामलों के प्रमुख वकीलों में अपनी पहचान बनाई। नानावटी मामले से उन्हें व्यापक राष्ट्रीय पहचान मिली। उन्होंने अपने लंबे कानूनी करियर में अनेक हाई-प्रोफाइल मामलों में पैरवी की और न्यायालय में अपने बेबाक तर्कों तथा प्रभावशाली बहस के लिए प्रसिद्ध रहे। कानून के क्षेत्र के साथ उनका राजनीतिक सफर भी उल्लेखनीय रहा। वे लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे तथा अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री और शहरी विकास मंत्री के पद पर कार्य किया। वे बार काउंसिल ऑफ इंडिया और सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रहे।

### पंचांग

**14 सितंबर 2026**

- विक्रम संवत् - 2083
- शक संवत् - 1948
- रवि - दक्षिणायण
- ऋतु - शरद
- मास - भाद्रपद
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - तृतीया (07.08 तक)
- वार - सोमवार
- नक्षत्र चित्रा - 13.56 तक
- योग ब्रह्म - 12.47 तक
- करण वणिज - 19.21 तक
- सूर्योदय - 06.27 प्रातः (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.41 शाम (मुंबई)
- सूर्योदय - 06.26 प्रातः (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.46 शाम (भीनमाल)
- चंद्र राशि - तुला
- अभिजीत - 12.09 से 12.57
- राहु काल - 07.57 से 09.29
- दिशा शूल - पूर्व
- व्रत त्यौहार - हरितालिका तृतीया, केवड़ा तीज, गणेश जयंती, चंद्रास्त 20.41, वरद चतुर्थी, रवियोग 13.56 प्रारंभ, भद्रा 19.21 प्रारंभ, गणेशोत्सव प्रारंभ, ज. श. स्वरूपानंद सरस्वती जी जन्मोत्सव

# नीट अब जल्द ही कंप्यूटर आधारित परीक्षा बनेगी



भारत की मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में जल्द ही एक बड़ा तकनीकी बदलाव देखने को मिल सकता है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के महानिदेशक अभिषेक सिंह के अनुसार, नीट को पारंपरिक कागज-पेन प्रणाली से बदलकर कंप्यूटर आधारित टेस्ट बनाने की तैयारी की जा रही है। अभिषेक सिंह ने कंप्यूटर आधारित परीक्षा को भविष्य बताते हुए कहा कि जेईई, युजीसी-नेट , सीयुईटी और एनआईएफटी जैसी कई महत्वपूर्ण परीक्षाएँ पहले से ही सीबीटी मोड में आयोजित की जा रही हैं। नीट भी इस प्रणाली में शामिल होने वाली प्रमुख परीक्षाओं में से एक होगी। हालाँकि, कागज से कंप्यूटर की ओर बदलाव केवल तकनीक बदलने तक सीमित नहीं होगा। इसके लिए बड़े स्तर पर परीक्षा केंद्रों का बुनियादी ढाँचा विकसित करना, तकनीकी सुरक्षा बढ़ाना और परीक्षा में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी को रोकने के लिए मजबूत व्यवस्थाएँ करना आवश्यक होगा।

इस विषय पर इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली उच्च-स्तरीय टास्क फोर्स भी काम कर रही है। नीट से जुड़ी कथित अनियमितताओं के बाद देशभर में उठी चिंताओं और विरोधों को देखते हुए परीक्षा प्रणाली में सुधार की आवश्यकता और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।



**भारत से आगे वैश्विक स्तर की ओर**

एनटीए अब केवल देश के भीतर परीक्षाएँ आयोजित करने तक सीमित रहने के बजाय भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परीक्षाएँ आयोजित करने की दिशा में भी आगे बढ़ने की योजना बना रहा है। इससे पहले भारत की अपनी परीक्षा प्रणाली को अधिक मजबूत, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना प्रमुख लक्ष्य होगा, ताकि परीक्षाएँ बिना अनियमितता, नकल और तकनीकी त्रुटियों के आयोजित की जा सकें।

**परीक्षाओं में एआई की बढ़ती भूमिका**

भविष्य की परीक्षा प्रणाली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो सकती है। एनटीए एआई का उपयोग केवल परीक्षा आयोजित करने के लिए ही नहीं, बल्कि धोखाधड़ी और अनियमितताओं की पहचान के लिए भी करने पर विचार कर रहा है। परीक्षा के डिजिटल लॉग, डेटा, विद्यार्थियों के व्यवहार संबंधी पैटर्न और डेटा एनालिटिक्स की सहायता से संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करना संभव हो सकता है। इससे परीक्षा प्रणाली की सुरक्षा को और मजबूत किया जा सकता है।

**बीआरआईसीएस देशों के साथ सहयोग**

परीक्षाओं की सुरक्षा और प्रश्न-पत्रों की गोपनीयता से जुड़े मामलों में बीआरआईसीएस देशों के बीच सहयोग की संभावनाएँ भी मौजूद हैं। प्रत्येक देश को परीक्षाओं की सुरक्षा और निष्पक्षता से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए तकनीकी ज्ञान और सफल प्रक्रियाओं को साझा करना उपयोगी हो सकता है। चीन की गाओकाओ परीक्षा का उदाहरण बताता है कि बड़े स्तर पर परीक्षाओं को आधुनिक तकनीक और मजबूत प्रबंधन के माध्यम से किस प्रकार आयोजित किया जा सकता है।

**परीक्षा प्रणाली का नया डिजिटल युग**

नीट का कंप्यूटर आधारित परीक्षा प्रणाली की ओर बढ़ना भारत की प्रतियोगी परीक्षाओं में एक महत्वपूर्ण बदलाव हो सकता है। डिजिटल तकनीक, एआई, डेटा एनालिटिक्स और मजबूत सुरक्षा व्यवस्थाएँ परीक्षाओं को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने में सहायक हो सकती हैं। लेकिन केवल तकनीक ही निष्पक्षता की गारंटी नहीं दे सकती। मजबूत बुनियादी ढाँचा, सभी विद्यार्थियों के लिए समान अवसर, तकनीकी तैयारी, सुरक्षा और जवाबदेही भी उतनी ही आवश्यक हैं।

नीट के लिए कागज से कंप्यूटर की ओर यह बदलाव केवल परीक्षा का तरीका बदलने की बात नहीं है, बल्कि यह भारत की प्रवेश परीक्षा प्रणाली के एक नए डिजिटल युग की शुरूआत हो सकता है।

**- डॉ. विजय गर्ग
सेवानिवृत्त प्रिंसिपल
शैक्षिक स्तंभकार/ प्रख्यात वैज्ञानिक
स्ट्रीट कौर चंद, एमएचआर मलोट, पंजाब**

### वायरल

## कद्दू का मुकुट, लौकी की सूंड, एआई के क्यूटेस्ट गणपति

एआई से जनरेट वीडियो अब इतने असली दिखने लगे हैं कि आंखों से देखकर भी यकीन करना मुश्किल हो जाता है। सोशल मीडिया पर इन दिनों एक नन्हे गजानन का वीडियो खूब वायरल हो रहा है। पहली नजर में वीडियो इतना असली लगता है कि देखकर आप भी कुछ सेकंड के लिए सोच में पड़ जाएंगे। लेकिन यह वीडियो असली नहीं, बल्कि एआई की मदद से तैयार किया गया है।



वायरल क्लिप में एक छोटे बच्चे को भगवान गणेश के रूप में दिखाया गया है। बच्चा पीले रंग के कपड़ों में नजर आता है। उसके सिर पर नारंगी रंग का बड़ा-सा कद्दू दिखाई देता है, जिसे मुकुट जैसा रूप दिया गया है। चेहरे पर तिलक और मासूम एक्सप्रेशन बच्चे के लुक को और प्यारा बना देते हैं। पहली नजर में ऐसा लगता है जैसे किसी ने घर में मौजूद सामान से बच्चे का गणेश कॉस्ट्यूम तैयार किया हो। कद्दू का मुकुट, लौकी की सूंड और बच्चे के मासूम एक्सप्रेशन देखकर आप भी कुछ पल के लिए कन्फ्यूज हो जाएंगे। यही वीडियो की सबसे मजेदार चीज 'देसी जुगाड़' वाली डिटेलिंग है। बच्चे के चेहरे पर लंबी लौकी जैसी सूंड दिखाई गई है। वहीं दोनों तरफ बड़े-बड़े कान भी नजर आते हैं, जिन्हें सब्जियों के पत्तों से तैयार किया हुआ दिखाया गया है। पूरा सेटअप इतना अनोखा है कि देखने वाले को एक बार जरूर लगेगा कि आखिर किसी ने इतना क्रिएटिव आइडिया कैसे सोच लिया। हालांकि, इस वीडियो को लेकर सबसे जरूरी जानकारी यह है कि यह एआई वीडियो है। इसमें दिख रहा बच्चा, उसका गणेश रूप और पूरा देसी जुगाड़ वाला सेटअप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाया गया है।

### X का एक्सरे

दुनिया हमसे सिर्फ वादे नहीं परिणाम चाहती है। सदस्य देशों की सक्रिय भागीदारी ने सम्मेलन को सार्थक बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सम्मेलन के दौरान सामने आए महत्वपूर्ण विचारों और सुझावों ने ब्रिक्स के बीच सहयोग को व्यापकता और गहराई, दोनों प्रदान की हैं।



नरेंद्र मोदी

नियमों के बिना दुनिया ऐसी चौराहे जैसी है, जहां ट्रैफिक लाइट न होने से अराजकता और अव्यवस्था पैदा होना तय है। निष्पक्षता और न्याय पूरी दुनिया की साझा आकांक्षा है। अंतरराष्ट्रीय कानून और नियम सभी देशों पर समान रूप से लागू होने चाहिए और उनमें दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए।



शी जिनपिंग

चीन के साथ संबंधों में सामान्य स्थिति की ओर बढ़ना अलग विषय है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों से जुड़े सवालों पर सरकार को देश के सामने स्पष्ट जवाब देना चाहिए। वित्त वर्ष 2025-26 में चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 112.6 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।



जयराम रमेश

मैंने इस समय इस बारे में बिल्कुल नहीं सोचा है। मेरे वापस लौटने के करीब एक सप्ताह बाद एशियाई खेल शुरू होने वाले हैं और सफेद गेंद के लिहाज से इस समय मेरा मुख्य ध्यान उसी पर है। इसके बाद जब टेस्ट टीम को लेकर आगे चर्चा होगी, तब मुझे लगता है कि इस बारे में बात होगी।



माइक हेसन

# गणेश चतुर्थी महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



पांडाल मै मौजूद श्रद्धालु एवं पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सर्राफा एसोसिएशन खटीमा एवं गणेश मित्र मंडल महाराष्ट्र के संयुक्त तत्वावधान में त्रयोदशी श्री गणेश चतुर्थी महोत्सव का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया गया। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने भी सहभागिता की। उन्होंने विधिवत भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश को विघ्नहर्ता एवं मंगलकर्ता के रूप में पूजा जाता है। गणेश महोत्सव आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश देता है। महोत्सव में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भगवान गणेश का स्मरण किया और पूजा-अर्चना में भाग लिया। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर हरीश मेहरा, नीरज रस्तोगी, संजय रस्तोगी, कपिल रस्तोगी, गणेश ठकुराठी, रेवती वर्मा, हिमांशु अग्रवाल, सुमित रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# एसएसपी नैनीताल के निर्देशन में MBPG हल्द्वानी में एसपी हल्द्वानी की अध्यक्षता में लिंगदोह कमिटी की बैठक का आयोजन

## सभी संभावित प्रत्याशियों को अनिवार्य मापदंडों का पालन करने के दिए निर्देश, प्रत्याशियों की समस्याओं का किया समाधान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हल्द्वानी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ० मंजूनाथ टी०सी० द्वारा सभी अधीनस्थों को आगामी छात्रसंघ निर्वाचन के शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष आयोजन के लिए सभी अधीनस्थों को सख्त दिशा–निर्देश दिए गए हैं। जिस आदेश के क्रम में मनोज कुमार कत्याल एसपी हल्द्वानी की अध्यक्षता में पुलिस, प्रशासन, कॉलेज के पदाधिकारी एवं छात्र संघ सम्भावित प्रत्याशियों के साथ लिंगदोह समिति की बैठक का आयोजन किया गया। सभी को लिंगदोह समिति के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। उनका भली-भांति अध्ययन किए जाने तथा उसके उपरांत ही निर्देशों का अनुपालन और आगामी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



एसपी हल्द्वानी की अध्यक्षता में लिंगदोह कमेटी की बैठक का आयोजन।

**बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश:** जो व्यक्ति कॉलेज में अध्ययनरत नहीं हैं, उनका कॉलेज परिसर में प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। **विद्यार्थियों का प्रवेश:** कॉलेज के छात्र बिना पहचान पत्र के परिसर के अंदर प्रवेश नहीं कर सकेंगे।

**प्रचार-प्रसार के नियम:** कॉलेज परिसर के भीतर किसी भी प्रकार का प्रचार-प्रसार अथवा कार्यक्रम, कॉलेज प्रशासन से एक दिन पहले अनुमति प्राप्त करने के बाद ही किया जा सकेगा। **पोस्टर से संबंधित प्रतिबंध:** किसी भी प्रकार के प्रिंटेड पोस्टर कैंपस अथवा बाहर नहीं लगाए जाएंगे। प्रचार-प्रसार के लिए केवल हाथ से बनाए गए पोस्टर/पम्पलेट का ही उपयोग किया जा सकता है। **रैली पर प्रतिबंध:** कॉलेज परिसर की सड़क से बाहर किसी भी प्रकार की रैली आदि का आयोजन पूरी तरह से प्रतिबंधित है। **रात्रि में आवाजाही और प्रचार:** रात के समय कॉलेज परिसर में घूमने अथवा प्रचार-प्रसार करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसे छात्र के बजाय एक आम नागरिक का कृत्य मानकर नियमानुसार निपटा जाएगा।

**लिंगदोह कमेटी की निर्देशिका का वितरण :** सभी उपस्थित संम्भावित प्रत्याशियों को लिंगदोह कमेटी एवं यूनिवर्सिटी से जारी संविधान की निर्देशिका वितरित की गई और उनसे हस्ताक्षर करवाए गए। गोष्ठी के दौरान " मनोज कुमार कत्याल एसपी हल्द्वानी, ए0बी0 बाजपेयी सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी, अमित कुमार अपर पुलिस अधीक्षक/सीओ हल्द्वानी, नरेंद्र सिंह बनकोटी प्रधानाचार्य MBPG हल्द्वानी समेत छात्र संघ चुनाव में विभिन्न पदों हेतु संभावित प्रत्याशी छात्र मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### देवभूमि सामाजिक मंच द्वारा होली ग्राउंड में श्री गणेश महोत्सव का आयोजन



भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति स्थापना करते हुए। –जागरण मोर्चा

**हल्द्वानी।** देवभूमि सामाजिक मंच द्वारा होली ग्राउंड मंगल पड़ाव में आयोजित श्री गणेश महोत्सव में धूमधाम से भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई प्रात: कालीन मूर्ति स्थापना की पूजा अर्चना मुख्य पुरोहित विजय जोशी द्वारा पूरे विधि विधान से संपन्न की गई जिसमें मुख्य यजमान सह संस्थापक राजकुमार केसरवानी सपत्नी रहे पूजा अर्चना में देवभूमि सामाजिक मंच के संरक्षक मोहनलाल गुप्ता अध्यक्ष मिंटू गुप्ता कोषाध्यक्ष राजकुमार आनंद मुख्य कार्यक्रम संयोजक किशोर वार्ष्णेय सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक गणेश प्रसाद साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु वार्ष्णेय मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल कमल राजपाल व्यवस्थापक संदीप वार्ष्णेय रेनू केसरवानी अनीता आनंद ममता देवी अनेक लोग उपस्थित रहे सायं काल सांस्कृतिक कार्यक्रम मे सिंगर दीपक सागर द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति से भक्तगण झूम उठे मुख्य अतिथि नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष हेमंत बगड़वाल रहे कार्यक्रम में महामंत्री अजय कृष्ण गोयल पवन गुप्ता विजय गुप्ता मंगल सिंह जीना आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

### लायन्स क्लब सेवा ने किया पौधारोपण



पौधरोपण करते लाइंस क्लब सेवा के पदाधिकारी एवं सदस्य। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** लायन्स क्लब सेवा की देखरेख में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नगर के विभिन्न स्थानों पर पौध रोपण कार्य किया। इस दौरान फल एवं छायादार वृक्षों के 21 पौधे रोपे गए। क्लब सदस्यों ने रोपे गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया। क्लब अध्यक्ष पुष्पा राठौर ने लगातार बढ़ रहे प्रदूषण और सिकुड़ते क्षेत्र को पर्यावरण के लिए चिंता जनक बताया। इसका समाधान पौधे रोपकर हरियाली बरकरार रखने से ही हो सकता है। इस दौरान प्रोग्राम अध्यक्ष नरेंद्र गिल, चेयर पर्सन जितेंद्र पारुथी, क्लब सचिव मनोज कन्याल, कुलदीप सिंह राणा, कमल गहतोडी आदि मौजूद रहे।

### जन संवाद में ग्रामीणों ने उठाईं समस्याएं, जिपंअ ने अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश



जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते जिपंअ मौर्य।

**खटीमा।** ग्राम जमौर पडरिया में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या की अध्यक्षता में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान चौपाल लगाकर ग्रामीणों की दर्जनों समस्याएं सुनीं गईं। ग्रामीणों ने पेयजल, आवास, संपर्क मार्ग, जलभराव सहित विधवा, वृद्धावस्था व दिव्यांग पेंशन से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। समस्याओं के संबंध में ग्रामीणों ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भी सौंपे। जिपंअ मौर्या ने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि केवल कागजी खानापूर्ति नहीं, बल्कि योजनाओं और विकास कार्यों का परिणाम धरातल पर दिखाई देना चाहिए। कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को उत्तराखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की जानकारी भी दी गई। अंत में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता बनाए रखने, जल संरक्षण को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर क्रय–विक्रय समिति के उपाध्यक्ष वीरेंद्र मौर्य, प्रमोद कुमार, सतीश मौर्य समेत अन्य ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# स्वर्गीय गिरिजा शंकर जोशी का असमय जाना हम सभी के लिए बहुत बड़ी क्षति : मुख्यमंत्री धामी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हल्द्वानी।** जिला सूचना अधिकारी स्वर्गीय गिरिजा शंकर जोशी के निधन पर मीडिया सेंटर हल्द्वानी में आयोजित शोक सभा को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दूरभाष के माध्यम से संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय जोशी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा, "ऐसा कभी सोचा भी नहीं था कि इस तरह श्रद्धांजलि देनी पड़ेगी। गिरिजा शंकर जोशी हर समय खड़े रहने वाले और निरंतर काम करने वाले व्यक्ति थे। उनका इस तरह असमय चले जाना बेहद दुःखद है। मैं व्यक्तिगत रूप से बहुत आहत हूं।"



मीडिया सेंटर हल्द्वानी में आयोजित शोक सभा। –जागरण मोर्चा

उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जोशी का जाना हम सभी के लिए बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गिरिजा शंकर जोशी भले ही इस संसार से चले गए हैं, लेकिन स्वर्गीय जोशी ने अपने कार्यों और व्यवहार से जो पहचान बनाई, वह सदैव स्मरण में रहेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शोक संतप्त परिवार के साथ खड़ी है और भविष्य में भी परिवार को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गिरिजा शंकर जोशी का नाम और उनके कार्य आने वाले समय में भी लोगों को याद रहें, इसके लिए सभी से चर्चा कर आवश्यक कार्य किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित समस्त पत्रकारों ने दूरभाष पर जुड़े मुख्यमंत्री पुष्कर से धामी से सामूहिक रूप से प्रस्ताव रखा कि हल्द्वानी में बन रहे नवीन मीडिया सेंटर का नामकरण स्व. गिरिजा शंकर जोशी के नाम पर किया जाए। श्रद्धांजलि सभा में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टी.सी., दर्जा राज्य मंत्री ध्रुव रौतेला, सूचना संपादक कमलेश भट्ट, अपर जिलाधिकारी विवेक राय, उपजिलाधिकारी रेखा कोहली, कोषाधिकारी द्वारिका प्रसाद वर्मा, सूचना अधिकारी मीडिया सेंटर अहमद नदीम सहित समस्त पत्रकारगण, सूचना विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खेल महाकुंभ में आरुषि महर ने 400 व 800 मीटर दौड़ में हांसिल किया प्रथम स्थान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** महार्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल खटीमा की कक्षा 12वीं की छात्रा आरुषि महर ने खेल महाकुंभ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 400 और 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आरुषि महर का चयन ब्लॉक स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय प्रबंधन ने उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य हेम चन्द्र कर्नाटक एवं समस्त विद्यालय परिवार ने आरुषि के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आगामी ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। विद्यालय परिवार ने कहा कि आरुषि की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए मेहनत, अनुशासन, लगन और खेल भावना की प्रेरणादायक मिसाल है।



आरुषि महर ने खेल महाकुंभ में प्राप्त किया प्रथम स्थान। –जागरण मोर्चा

# गिरिजाशंकर जोशी की स्मृति में हल्द्वानी मीडिया सेंटर का नामकरण करने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**देहरादून/हरिद्वार/नैनीताल।** नैनीताल के जिला सूचना अधिकारी रहे स्वर्गीय गिरिजाशंकर जोशी की स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने की मांग को लेकर नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे उत्तराखण्ड) ने मुख्यमंत्री को मांग पत्र भेजा है। संगठन ने हल्द्वानी में निर्माणाधीन मीडिया सेंटर का नाम स्वर्गीय गिरिजाशंकर जोशी के नाम पर रखने की मांग की है। साथ ही, यदि किसी कारणवश मीडिया सेंटर का नामकरण संभव नहीं हो तो उनके नाम से राज्यस्तरीय पत्रकारिता एवं जनसंपर्क सम्मान शुरू किए जाने का आग्रह किया गया है।



स्वर्गीय गिरिजाशंकर जोशी।

नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (एनयूजे उत्तराखण्ड) की प्रदेश अध्यक्ष दया जोशी और संरक्षक त्रिलोक चन्द्र भट्ट की ओर से मुख्यमंत्री को भेजे गए मांग पत्र में कहा गया है कि गिरिजाशंकर जोशी का आकस्मिक निधन सूचना विभाग के साथ-साथ संपूर्ण पत्रकारिता जगत, जनसंपर्क व्यवस्था और प्रशासनिक तंत्र के लिए अपूरणीय क्षति है।

संगठन ने कहा कि स्वर्गीय गिरिजाशंकर जोशी केवल एक अधिकारी नहीं, बल्कि कर्तव्यनिष्ठा, सरलता, संवेदनशीलता और जनसेवा की मिसाल थे। नैनीताल जनपद की सूचनाओं को पारदर्शिता, तत्परता और विश्वसनीयता के साथ आम जनता तक पहुंचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ किया। मांग पत्र में कहा गया कि जोशी का व्यक्तित्व बेहद सौम्य, सरल, सहज और आत्मीय था। पत्रकारों, प्रशासनिक अधिकारियों और आम नागरिकों के साथ उनका व्यवहार हमेशा सम्मानपूर्ण और सहयोगात्मक रहा। सूचना विभाग और मीडिया के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# आजादी के 75 साल बाद नदगलगाँव पहुंचेगी सड़क मंत्री राम सिंह कैड़ा किया मोटर के निर्माण कार्य का शुभारम्भ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**भीमताल।** धारी ब्लॉक के ग्राम सभा महतोलियागाँव नदगल के ग्रामीणों आजादी से आज तक मोटर मार्ग निर्माण करने की मांग कर रहे थे मोटर मार्ग नहीं होने से ग्रामीणों को मुख्य मार्ग तक अपना सामान लाने, मरीजो को घोडो या कंधे में लाना पड़ता था! किसानों को अपनी उपज को मंडी पहुंचने तक सारा पैसा किराये भाड़े मै लग जाता था !यहा के लोगो को काफी परेशानियों का समाना करने पड़ता था! ग्रामीणों ने कहा यहां के ग्रामीणों ने पूर्व मै कई जनप्रतिनिधियों से भी मोटर मार्ग बनाने की मांग की लेकिन किसी ने ग्रामीणों की नहीं सुनी!

ग्रामीणों ने मंत्री राम सिंह कैड़ा से मोटर मार्ग के निर्माण करने की मांग की! मंत्री कैड़ा ने जनता की समस्याओं को देखते हुऐ पहले मोटर मार्ग बनाने हेतु वन व पर्यावरण विभाग से स्वीकृति कराई जिसके बाद मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विभाग के अधिकारियो से डीपीआर तैयार कर शासन को भेजनें को कहा था, मंत्री कैड़ा ने मुख्यमंत्री से मोटर मार्ग निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत करने की मांग की! मंत्री कैड़ा ने मोटर मार्ग निर्माण के लिए शाशन से धनराशि स्वीकृति करा कर आज मोटर मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया! मंत्री कैड़ा ने कहा जल्दी ही मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो जायेगा! क्षेत्र के लोगो ने मंत्री कैड़ा का फूल मालाओ व ढ़ोल नगाड़ो से स्वागत कर धन्यवाद दिया!



मंत्री राम सिंह कैड़ा द्वारा मोटर मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारंभ। –जागरण मोर्चा

**आयोजन** बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साह के साथ किया प्रतिभाग

# सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में मनाया गणेश चतुर्थी व हिंदी दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग में सोमवार को गणेश चतुर्थी एवं हिंदी दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल एवं प्रधानाचार्य रामयश ने भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान विद्यालय परिसर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंज उठा। गणेश चतुर्थी के अवसर पर नर्सरी से यूकेजी तक के नन्हे बच्चों ने मनमोहक नृत्य एवं अभिनय की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में आकर्षण का माहौल बना दिया। वहीं हिंदी दिवस के अवसर पर कक्षा एक से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कक्षा एक एवं दो में सुलेख, कक्षा तीन में हिंदी न्यूज रीडिंग, कक्षा चार में विलोम शब्द, कक्षा पांच में हिंदी पहेली, कक्षा छह में हिंदी पाठ, कक्षा सात में वाद-विवाद तथा कक्षा आठ में कहानी सुनाओ प्रतियोगिता आयोजित हुई। कक्षा नौ से 12वीं तक हिंदी भाषा एवं साहित्य पर आधारित विभिन्न गतिविधियां एवं प्रतियोगिताएं कराई गईं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए हिंदी भाषा के प्रति अपने ज्ञान, रुचि और रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं और हिंदी भाषा के प्रति सम्मान एवं जागरूकता विकसित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।




गणेश चतुर्थी व हिंदी दिवस में शिव परिवार की वेशभूषा में दिखे बच्चे। –जागरण मोर्चा

## सीनियर सिटीजन एसोसिएशन ने कुष्ठ आश्रम में फल बांटे

**खटीमा।** सीनियर सिटीजन सोसायटी के सदस्यों ने श्री गणेश चतुर्दशी के सुअवसर पर उप जिला चिकित्सालय एवं कुष्ठ आश्रम में फलों का वितरण किया। उप जिला चिकित्सालय में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. वीपी सिंह की देखरेख में अस्पताल के वार्डों में स्वास्थ्य लाभ ले रहे अस्वस्थ लोगों को फल वितरित किए। इस दौरान सीनियर सिटीजन एसोसिएशन अध्यक्ष आईडी. कोटिया, डॉक्टर वीपी सिंह, कैप्टन दीवानी चंद ने फल वितरित करते हुए रोगियों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की। बाद में कुष्ठ आश्रम पहुंचकर कुष्ठ रोगियों को फल वितरण करते हुए उनके स्वस्थ होने बाबत प्रार्थना की। इस अवसर पर एनसी तिवारी सचिन, एमसी उपाध्याय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संतोष अवस्थी, चिरंजीवी जोशी, ओमप्रकाश राणा आदि सम्मिलित थे।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रथम प्रकाश पर्व

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** मझोला स्थित गुरुद्वारा कलगीधर साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रथम प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विशेष धार्मिक समागम का आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में संगत ने गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर गुरु ग्रंथ साहिब जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। समागम के दौरान प्रातः श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला गया। इसके पश्चात रागी जत्थों ने गुरुवाणी एवं कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल किया। रागी जत्थों ने गुरबाणी के सार्वभौमिक संदेश पर प्रकाश डालते हुए संगत को गुरु की शिक्षाओं के अनुरूप जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में गुरु का अटूट लंगर भी आयोजित किया गया। सेवादारों ने श्रद्धा और समर्पण भाव से लंगर की सेवा निभाई। प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा साहिब को आकर्षक रोशनी एवं फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने संगत का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रथम प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान गुरुद्वारा ग्रंथी गुरजंट सिंह, गुरुद्वारा ग्रंथी सुनपहर दिलबाग सिंह, ग्रंथी गुरमुख सिंह, देबा गुरसेवक सिंह, गुरबाज सिंह आजाद, गुरमेज सिंह समेत अन्य संगत एवं सेवादार मौजूद रहे।



मझोला स्थित गुरुद्वारा कलगीधर साहिब में उपस्थित संगत। –जागरण मोर्चा

## एक नजर

### वाराणसी में जलभराव पर अधिशासी अभियंता निलंबित

**लखनऊ।** वाराणसी में जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के निर्माण खंड (वि./यां.) में तैनात अधिशासी अभियंता पवन कुमार गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है। उनके खिलाफ अनुशासनिक जांच भी शुरू की गई है। नगर विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के मुख्य अभियंता (क्रय) को इस प्रकरण में जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया कि चौकाघाट सीवेज पम्पिंग स्टेशन पर नदी के बैकफ्लो को रोकने के लिए आवश्यक गेट/बैरियर लगाने संबंधी आकलन और कार्ययोजना तैयार नहीं की गई। इसके अलावा उच्चाधिकारियों के निर्देशों का पालन भी नहीं किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि 3 और 4 सितंबर को चौकाघाट सीवेज पम्पिंग स्टेशन तथा गोईठहां एसटीपी पर स्थित पम्प बंद रखे गए।

# गणेश चतुर्थी पर श्रद्धालुओं ने धूमधाम से निकाली शोभायात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय



पूरनपुर में निकाली गई शोभा यात्रा। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** गणेश चतुर्थी महोत्सव को लेकर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो नगर के विभिन्न मार्गो से होकर पुनः आयोजन स्थल पर पहुंची।कई जगहों पर भव्य स्वागत किया गया।इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त शोभायात्रा में मौजूद रहे। सोमवार को गणेश चतुर्थी महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।। भक्तों ने घरों में पूजा अर्चना कर मन्नतें मांगी। नगर में गणेश चतुर्थी को लेकर बैंड बाजे के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। बैंड बाजों के साथ निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे। गणेश के जयकारों से वातावरण भक्ति में हो गया। बाल कलाकारों के द्वारा आकर्षक झांकियां सजाई गई। शोभायात्रा नगर के पकडिया रोड, सिरसा रोड,कोतवाली रोड,स्टेशन चौराहे से होते हुए विभिन्न मार्गो से होकर पुनःआयोजन स्थल पर पहुंची।कई जगहों पर शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया।डीजों पर बज रहे श्री गणेश के भजन पर भक्त जमकर थिरके।बाल कलाकारों के द्वारा सजाई गई आकर्षक झांकियों की लोगों ने जमकर सराहना की। गायक कलाकारों द्वारा सुंदर सुंदर भेंटे प्रस्तुत की गई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों के अलावा गणमान्य लोग मौजूद रहे। सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

# दवा लेने की बात कहकर घर से निकला युवक लापता

- नहर पुल के पास मिली बाइक, चप्पल और मोबाइल

जागरण मोर्चा कार्यालय



युवक की तलाश करती बाढ़ राहत टीम। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव भैरवकला निवासी प्रदीप कुमार रविवार शाम करीब पांच बजे दवा लेने की बात कहकर घर से निकला था। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह नहर पुल के पास उसकी बाइक, चप्पल और मोबाइल फोन मिलने के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। काफी देर तक वापस नहीं आने पर परिजनों को चिंता होने लगी। उन्होंने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी युवक की जानकारी की,लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार सुबह सनराइज होम स्टे के पास नहर पुल के निकट युवक की बाइक खड़ी मिली। इसके अलावा मौके पर उसकी चप्पल और मोबाइल फोन भी पड़ा हुआ था। एक साथ बाइक, चप्पल और मोबाइल मिलने से परिजनों को युवक के नहर में डूबने की आशंका हुई। परिजनों ने तत्काल मामले की सूचना माधोटांडा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने नहर में युवक की तलाश के लिए टीम को लगाया है। नहर के पानी और आसपास के क्षेत्र में युवक की तलाश की जा रही है। युवक के अचानक लापता होने से उसके परिवार में चिंता का माहौल है। परिजनों का कहना है कि प्रदीप कुमार काफी समय से बीमार चल रहा था। इसी वजह से वह रविवार शाम दवा लेने के लिए घर से निकला था।हालांकि वह नहर पुल तक कैसे पहुंचा और उसके बाद उसके साथ क्या हुआ, इसे लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस रेस्क्यू टीम की मदद से नहर में युवक की तलाश कराने के साथ ही आसपास के क्षेत्र में भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस का कहना है कि युवक के मिलने के बाद ही घटना की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# बिजली कटौती पर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**घुघंचाई।** क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने विद्युत उपखंड पहुंचकर विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।आरोप है रात में कई घंटे बिजली गुल रहती है।जिससे सड़कों पर अंधेरा छाया रहता है।आवारा पशु भी गांव में घूमते रहते हैं।अंधेरे की वजह से उनसे भी खतरा बना हुआ है।

घुघंचाई क्षेत्र के गांव कसगंजा से बिजली कटौती को लेकर बड़ी संख्या में लोग विद्युत उपखंड पहुंचे।जहां उन्होंने मौजूद कर्मचारियों से बातचीत की।लेकिन कोई ठोस जबाव नहीं मिल सका। ग्रामीणों का आरोप है कल डीएम से लिखित शिकायत भी की गयी थी।लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि दिन में मेहनत मजदूरी करना,खेतों में काम करना, और रात में जब आराम का समय होता है तो घंटों के लिये बिजली गायब हो जाती है। जिससे घरों बच्चे,बुजुर्गों को बहुत दिक्कत होती है। आरोप है ग्रामीणों ने जब मामले का लेकर एसडीओ या जेई से बात करने की कोशिश की। लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का फोन नहीं उठा।ग्रामीणों का कहना है कि अगर बिजली व्यवस्था पूरी तरह से सही नहीं हुई तो बिजली घर मे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जायेगा। बड़ी संख्या में ग्रामीण बिजली घर पहुंचे थे।

# व्यापार मंडल में संजय गुप्ता महामंत्री और दीपक अग्रवाल कोषाध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय



जिम्मेदारी मिलने पर स्वागत करते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

**सर्वसम्मति से मिली जिम्मेदारी, नवनियुक्त पदाधिकारियों का व्यापारियों ने किया स्वागत**

**पूरनपुर।** व्यापार मंडल में संजय गुप्ता को महामंत्री और दीपक अग्रवाल को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली।माधोटांडा रोड स्थित अमोल ओकजन हॉल में रविवार रात उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की नगर कार्यकारिणी की बैठक हुई। नगर अध्यक्ष हाजी मोहम्मद जाहिद खान की संस्तुति पर पूरनपुर सर्राफा संघ के अध्यक्ष संजय गुप्ता को नगर महामंत्री और प्रतिष्ठित दवा व्यापारी दीपक अग्रवाल को नगर कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। दोनों पदों पर सर्वसम्मति से मनोनयन के बाद संगठन के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष हंसराज गुलाटी, प्रदेश मंत्री विजय पाल सिंह 'विक्की', प्रदेश मंत्री नवीन अग्रवाल तथा जिला संगठन मंत्री एवं वरिष्ठ समाजसेवी अशोक खंडेलवाल की मौजूदगी में दोनों को मनोनयन पत्र सौंपे गए। वक्ताओं ने उम्मीद जताई कि संजय गुप्ता और दीपक अग्रवाल अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करते हुए व्यापारी हितों की आवाज को मजबूती देंगे। वही जाहिद खान ने बैठक में संगठन की एकजुटता और व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने पर भी चर्चा की और हर सुख दुःख में दिन रात मजबूती से खड़े होने का विश्वास दिलाया।नवनियुक्त महामंत्री संजय गुप्ता और कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी पर आभार जताते हुए व्यापारी हित में सक्रियता से काम करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश मंत्री विजय पाल सिंह 'विक्की' के 70 साल बाद मकान खाली करने और चांदी की प्लेट में चाबी सौंपने के कदम की सराहना की गई, संगठन की ओर से उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजेंद्र आर्य, सुलभ खंडेलवाल, गौरव पांडेय, विजय नागी, संजय पांडेय, राजू खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षेप समाचार

### शराब की दुकान हटाने के लिए उतरीं महिलाएं

**पीलीभीत।** जिले की पूरनपुर तहसील चांदुइया कॉलोनी में शराब की दुकान को लेकर महिलाओं में नाराजगी है। महिलाओं ने दुकान हटाने की मांग को लेकर विरोध किया था। तहसीलदार ने गांव जाकर लोगो से बातचीत की, लोगो ने पत्र भी सौंपा। जिसमे कहा गया है कि आबादी के बीच शराब की दुकान होने से गांव का माहौल खराब हो रहा है। उनका आरोप है कि दुकान के आसपास आए दिन शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे महिलाओं और बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। महिलाओं का कहना है कि शराब की दुकान गांव के आबादी क्षेत्र में होने से बच्चों पर भी इसका गलत प्रभाव पड़ रहा है। शाम के समय स्थिति और अधिक असहज हो जाती है। महिलाओं ने संबंधित अधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर दुकान को आबादी से दूर स्थानांतरित कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो महिलाएं सामूहिक रूप से अधिकारियों के समक्ष शिकायत दर्ज कराकर आंदोलन करेंगी।

### सरकारी योजनाओं की सूची पर सवाल, सौंपा पत्र, ग्रामीणों ने मजिस्ट्रेट जांच की उठाई मांग

**पीलीभीत।** विकासखंड की ग्राम पंचायत अमरैया कला के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी और पंचायत सहायक पर सरकारी योजनाओं में मनमानी का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता को सौपा है। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री आवास योजना समेत वृद्धावस्था व विधवा पेंशन और शौचालय योजना में पात्रों की अनदेखी कर अपात्रों को लाभ देने का आरोप लगाया है ।ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची में 142 लोगों के नाम शामिल हैं। आरोप है कि सूची तैयार करने और सर्वेक्षण के दौरान पात्रता मानकों की अनदेखी की गई। पंचायत सचिवालय के नियमित रूप से नहीं खुलने और जनसुनवाई नहीं होने की बात भी शिकायत में कही गई है ।ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में शपथपत्र के साथ शिकायत कर मजिस्ट्रेट जांच की मांग की गई थी, लेकिन जांच उन्हीं अधिकारियों को सौंपे जाने का आरोप है, जिनके खिलाफ शिकायत की गई थी ।शिकायतकर्ताओं के मुताबिक 10 सितंबर को जांच के लिए टीम आने की सूचना दी गई, लेकिन टीम मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने आईजीआरएस शिकायतों के संदर्भ संख्या 92615100036574 और 40015126023233 का हवाला देते हुए जिला स्तरीय कमेटी से जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### आईएएस दिव्या मित्तल का इस्तीफा हुआ मंजूर, 31 अगस्त को भेजा गया था केंद्र; इसलिए छोड़ा था पद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कैडर की 2013 बैच की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल का इस्तीफा नियमानुसार स्वीकार कर लिया गया है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने इस्तीफा स्वीकार्य कर लिया है। 30 अगस्त 2026 को उन्होंने व्यक्तिगत कारणों, पारिवारिक प्राथमिकताओं और जीवन के नए लक्ष्यों का हवाला देते हुए स्वेच्छा से प्रशासनिक सेवा से त्यागपत्र देने का निर्णय लिया था। जिसे केंद्र सरकार को भेजा गया था। सोशल मीडिया पर दी थी जानकारी ' यूपी कैडर की वर्ष 2013 बैच की आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल ने रविवार को इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने भारतीय प्रशासनिक सेवा से इस्तीफा दिए जाने की जानकारी अपने फेसबुक और एक्स एकाउंट के माध्यम से दी थी। दिव्या को मई 2026 में देवरिया के डीएम के पद से हटाकर राजस्व विभाग में अपेक्षाकृत कम महत्व के विशेष सचिव के पद पर तैनात किया गया था। वे तभी से असहज बताई जा रही थीं। शासन के उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, उनका त्यागपत्र केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) को भेजने का निर्णय लिया गया था। इस विभाग के मंत्री स्वयं प्रधानमंत्री हैं, इसलिए अंतिम निर्णय उच्चस्तर पर ही होना था। इस मामले की फाइल राष्ट्रपति भवन तक जाएगी, क्योंकि आईएएस अधिकारियों के नियुक्ति प्राधिकारी वही होते हैं।

# जर्जर हाईटेंशन लाइन टूटी, घरों पर गिरा तार; बाल-बाल बचे लोग

जागरण मोर्चा कार्यालय



11 हज़ार केवीए की टूटी पड़ी लाइन। -जागरण मोर्चा

**शेरपुर कलां।** मोहल्ला कुरैशियान स्थित बैंक वाली गली में उस समय हड़कंप मच गया, जब रिहायशी मकानों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन विद्युत लाइन अचानक टूटकर मकानों और गली में जा गिरी। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब छह बजे तेज आवाज के साथ हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर नीचे गिरा। सुबह का समय होने के कारण गली में लोगों की आवाजाही कम थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। तार गिरते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि रिहायशी मकानों के ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की लाइन लंबे समय से खतरे का कारण बनी हुई है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से जर्जर तारों को तत्काल बदलवाने और हाईटेंशन लाइन की सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

# पंचायत सहायकों के धरने में पहुंचे संजय सिंह, बोले- संसद में मजबूती से गूंजेगी आपकी आवाज; शोषण हो रहा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने लखनऊ के ईको गार्डन में धरना दे रहे पंचायत सहायकों से मुलाकात कर समर्थन दिया। उन्होंने छह हजार रुपये के मानदेय को बढ़ाकर 30 हजार रुपये करने की मांग की। संजय सिंह ने आश्वासन दिया कि पंचायत सहायकों की आवाज संसद में मजबूती से उठाई जाएगी।

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह सोमवार को ईको गार्डन में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे पंचायत सहायक कर्मचारियों से मिले और उनके आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि गांवों में 29 विभागों की रीढ़ बनकर काम करने वाले पढ़े-लिखे युवाओं को महज 6000 रुपये मानदेय दिया जा रहा है।

**30 हजार रुपये मानदेय की मांग** 3 संजय सिंह ने पंचायत सहायकों का मानदेय तत्काल बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रतिमाह करने की मांग की। उन्होंने कहा कि एक विधायक या सांसद के शपथ लेने के बाद उसे वेतन, वाहन भत्ता, चिकित्सा सुविधा और निधि जैसी सुविधाएं मिलती हैं। वहीं, लंबे समय तक जनता की सेवा करने वाले कर्मचारियों की पेंशन व्यवस्था समाप्त कर दी गई। उन्होंने पंचायत सहायकों के संघर्ष को समर्थन देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी उनके साथ हर कदम पर खड़ी है। संजय सिंह ने पंचायत सहायकों को आश्वस्त किया कि संसद का आगामी सत्र शुरू होते ही वह उनके मानदेय और अधिकारों का मुद्दा सदन में मजबूती से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं के हक में फैसला लेने के लिए सरकार पर दबाव बनाया जाएगा। इस मौके पर अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह, महासचिव दिनेश सिंह पटेल, मनोज मिश्रा, वैभव प्रकाश, इरम रिजवी, सुरभि, प्रेरणा, प्रशांत यादव और नूर सिद्दीकी समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बैठक

**बहादुरपुर बुजुर्ग में किया गया हिंदू जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन**

# हिंदू जनसंवाद में संगठन विस्तार पर मंथन, गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



हिंदू जनसंवाद कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** बहादुरपुर बुजुर्ग में हिंदू जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदू समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों के साथ संगठन को मजबूत करने और विस्तार को लेकर चर्चा हुई। संचालन जिला महामंत्री अशोक राठौर अधिवक्ता ने किया। विशिष्ट अतिथि नवनीत मिश्रा ने हिंदू संस्कार केंद्र की स्थापना तथा संगठन के विस्तार को लेकर अपने विचार रखे। मुख्य वक्ता भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा ने बांग्लादेश में हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की मांग करते हुए भारत सरकार से आवश्यक पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने हिंदू बहन-बेटियों की सुरक्षा और गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि गौवंश की सुरक्षा के बिना हिंदू समाज के राष्ट्र निर्माण का संकल्प पूरा नहीं हो सकता। कार्यक्रम के दौरान संगठन के विस्तार के लिए कई कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी, तहसील अध्यक्ष रामपाल वर्मा, मानस शुक्ला, विधानसभा अध्यक्ष रामसेवक वर्मा, अनुराग पांडे, सर्वेश वर्मा और ग्राम प्रधान श्रीपाल वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन ठाकुर एसपी सिंह एवं विकास पांडेय के नेतृत्व में किया गया। नवीन नियुक्तियों के तहत सोहन कुमार को ग्राम अध्यक्ष, मनोज कुमार को महामंत्री, मनोज मिश्रा को सेहरामऊ उत्तरी का ग्राम अध्यक्ष, रोहित कुमार को मंत्री तथा सूरज कुमार और अनुज को सदस्य की जिम्मेदारी दी गई।

## केजीएमयू में हड़ताल पर छह महीने की रोक

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में कर्मचारी परिषद के प्रस्तावित आंदोलन के बीच हड़ताल पर अगले छह महीने के लिए रोक लगा दी गई है। कुलसचिव अर्चना गहरवार ने सोमवार को एस्मा के तहत आदेश जारी कर हड़ताल प्रतिबंधित कर दी। आदेश में लोक सेवा, राज्य सरकार के अधीन निगमों और स्थानीय प्राधिकरणों की सेवाओं में हड़ताल पर रोक लगाई गई है। साथ ही आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। हालांकि, एस्मा के आदेश के बावजूद केजी मेडिकल कॉलेज एंड जीएम एंड एसोसिएटेड हॉस्पिटल कर्मचारी परिषद ने मंगलवार को प्रस्तावित हड़ताल वापस लेने से इनकार कर दिया है। परिषद के महामंत्री अनिल कुमार ने कहा कि कर्मचारी अपने हक की मांग को लेकर पीछे नहीं हटेंगे और मंगलवार को हड़ताल होगी।

# यूपी में निवेश के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल की उच्चस्तरीय बैठक, इन क्षेत्रों में अवसरों की तलाश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**लखनऊ।** लखनऊ में अपने दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के प्रमुख मंत्रियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की।

इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (IACC), अमेरिकी विदेश वाणिज्यिक सेवा और यूएसआईबीसी के नेतृत्व में 23 सदस्यीय अमरीकी प्रतिनिधिमंडल 14 सितंबर 2026 को लखनऊ पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल में नोवार्टिस, जॉनसन एंड जॉनसन, एबॉट, जीई, पेप्सिको और रोश जैसी 17 प्रमुख अमरीकी कंपनियां शामिल हैं। यात्रा का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा, खाद्य प्रसंस्करण, बागवानी, पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन क्षेत्रों में भारत-यूपी-अमेरिका सहयोग को बढ़ावा देना और निवेश की नई संभावनाओं को तलाशना है।

लखनऊ में अपने दौरे के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के प्रमुख मंत्रियों और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उद्यान एवं कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मुख्यमंत्री के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी (सेवानिवृत्त आईएएस), मुख्यमंत्री के सलाहकार (फार्मा) डॉ. जीएन सिंह सहित पशुपालन, योजना, आईटी और कृषि विभाग के प्रमुख सचिव और सलाहकार शामिल रहे। वार्ता के दौरान राज्य में निवेश के प्रोत्साहन, तकनीक हस्तांतरण, आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं और कृषि विकास से जुड़ी भावी परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

## एक नजर

### युवती को बहला फुसलाकर भगाया रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** ईट भट्ठे पर मजदूरी कर रहे परिवार के साथ रह रही एक 18 वर्षीय लड़की को भट्ठे पर काम कर रहा एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दियोरिया कला कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह एक ईट भट्ठे पर मजदूरी करता है और अपने परिवार के साथ वही रहता है उसी ईट भट्ठे पर सुखपाल पुत्र लक्ष्मी निवासी कंचनपुर थाना बंडा जनपद शाहजहांपुर भी मजदूरी करता है 11 सितंबर को वह अपनी पत्नी के साथ रिश्तेदारी में गया तभी सुखपाल उसकी 18 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुखपाल पुत्र लक्ष्मी निवासी ग्राम कंचनपुर थाना बंडा जनपद शाहजहांपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## गोंडा प्रकरण को लेकर भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर एसडीएम को दिया ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** गोंडा जनपद में बर्तन कारोबारी विनोद कुमार साहनी हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात करने जा रहे नगीना लोकसभा सांसद एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद को कथित रूप से रोके जाने, पुलिस द्वारा दुर्व्यवहार किए जाने तथा उनके काफिले पर कथित हमले के प्रकरण को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन कार्यकर्ताओं ने सोमवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन किया व महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन एसडीएम नागेंद्र पांडे को सौपा। जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय के नेतृत्व में कार्यकर्ता सोमवार को तहसील मुख्यालय के गेट पर एकत्र हुए। उन्होंने राज्यपाल



उप जिलाधिकारी नागेंद्र पांडे को ज्ञापन सौंपते भीम आर्मी के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी नागेंद्र पांडे को सौंपा। ज्ञापन में गौडा. प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई।ज्ञापन में मांग की गई कि विनोद कुमार साहनी हत्याकांड की निष्पक्ष जांच कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाए। साथ ही सांसद चन्द्रशेखर आजाद को रोके जाने एवं उनके साथ किए गए कथित व्यवहार की स्वतंत्र जांच कराई जाए। घटना के समय मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भूमिका की जांच, सीसीटीवी फुटेज, वीडियो रिकॉर्डिंग, पुलिस वायरलेस संदेश, ड्यूटी चार्ट एवं अन्य साक्ष्यों को सुरक्षित कर जांच में शामिल करने तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों एवं पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में पीड़ित परिवार को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा निर्वाचित सांसद चन्द्रशेखर आजाद की सुरक्षा, सम्मान एवं गरिमा सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है। जिलाध्यक्ष सौरभ भारतीय ने कहा कि किसी भी आपराधिक घटना के पीड़ित परिवार से मिलकर उनकी पीड़ा सुनना और न्याय की आवाज उठाना जनप्रतिनिधि का लोकतांत्रिक दायित्व है। इस दौरान संगठन ने स्पष्ट किया कि उसका उद्देश्य कानून-व्यवस्था का सम्मान करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना तथा जनप्रतिनिधियों के संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित कराना है।

## बीसलपुर में गणेश महोत्सव का हुआ शुभारंभ, भगवान गणेश की मूर्ति की शोभा यात्रा निकाली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** विघ्नहर्ता भगवान गणेश चौथ महोत्सव आज से प्रारंभ हो गया। सोमवार को श्री गणेश चौथ समिति के द्वारा गणेश भगवान की प्रतिमा की शोभा यात्रा नगर में धूमधाम से निकल गई। महाराष्ट्र से लाई गई भगवान गणेश की 7 फीट ऊंची प्रतिमा बंगाली बाबा मंदिर परिसर में रखी गई। यहां से मूर्ति को रथ पर विराजमान करके मूर्ति की शोभा यात्रा निकाली गई। जगह-जगह पुष्प बरसाकर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। शोभा यात्रा के समापन पर मूर्ति की स्थापना नगर के जानकी रतन मंदिर बालाजी दरबार में की गई।इस अवसर पर महंत लखन रतन मिश्र द्वारा भगवान गणेश का विधि विधान से पूजन व भगवान गणेश का प्रिय लड्डूओं का भोग लगाकर जनमानस में वितरण



नगर में भगवान गणेश की शोभा यात्रा निकलती हुई। -जागरण मोर्चा

किया गया। पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जयसवाल द्वारा पूजन कर गणेश चौथ महोत्सव का शुभारंभ किया गया। मंगलवार से प्रत्येक दिन जानकी रतन मंदिर में विभिन्न आयोजन किए जायेंगे इस अवसर पर प्रकाश भाई मराठा ,राकेश बाथम, सागर गुप्ता, सोनू मिश्र, नवल गुप्ता, मुकेश सिंघानिया , प्रांजल मिश्र पीएम , पारुल गुप्ता , सकटे लाल , कन्हिया भारद्वाज , प्रांजल मिश्रा, सूर्य प्रकाश , रजत मराठा आदि उपस्थित रहे।

## बिलसंडा में शुरू हुआ गणेश महोत्सव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** गणेश चतुर्थी पर प्रत्येक वर्षों की भांति इस बार भी नगर के श्री राम जानकी सत्संग भवन पर भगवान गणेश की विशालकाय प्रतिमा स्थापित हो गयी।जबकि मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा 23 सितंबर को बैंड बाजों के साथ निकाली जाएगी। भगवान गणपति बप्पा की विशाल प्रतिमा के अलावा 101 घरों में भी लोगों ने भगवान गणेश की मूर्ति की स्थापना की। यह मूर्तियां भी 23 सितंबर को ही शोभायात्रा के साथ ही विसर्जित की जाएंगी।गणेश भगवान की भव्य विशाल प्रतिमा को शोभायात्रा के साथ बैंडबाजों से स्वामी कैलाशदास वेदांताचार्य जी महाराज के श्रीनिवास कुंज आश्रम से नगर में भ्रमण करते हुए श्री राम जानकी सत्संग भवन में स्थापित किया गया। शोभा यात्रा से पूर्व स्वामी जी महाराज ने गणेश पूजन के बाद मूर्ति की आरती उतारी।यहीं



बिलसंडा में स्थापना से पूर्व नगर में निकालते हुए गणपति की शोभा यात्रा।

से श्रद्धालु भव्य शोभायात्रा को लेकर नगर के विभिन्न मार्गों से होकर श्री राम जानकी सत्संग भवन पहुंचे, जहां मूर्ति को हवन पूजन के बाद स्थापित कर दिया गया।यहां 9 दिन भजन कीर्तन आरती एवं सायँ चार बजे से रात्रि आठ बजे तक प्रतिदिन श्री रामकथा का रसपान भी कथावाचक द्वारा श्रद्धालुओं को कराया जाएगा।इस दौरान शोभायात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा कर लोगों ने स्वागत किया,आरती भी उतारी। भक्त गणपति बप्पा मोरया,मंगल मूरत मोरया के जयकारे भी लगा रहे थे।कार्यक्रम में

- धूमधाम से स्थापित की गई गणपति बप्पा की मूर्ति
- 23 सितंबर को खन्नौत नदी में होगी मूर्ति विसर्जित

राजीव मिश्रा, नवनीत मिश्रा, संजीव राठौर, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे। उधर ग्राम खुटरायां में भी पिछले दशक से गणेश विसर्जन की परंपरा के तहत सोमवार को भगवान गणेश जी मूर्ति स्थापित की गई।इस अवसर पर महिलाओं ने पहले कलशयात्रा भी निकाली।आयोजकों ने बताया कि यहाँ सुबह शाम एक सप्ताह तक गणेश पूजन चलेगा। यहां की भी मूर्ति खन्नौत नदी पर मूर्ति विसर्जित की जाएगी। इस मौके पर कमेटी में पूर्व प्रधान महेश सिंह, बब्लू यादव, रामकेश,जसपाल,संजीव सिंह, राकेश सिंह, रामप्रताप सिंह, महेंद्र सिंह, पुत्तुलाल शर्मा, अनिल शर्मा,अमरजीत सिंह,ब्रजेश सिंह मौजूद रहे।

## अल्ट्रासाउंड सेंटर खुला, लेकिन डॉक्टर रहे नदारद

### गर्भवती महिलाओं को निजी सेंटरों पर जाने पर मजबूर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड सेंटर शुरू होने के बावजूद गर्भवती महिलाओं को जांच का समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। सोमवार को सुबह अल्ट्रासाउंड कराने पहुंची महिलाओं को डॉक्टर के समय से न पहुंचने के कारण मायूस होकर लौटना पड़ा। सीएचसी का समय सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक है। लेकिन करीब दस बजे तक भी अल्ट्रासाउंड करने वाले चिकित्सक के न पहुंचने से मरीज परेशान रहे। महिलाओं का आरोप है कि अल्ट्रासाउंड के लिए उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ता है। समय पर जांच नहीं होने के कारण कई मरीजों को मजबूरी में निजी



मरीज देखते सीएचसी अधीक्षक। -जागरण मोर्चा

सेंटरों का रुख करना पड़ रहा है,जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक भार उठाना पड़ रहा है। मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉ.मनीष राज शर्मा ओपीडी में मरीजों को देखते मिले। उन्होंने बताया कि अल्ट्रासाउंड सेंटर का कमरा खुला था और स्टाफ नर्स भी मौजूद थी। अल्ट्रासाउंड करने वाले डॉ.अजय कुमार गुप्ता पीलीभीत से आते हैं।जिसके चलते सोमवार को उन्हें पहुंचने में देरी हुई। डॉक्टर के पहुंचने के बाद जांच शुरू होने की बात कही गई। बताया गया कि इससे पहले यूपीएस खराब होने के कारण करीब तीन दिनों तक अल्ट्रासाउंड सेंटर बंद रहा था। अब यूपीएस ठीक होने के बाद डॉक्टर के समय पर नहीं पहुंचने से व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, डॉ. मनीष राज शर्मा का स्थानांतरण होने के बाद डॉ. अजय कुमार गुप्ता को अधीक्षक पद पर तैनाती दी गई है, लेकिन उन्हें अभी चार्ज नहीं मिला है। ऐसे में अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर मरीजों में नाराजगी है।

## रुद्रपुर से लौटे युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, रास्ते में हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** चौकी चुर्रा सकतपुर क्षेत्र के गांव जल्लापुर में रविवार शाम करीब सात बजे एक 38 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के ग्राम जल्लापुर निवासी धनपाल (38) पुत्र नत्थू लाल रुद्रपुर में नौकरी करता था और घटना से एक दिन पहले ही अपने



मृतक का फाइल फोटो।



मृतक का फाइल फोटो व रोते बिलखते परिजन। -जागरण मोर्चा

गांव लौटा था। रविवार शाम करीब सात बजे उसने जहरीला पदार्थ गटक लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए ले निकले, लेकिन रास्ते में ही धनपाल की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही चुर्रा सकतपुर चौकी प्रभारी अंकित यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी संजीव कुमार शुक्ला का कहना है कि मौत की सटीक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। मृतक अपने पीछे पत्नी रेखा (35), दो बेटियां अंजली (17) व यामिनी (14), बेटा अमन (12) और वृद्ध माता-पिता को छोड़ गया है। धनपाल की अचानक मौत से पत्नी रेखा और मां शांति देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

## जलकुंभी में फंसे युवक को पुलिस ने बचाया काफी देर पानी में रहने से बिगड़ी हालत, रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** मैगलगंज हाईवे किनारे रामपुर ता. महाराजपुर गांव के पास सोमवार दोपहर गहरे पानी के कुंड में एक युवक जलकुंभी के बीच फंसा मिला। काफी देर तक पानी से बाहर निकलने के लिए संघर्ष करते युवक को देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। पास स्थित राइस मिल में काम करने वाले मजदूरों की नजर युवक पर पड़ी। उन्होंने उसे बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन जलकुंभी में बुरी तरह उलझे होने के कारण सफलता नहीं मिली। मजदूरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची।टीम के जवानों ने



मौके पर मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

पानी में उतरकर कड़ी मशक्कत की और जलकुंभी के बीच फंसे युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बताया गया कि काफी देर तक पानी में रहने के कारण युवक की हालत बिगड़ गई थी और उसका शरीर अकड़ गया था।पुलिस ने युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। उसकी पहचान सुरेंद्र पुत्र चेतराम निवासी सिरसा के रूप में हुई है।सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। डाक्टरों ने बताया कि युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं कोतवाल पवन पांडे ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया था। युवक को सुरक्षित बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## संक्षेप समाचार

### गला दबाकर विवाहिता को जान से मारने का प्रयास, पति सहित आठ के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस

**पूरनपुर।** दहेज में पांच लाख रुपये नकद और कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और मारपीट कर घर से निकालने के आरोप में पुलिस ने एसपी के आदेश पर पति समेत आठ ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला अहमदनगर पंजा शाह गौटिया निवासी शबीना ने बताया कि उसका विवाह बर्ष 2023 को शादाब के साथ हुआ था। मायके पक्ष ने अपनी हैसियत के अनुसार करीब 80 हजार रुपये खर्च कर दहेज दिया था। शबीना के अनुसार उसकी दो बेटियां हैं। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले कम दहेज का ताना देकर पांच लाख रुपये नकद और कार की मांग करने लगे, शबीना का आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। 23 जुलाई को ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची उसकी मां के साथ भी मारपीट की गई इसके बाद दोनों को घर से निकाल दिया गया और दहेज लेकर वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता के मुताबिक 25 जुलाई को उसने पूरनपुर थाने में तहरीर दी। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई बाद में एसपी के समक्ष प्रार्थनापत्र देने पर मामला पुलिस परामर्श केंद्र भेजा गया। जहां 19 अगस्त को सुलह वार्ता सफल न होने पर प्रक्रिया निरस्त कर दी गई अब एसपी के आदेश पर पुलिस ने पति शादाब, ससुर इंताज खां, सास सन्नो, ननद कुलसुम, जेठ सरताज, जेठानी शबनम, नंदोई बसरुद्दीन समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**अनुरोध** पीडित परिवार को सुरक्षा दिलाए जाने की उठाई मांग

## सांसद से कथित दुर्व्यवहार के विरोध में सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सोमवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मयंक गोस्वामी को ज्ञापन सौंपा है। तहसील अध्यक्ष शुभम कुमार सागर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई। संगठन ने काफिले पर कथित हमले की घटना की भी जांच कराकर दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में मौके पर तैनात पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की भूमिका की जांच, सीसीटीवी फुटेज, वीडियो रिकॉर्डिंग, वायरलेस संदेश और ड्यूटी चार्ट सुरक्षित कराने की



ज्ञापन देते भीम आर्मी के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

मांग भी शामिल रही।संगठन ने कहा कि पीड़ित परिवार से मिलना निर्वाचित जनप्रतिनिधि का लोकतांत्रिक दायित्व है। सांसद के सम्मान, सुरक्षा और गरिमा की रक्षा सुनिश्चित करने के साथ पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की भी मांग की गई।ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि मामले में निष्पक्ष जांच और कार्रवाई नहीं हुई तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रमों में काले झंडे दिखाकर विरोध किया जाएगा। इस दौरान विजय कुमार गौतम, मो. नदीम, मो. इलियास, मदन लाल, हनीफ मियां, दुर्गेश गौतम समेत संगठन के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शोक संवेदना देने पहुंचे सपा नेता, जताया दुख

**घुंघचाई।** कस्बा घुंघचाई के जनसेवा केंन्द्र प्रभारी एवं पत्रकार मिथलेश गुप्ता की माता सुमित्रा देवी (90 वर्ष) का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन की खबर से परिवार और परिचितों में शोक की लहर है। माता के निधन की सूचना मिलने पर विधानसभा पूरनपुर के सपा नेता अजय भारती और सपा नेता राजकुमार राजू शोक संवेदना व्यक्त करने उनके आवास पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने की सांत्वना दी। इसके बाद अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए। परिजनों एवं क्षेत्र के लोगों ने भी श्रीमती सुमित्रा देवी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## कनेक्शन में सामान न देने और जलभराव की जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने विभिन्न समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार आशीष कुमार गुप्ता को सौपा है। ज्ञापन में सबलापुर स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर उज्ज्वला योजना के उपभोक्ता को कनेक्शन का सामान उपलब्ध न कराने और कथित रूप से रुपये मांगने का आरोप लगाया गया है। यूनियन के जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह ने बताया कि ग्राम लाह निवासी तारावती के नाम उज्ज्वला योजना के तहत करीब आठ माह पहले गैस कनेक्शन स्वीकृत हुआ था। आरोप है कि कई बार एजेंसी के चक्कर लगाने के बाद भी सामान नहीं दिया गया।



ज्ञापन देते भाकियू पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

8 सितंबर को दोबारा पहुंचने पर सामान देने के नाम पर 3800 रुपये मांगने और अभद्रता करने का आरोप लगाया गया। यूनियन ने मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन में शेरपुर से बिलहरी, केसरपुर, बालावनी होते हुए दुधिया खुर्द जाने वाले लिंक मार्ग पर जलभराव की समस्या भी उठाई गई। किसानों का कहना है कि पानी की निकासी नहीं होने से फसलें प्रभावित हो रही हैं। पुलिया के नाम पर धन निकाले जाने के बावजूद निर्माण नहीं होने का भी आरोप लगाया गया।मंजीत सिंह ने चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो यूनियन जिला स्तर पर आंदोलन करेगी। इस दौरान बलजीत सिंह, सर्वेश कुमार, रेशमा वर्मा, रामनरेश, अनिल कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, गुरजंट सिंह आदि मौजूद रहे।

# आखिर कब जाएगा ट्राफी चोर नकवी

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ वर्षों में एक नाम जो एशियाई क्रिकेट में लगातार विवादों में रहा है, वह है- मोहसिन नकवी। महिला एशिया कप 2026 का खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम ने एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। इससे पहले 2025 पुरुष एशिया कप जीतने के बाद भी भारतीय टीम ने नकवी से ट्रॉफी नहीं ली थी।

सिर्फ एशिया कप ही नहीं, नकवी से जुड़े ऐसे कई विवाद रहे हैं, जिन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट के साथ-साथ एशियाई क्रिकेट को भी सवालों के घेरे में रखा है। ऐसे में फैंस तंग आकर सिर्फ एक सवाल पूछ रहे हैं कि एसीसी की कुर्सी पर नकवी आखिर कब तक रहेंगे? नकवी के बाद एसीसी की कमान किसके हाथ में जाएगी? मोहसिन नकवी ने तीन अप्रैल 2025 को एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष का पद संभाला था। उन्हें दो साल के कार्यकाल के लिए इस पद पर चुना गया था। यानी मौजूदा कार्यकाल अप्रैल 2027 में खत्म होगा। उनके कार्यकाल के साथ ही पाकिस्तान ने एसीसी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली थी। एसीसी अध्यक्ष पद रोटेशन के आधार पर सदस्य देशों के बीच जाता रहा है। नकवी से पहले श्रीलंका क्रिकेट के शम्मी सिल्वा एसीसी अध्यक्ष थे। उनसे पहले जय शाह ने इस पद की





जिम्मेदारी संभाली थी। जय शाह जनवरी 2021 में एसीसी अध्यक्ष बने थे। बाद में सदस्य देशों के समर्थन से उनका कार्यकाल 2024 तक बढ़ाया गया। वह एसीसी के सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहने वाले व्यक्ति हैं। फिलहाल जय शाह आईसीसी अध्यक्ष हैं।

अगस्त 2026 में हुई एसीसी की वार्षिक आम बैठक में अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भी अध्यक्ष पद की रोटेशन में शामिल कर लिया गया है। इससे एसीसी अध्यक्ष पद की रोटेशन में अब पांच पूर्ण सदस्य बोर्ड शामिल हो गए हैं। इनमें भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश के अलावा अफगानिस्तान शामिल हैं। इसका मतलब है कि भविष्य में अध्यक्ष पद की रोटेशन में अब अफगानिस्तान भी दावेदार देशों में शामिल रहेगा। यहां सबसे दिलचस्प बात एशिया कप के कार्यक्रम और नकवी के कार्यकाल की है। एशिया कप आम तौर पर दो साल के अंतराल पर आयोजित होता है। 2026 में महिला एशिया कप के बाद अगला पुरुष एशिया कप 2027 में होना है, जो कि वनडे विश्वकप को देखते हुए वनडे प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। नकवी का मौजूदा कार्यकाल अप्रैल 2027 में समाप्त होना है।

यानी काउंटडाउन शुरू हो चुका है और नकवी के हटने में लगभग आठ महीने बचे हैं। यानी मौजूदा कार्यकाल के हिसाब से 2027 पुरुष एशिया कप के दौरान नकवी एसीसी अध्यक्ष नहीं होंगे, बशर्ते उनका कार्यकाल आगे नहीं बढ़ाया जाता। ऐसे में भारतीय टीम और एसीसी के बीच ट्रॉफी को लेकर जो विवाद 2025 और 2026 में देखने को मिला, वैसी स्थिति अगले एशिया कप में बनेगी या नहीं, यह काफी हद तक नए अध्यक्ष और दोनों बोर्डों के रिश्तों पर निर्भर करेगा।

एशियन क्रिकेट काउंसिल एशिया के क्रिकेट बोर्डों का क्षेत्रीय संगठन है। इसके अध्यक्ष का कार्यकाल आम तौर पर दो साल का होता है और नेतृत्व सदस्य देशों के बीच रोटेशन के जरिए बदलता रहता है।

यही वजह है कि नकवी के बाद किसी व्यक्ति का नाम पहले से तय होने के बजाय यह देखना होगा कि अगली बारी किस सदस्य देश की है और उस समय उसके क्रिकेट बोर्ड का नेतृत्व कौन कर रहा है।

पाकिस्तान की बारी आने पर नकवी ने तीन अप्रैल 2025 को एसीसी अध्यक्ष का पद संभाला था। अब अप्रैल 2027 में उनके कार्यकाल के पूरा होने के बाद यही प्रक्रिया नए नेतृत्व के लिए अपनाई जाएगी।

## इमरान खान: जेल में बंद पूर्व पाकिस्तानी कप्तान, अब पूर्व पत्नी जेमिमा ने रचाई दूसरी शादी

**एजेंसी न्यूज**

**लंदन।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पूर्व पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ ने करोड़पति फाइनेंसर कैमरन ओ राइली से दूसरी शादी कर ली है। गोल्डस्मिथ परिवार ने इस खबर का जश्न मनाते हुए इसकी पुष्टि की। पेशे से फिल्म निमार्ता गोल्डस्मिथ (52) की शादी पाकिस्तानी क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान से हुई थी। 2004 में तलाक होने से पहले वे करीब नौ साल तक साथ रहे। उनके दो बेटे हैं, सुलेमान और कासिम। इमरान फिलहाल रावलपिंडी जेल में बंद हैं।

जेमिमा गोल्डस्मिथ के भाई बेन की पत्नी जेमिमा जोन्स ने इंस्टाग्राम पर अपने पति के साथ तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा, 'अपने पसंदीदा साथी के साथ जेमिमा और कैमरन की शादी का जश्न मना रही हूं, कितना खुशनुमा दिन है।' माना जाता है कि 62 वर्षीय आयरिश-ऑस्ट्रेलियाई व्यवसायी ओह्लराइली और जेमिमा गोल्डस्मिथ ने सप्ताहांत में एक शानदार समारोह में शादी की।

फिल्मों और वृत्तचित्रों में अपनी समान दिलचस्पी के कारण दोनों एक-दूसरे के करीब आए।





निर्माण कंपनी इंस्टिंक्ट प्रोडक्शंस की संस्थापक जेमिमा गोल्डस्मिथ ने कई शो और फिल्मों की कहानियां लिखी और निर्माण किया, जिनमें शेखर कपूर के निर्देशन में बनी रोमांटिक कॉमेडी व्हाट्स लव गॉट टू डू विद इट? भी शामिल है।

पाकिस्तान को 1992 का विश्व कप जीताने वाले इमरान खान भ्रष्टाचार के आरोप में 2023 से जेल में बंद हैं। जेल में उनकी तबियत लगातार बिगड़ती जा रही है। कई पूर्व क्रिकेटरों ने इमरान खान को लेकर चिंता जताई है, पाकिस्तान सरकार से उनके लिए बेहद चिकित्सा सुविधा बहाल करने का अनुरोध किया है। इमरान खान के स्वास्थ्य के प्रति चिंता जताते हुए दुनिया की अलग-अलग टीमों के 21 पूर्व कप्तानों ने पाकिस्तानी अधिकारियों को पत्र लिखा है। पत्र लिखने वालों में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और मौजूदा समय के मशहूर कमेंटेटर माइकल एथरटन भी शामिल हैं।

## भारत-चीन के बीच ऊर्जा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा: हरदीप पुरी से मिले चीन की तेल कंपनी के प्रमुख, हुई क्या बात?

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारत और चीन ने ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की है। चीन की प्रमुख तेल कंपनी चाइना नेशनल पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीएनपीसी) के अध्यक्ष दाई हौलियांग ने सोमवार को नई दिल्ली में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी से मुलाकात की।

चीन के सरकारी मीडिया ने सीएनपीसी के हवाले से बताया कि बैठक में दोनों पक्षों ने ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

यह बैठक पिछले शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई मुलाकात के बाद हुई है। यह ऐसे समय में भी हुई है जब पश्चिम एशिया में संकट गहरा रहा है और हूती विद्रोहियों ने सऊदी अरब की तेल सुविधाओं पर हमले तेज कर दिए हैं। गौरतलब है कि भारत और चीन कच्चे तेल के दुनिया के दो प्रमुख आयातक हैं।

बैठक में दाई ने कहा कि हाल के वर्षों में चीन और भारत के नेताओं ने कई बार मुलाकात की है। दोनों देशों के नेताओं ने एक-दूसरे को साझेदार और विकास के अवसरों के रूप में देखने को लेकर महत्वपूर्ण सहमति बनाई है। इससे द्विपक्षीय संबंधों को दिशा मिली है और ऊर्जा क्षेत्र में व्यावहारिक सहयोग को और बढ़ाने के लिए मजबूत आधार तैयार हुआ है।




## शुगर प्राइस: सरकारी उपायों से कीमतें काबू में, त्योहारी मांग के बावजूद 60 रुपये प्रति किलोग्राम से नीचे भाव

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** सरकारी उपायों की एक श्रृंखला के बाद सोमवार को लगातार चौथे दिन अखिल भारतीय चीनी का औसत खुदरा मूल्य 60 रुपये प्रति किलोग्राम से नीचे रहा। यह स्थिति तब बनी है जब त्योहारी मांग के कारण कुछ क्षेत्रों में चीनी की कीमतों पर दबाव देखा जा रहा है। उपभोक्ता मामले मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, चीनी की कीमतें शुक्रवार को 60 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर से नीचे गिर गई थीं। इसके बाद पिछले तीन दिनों में इनमें और कमी आई है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिली है।

सोमवार को औसत खुदरा चीनी मूल्य 59.57 रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज किया गया। यह पिछले दिन के 58.99 रुपये प्रति किलोग्राम से मामूली अधिक था। हालांकि, यह 21 अगस्त को दर्ज 58.23 रुपये प्रति किलोग्राम से अभी भी अधिक है। उस दिन केंद्र सरकार ने पहली बार चीनी आयात की अनुमति दी थी। सरकार ने चीनी की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए कई अन्य महत्वपूर्ण कदम भी उठाए थे।

मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार को अधिकतम खुदरा मूल्य 85 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहा। वहीं, न्यूनतम मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज किया गया। इन आंकड़ों से पता चलता है कि सरकार के हस्तक्षेप से कीमतों में स्थिरता बनी हुई है। सरकार ने थोक उपयोगकताओं और डीलरों के लिए स्टॉक होल्डिंग नियमों को भी सख्त किया था। इन कदमों का उद्देश्य बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना था।

**क्या हैं चीनी की मौजूदा कीमतें?**

सोमवार को अखिल भारतीय औसत खुदरा चीनी मूल्य 59.57 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। यह पिछले दिन के 58.99 रुपये प्रति किलोग्राम से थोड़ा बढ़ा है। चीनी की कीमतें शुक्रवार को 60 रुपये प्रति किलोग्राम से नीचे आ गई थीं। इसके बाद पिछले तीन दिनों में इनमें और कमी आई है। उपभोक्ता मामले मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। 21 अगस्त को जब केंद्र ने चीनी आयात की अनुमति दी थी, तब औसत खुदरा मूल्य 58.23 रुपये प्रति किलोग्राम था। मौजूदा मूल्य उस स्तर से अधिक है। अधिकतम खुदरा मूल्य 85 रुपये प्रति किलोग्राम पर बना हुआ है। वहीं, न्यूनतम खुदरा मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज किया गया। यह दशार्ता है कि कीमतों में एक निश्चित सीमा बनी हुई है।

**राज्यों में कीमतों का क्या हाल है?**

दक्षिणी राज्यों में खुदरा कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में कीमतें बढ़ीं। वहीं, तमिलनाडु और केरल में मामूली गिरावट दर्ज की गई। आंध्र प्रदेश में सोमवार को औसत खुदरा मूल्य बढ़कर 55.56 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। यह 21 अगस्त को 49.58 रुपये प्रति किलोग्राम था। केरल में भी इसी अवधि में मूल्य 56.75 रुपये से बढ़कर 57.8 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया।




## अजीत अगरकर की कुर्सी बचेगी या जाएगी?: बीसीसीआई से तनातनी!

### 48 घंटे में तय हो सकता है मुख्य चयनकर्ता का भविष्य

**एजेंसी न्यूज**

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर के भविष्य को लेकर अब जल्द तस्वीर साफ हो सकती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 48 घंटे में अगरकर और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पदाधिकारियों के बीच उनके कार्यकाल के विस्तार को लेकर अहम चर्चा होनी है। इस बैठक के बाद तय हो सकता है कि अगरकर को चयन समिति के प्रमुख के तौर पर आगे भी जिम्मेदारी मिलेगी या फिर बोर्ड नए विकल्प की तलाश करेगा।

'स्पोर्टस्टार' की रिपोर्ट के मुताबिक, अगरकर और बीसीसीआई के पदाधिकारी अगले दो दिनों में बातचीत करेंगे। इस दौरान उनके कार्यकाल के विस्तार को लेकर आगे की रणनीति पर चर्चा हो सकती है। रिपोर्ट में एक बीसीसीआई पदाधिकारी के हवाले से कहा गया है कि दोनों पक्ष



फिलहाल विस्तार को लेकर सकारात्मक रुख रखते हैं और कुछ शुरूआती दिक्कतों को जल्द सुलझाने की उम्मीद है। हालांकि, इसी रिपोर्ट में पिछले दो महीनों से बीसीसीआई के पदाधिकारियों और चयन समिति के बीच तनातनी चलने का भी दावा किया गया है। अगरकर का तीन सितंबर को हुई बीसीसीआई की प्रदर्शन समीक्षा बैठक में शामिल नहीं होना भी चर्चा का विषय बना था।

अगरकर को चार जुलाई 2023 को बीसीसीआई का मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किया गया था। उनका शुरूआती कार्यकाल जून 2026 में खत्म होना था, लेकिन बोर्ड ने उन्हें कुछ महीने का विस्तार दिया था। अब उनका मौजूदा कार्यकाल चार अक्तूबर को समाप्त होना है। अगरकर एक साल के विस्तार के लिए पात्र हैं। हालांकि, बीसीसीआई ने अभी तक उनके भविष्य को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है।

अगरकर के कार्यकाल में भारतीय टीम ने 2024 और 2026 टी20 विश्व कप के अलावा 2025 चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब भी जीता। इसी दौरान विराट कोहली, रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अलग-अलग प्रारूपों से संन्यास लिया। वहीं, रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को ही अलविदा कह दिया था। इतना ही नहीं, 2026 में टी20 विश्वकप जिताने वाले कप्तान सूर्यकुमार यादव को टूनार्मेंट के बाद टीम से बाहर कर दिया गया। रोहित से वनडे की कप्तानी छीन ली गई।

अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति की अगली अहम बैठक 16 सितंबर को होनी है।







## दूसरे टी20 से पहले भारत को लगा झटका: वरुण चक्रवर्ती अफगानिस्तान सीरीज से बाहर

**एजेंसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज का दूसरा मुकाबला मंगलवार को नई दिल्ली में खेला जाना है। इससे पहले ही टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती चोटिल हो गए हैं। वरुण इस कारण तीनों मैचों की इस सीरीज से बाहर हो गए हैं। वरुण रविवार को खेले गए पहले टी20 मैच में भारतीय प्लेइंग-11 का हिस्सा थे।

**एशियाई खेलों में हिस्सा लेना मुश्किल**

वरुण इस महीने होने वाले एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं, लेकिन अब चोटिल होने के कारण उनका एशियाड में हिस्सा लेना मुश्किल हो गया है। वरुण को इससे




पहले जुलाई में भारत के इंग्लैंड दौरे के दौरान हैम्स्ट्रिंग चोट लगी थी और वह हाल ही में इससे उबर कर वापसी करने में सफल हुए थे। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में वरुण ने चार ओवर में 16 रन देकर एक विकेट लिया था।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने बताया कि वरुण को ताजा चोट लगी है और वह सीरीज से बाहर हो गए हैं। खिलाड़ियों की लगातार चोट से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) का चोट प्रबंधन सवालों के घेरे में है और वरुण अब नया उदाहरण बन गए हैं।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।